# देशबन्धु

वर्ष –10 । अंक–205 । सागर, शुक्रवार 12 सितम्बर 2025 । पृष्ठ–8 । मूल्य – 2.00 रुपए



बड़ा हादसा: सोयाबीन के तेल से भरा टैंकर ट्रांसफार्मर से टकराया पृष्ठ 3

केंद्र की सत्ता पर संघ का वर्चस्व ! / नेपाल में पुरानी व्यवस्था के विरुद्ध जेनरेशन जेड की सम्पूर्ण क्रांति पृष्ठ 4

जतारा निवासी युवक की मौत मामले में मऊरानीपुर में प्रदर्शन पृष्ठ 6

दमोह जिले में 160 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को स्कूटी मिली पृष्ठ 7


## सार-समाचार

### सोनिया पर मुकदमा दर्ज करने की याचिका खारिज

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली की एक अदालत ने कांग्रेस नेता सोनिया गांधी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग वाली एक याचिका गुरुवार खारिज कर दी। यह याचिका श्रीमती गांधी के कथित तौर पर भारत की नागरिकता लेने से करीब तीन साल पहले यहां की मतदाता सूची में नाम शामिल होने का आरोप से संबंधित है। इसमें उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज करने का निर्देश देने की गुहार लगाई गई थी। राउज एवेन्यू स्थित अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट वैभव चौरसिया ने आदेश पारित करते हुए याचिकाकर्ता के अधिवक्ता से कहा, हमने शिकायत खारिज कर दी है।

### पुलिस ने आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया, 5 गिरफ्तार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने पाकिस्तान से संचालित आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है। इस संयुक्त अभियान में झारखंड, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र की पुलिस भी शामिल थी। पुलिस ने पांच लोगों को गिरफ्तार किया है जो भारत में इस्लामिक स्टेट स्थापित करने की साजिश रच रहे थे। आरोपी गजवा-ए-हिंद के बैनर तले एक हिंसक जिहाद शुरू करने की साजिश रच रहे थे। उनका पहला कदम जमीन पर कब्जा कर वहां आतंकी प्रशिक्षण केंद्र स्थापित करना था। गिरफ्तार किए गए लोगों में से कोई भी पाकिस्तान नहीं गया, लेकिन वे पाकिस्तान में बैठे हैंडलर्स के संपर्क में थे, जो उन्हें लगातार निर्देश दे रहे थे।

### राउत के बयान पर संजय निरुपम ने दर्ज कराई शिकायत

**मुंबई, एजेंसी।** शिवसेना प्रवक्ता संजय निरुपम ने शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत पर तीखा हमला किया। उन्होंने कहा कि नेपाल में हिंसा के बाद, संजय राउत ने लगातार ट्वीट पोस्ट किए और बयान दिए हैं, जो स्पष्ट रूप से संकेत देते हैं कि वह भारत में हिंसा भड़काना चाहते हैं, जैसा कि नेपाल में हुआ था। उन्होंने राउत के खिलाफ वर्सोवा पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई।

### मुझे निजी तौर पर विरोध करना होता तो मैं वाराणसी में होता: अजय राय

लखनऊ। उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय को लखनऊ में पुलिस द्वारा हाउस अरेस्ट कर लिया गया। यह कार्रवाई तब हुई जब कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वाराणसी दौरे के खिलाफ विरोध प्रदर्शन की योजना बनाई थी। कांग्रेस का दावा है कि यह विरोध कथित वोट चोरी के मुद्दे पर था, जिसे लेकर पार्टी केंद्र और राज्य सरकार पर लगातार हमलावर रही है। अजय राय ने कहा कि जो लड़ाई हमारे नेता राहुल गांधी ने शुरू की, उसे कोई रोक नहीं पाएगा। पुलिस भेजकर हमें रोकना, कार्यकर्ताओं की आवाज दबाना, यह ठीक नहीं है। उन्होंने कहा कि पुलिस कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं की आवाज दबाने की कोशिश कर रही है, लेकिन हर पार्टी कार्यकर्ता इसका जवाब देगा।

### नाम के आगे डॉक्टर नहीं लगा सकेंगे फिजियोथेरेपिस्ट

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** सरकार ने फिजियोथेरेपिस्ट्स को डॉ. लिखने से जुड़ा आदेश फिलहाल वापस ले लिया है, 9 सितम्बर 2025 को जारी किए गए निर्देश में कहा गया था कि भारत में फिजियोथेरेपिस्ट अपने नाम के आगे डॉ. और अंत में पीटी का प्रयोग कर सकते हैं। लेकिन इस फैसले पर कई पक्षों की आपत्तियां और सुझाव सामने आने के बाद स्वास्थ्य मंत्रालय ने इसे रोक दिया है। मंत्रालय की ओर से जारी ताजा पत्र में कहा गया है कि इस मुद्दे पर और गहराई से विचार और चर्चा की आवश्यकता है। इसलिए पहले वाला आदेश अब वापस ले लिया गया है और दोबारा समीक्षा के बाद ही अंतिम निर्णय लिया जाएगा। इसका सीधा मतलब है कि फिलहाल फिजियोथेरेपिस्ट अपने नाम के साथ डॉ. का प्रयोग नहीं कर पाएंगे, जब तक कि सरकार इस पर अंतिम फैसला नहीं ले लेती।


### निरुपम ने दर्ज कराई शिकायत

**मुंबई, एजेंसी।** शिवसेना प्रवक्ता संजय निरुपम ने शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत पर तीखा हमला किया। उन्होंने कहा कि नेपाल में हिंसा के बाद, संजय राउत ने लगातार ट्वीट पोस्ट किए और बयान दिए हैं, जो स्पष्ट रूप से संकेत देते हैं कि वह भारत में हिंसा भड़काना चाहते हैं, जैसा कि नेपाल में हुआ था। उन्होंने राउत के खिलाफ वर्सोवा पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई।


वाराणसी में मॉरीशस के प्रधानमंत्री के साथ की संयुक्त प्रेस वार्ता, मोदी ने कहा-

## भारत और मॉरीशस सिर्फ पार्टनर नहीं, एक परिवार है



**वाराणसी, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भारत और मॉरीशस सिर्फ पार्टनर नहीं, बल्कि एक परिवार हैं। ये दो अलग-अलग राष्ट्र हैं, लेकिन हमारे सपने और नियति एक हैं। पीएम मोदी वाराणसी में मॉरीशस के प्रधानमंत्री नवीनचंद्र रामगुलाम के साथ संयुक्त प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि मार्च में मॉरीशस के राष्ट्रीय दिवस समारोह में शामिल होने का सौभाग्य मिला था। उस अवसर पर हमने अपने संबंधों को एक उन्नत रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक बढ़ाया। अब हमने अपने द्विपक्षीय सहयोग के सभी पहलुओं की व्यापक समीक्षा की और क्षेत्रीय व वैश्विक मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान भी किया। संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, मॉरीशस, भारत की 'नेबरहुड फर्स्ट ' नीति और 'विजन महासागर' का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है। हमेशा मॉरीशस की संप्रभुता की पूर्ण मान्यता का समर्थन किया है। इसमें भारत, मॉरीशस के साथ दृढ़ता से साथ खड़ा रहा है। उन्होंने कहा कि मॉरीशस के विकास में एक विश्वसनीय और प्राथमिक साझेदार होना भारत के लिए गर्व की बात है।

### साझेदारी को नए पायदान पर ले जाएंगे

यह इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत करेगा, रोजगार के नए अवसर पैदा करेगा और स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करेगा। अपने संबोधन में पीएम मोदी ने कहा, पिछले साल मॉरीशस में यूपीआई और रूपे कार्ड की शुरुआत हुई। अब हम लोकल करेंसी में व्यापार को सक्षम करने की दिशा में काम करेंगे। प्रधानमंत्री ने यह भी बताया कि भारत के आईआईटी मद्रास और इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ प्लांटेशन मैनेजमेंट ने यूनिवर्सिटी ऑफ मॉरीशस के साथ समझौते संपन्न किए हैं। ये समझौते रिसर्च, शिक्षा और इनोवेशन में आपसी साझेदारी को नए पायदान पर ले जाएंगे।

विधायक मेहराज की गिरफ्तारी का चौथा दिन

## डोडा में तनाव, इंटरनेट और मोबाइल सेवाएं बंद

### 14 सितंबर तक स्कूल बंद



**जम्मू, देशबन्धु।** डोडा के मौजूदा विधायक मेहराज मलिक की पीएसए के तहत गिरफ्तारी का चौथा दिन है, डोडा जिले के बड़े हिस्से में पाबंदियां भी जारी हैं। इन पाबंदियों के कारण रोजमर्रा की जिंदगी में भारी व्यवधान आ गया है क्योंकि डोडा प्रशासन ने पूरे जिले में धारा 163 लागू कर रखी है। पिछले तीन दिनों से इंटरनेट सेवाएं बंद हैं, जबकि भलेसा, कहारा और चिल्ली पिंगल में मोबाइल कनेक्टिविटी दो दिनों से बंद है। एसएसबी, सीआरपीएफ़ और सीआईएसएफ सहित पुलिस और अर्धसैनिक बलों को कई जगहों पर भारी संख्या में तैनात किया गया है। अधिकारियों ने डोडा में 14 सितंबर तक स्कूल बंद रखने का आदेश दिया है। स्थानीय लोग राशन, पेयजल और अन्य आवश्यक वस्तुओं की भारी कमी की शिकायत कर रहे हैं। ठाठरी, गंडोह भलेसा, चिल्ली पिंगल और कहारा में पिछले तीन दिनों से बिजली आपूर्ति भी बाधित है, जिससे संकट और गहरा गया है। नतीजतन प्रतिबंधों और बिजली कटौती से स्थानीय लोग परेशान हैं, क्योंकि जिले में सामान्य जनजीवन अभी भी ठप्प पड़ा हुआ है। चिनाब घाटी के डोडा विधानसभा क्षेत्र से आम आदमी पार्टी के एकमात्र विधायक मलिक को सोमवार (8 सितंबर) को डोडा के जिला मजिस्ट्रेट (डीएम) हरविंदर सिंह ने विधायक द्वारा जिले में एक डायलिपिडेटेड हेल्थ सेंटर को एक निजी भवन में शिफ्ट करने के विवाद में जन सुरक्षा अधिनियम (पीएसए) के तहत गिरफ्तार कर लिया था।

### संजय सिंह समेत कई नेताओं को हिरासत में लिया

जम्मू। आम आदमी पार्टी (आप) ने जम्मू कश्मीर में अपने नेता और एकमात्र विधायक मेहराज मलिक की गिरफ्तारी के खिलाफ श्रीनगर में आयोजित होने वाले विरोध प्रदर्शन और प्रेस कांफ्रेंस से पहले कहा है कि उन्हें शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन और प्रेस कांफ्रेंस करने से रोका गया है। खबरों के मुताबिक, आप के राज्यसभा सांसद संजय सिंह, विधायक इमरान हुसैन और अन्य पदाधिकारियों के साथ श्रीनगर के चर्च लेन स्थित सरकारी गेस्टहाउस में हिरासत में लिए गए हैं। चर्च लेन एक सुरक्षित आवासीय क्षेत्र है, जहां सुरक्षाकर्मियों की तैनाती रहती है। सांसद संजय सिंह ने एक वीडियो में कहा कि वे लोकतांत्रिक अधिकारों के तहत मेहराज मलिक की गिरफ्तारी के खिलाफ आवाज उठाने श्रीनगर आए थे, लेकिन प्रशासन ने उन्हें इसकी अनुमति नहीं दी। इधर नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकॉ) के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला आप सांसद संजय सिंह से मिलने पहुंचे हैं।

## पूरे परिवार का कत्ल कर घर में ही दफना दी लाशें

**रायगढ़, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले से सनसनीखेज खबर सामने आ रही है, यहां अज्ञात लोगों ने एक ही परिवार के चार लोगों की कथित तौर पर कुल्हाड़ी से प्रहार कर हत्या कर दी। आरोपियों ने पति-पत्नी, बेटा-बेटी सबको मार दिया। उन्होंने पांच साल की बच्ची को भी नहीं छोड़ा, पूरे परिवार के कत्ल की शबर से इलाके के लोग दहशत में है। पुलिस अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि घटना खरसिया थाना क्षेत्र के गांव ठुसुकेला की है और मृतकों की पहचान बुधराम उरांव (45), उनकी पत्नी सहोदरा उरांव (40), बेटा अरविंद उरांव (12) ओर बेटी शिवांगी उरांव (पांच) के रूप में हुई है।

स्कूटी पाकर खिल उठे विद्यार्थियों के चेहरे, मुख्यमंत्री बोले

## विद्यार्थी राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा और योग्यता करें स्थापित

- प्रदेश के प्रतिभाशाली 7832 विद्यार्थियों को वितरित की स्कूटी
- 20 लाख से अधिक बालिकाओं को 61.12 करोड़ से अधिक राशि की अंतरित



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज 12वीं बोर्ड परीक्षा में स्कूल के टॉपर रहे बच्चों को स्कूटी प्रदान की। डॉ. यादव के हाथों स्कूटी की चाबी पाकर विद्यार्थियों के चेहरे खिल उठे। डॉ. यादव ने कहा है कि प्रदेश के विद्यार्थियों को स्कूटी, लैपटॉप, साइकिल, कॉपी-किताबें सहित अनेक सौगातें मिल रही हैं। उन्होंने कहा कि स्कूल शिक्षा विभाग के माध्यम से 12वीं बोर्ड परीक्षा में स्कूल के टॉपर रहे बच्चों को आज स्कूटी प्रदान की गई। यह प्रतिभावान विद्यार्थियों को गति से आगे बढ़ने के लिए उपलब्ध कराया गया साधन है।

डॉ. यादव ने कहा कि हम स्कूटी से आगे बढ़ इन विद्यार्थियों को मंत्री और अधिकारी के रूप में सेवा करते हुए देखना चाहते हैं। डॉ. यादव कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को नि:शुल्क स्कूटी वितरण और 20 लाख से अधिक बालिकाओं को सैनिटेशन एवं हाइजीन के लिए 61 करोड़ से अधिक की राशि अंतरण कार्यक्रम को बोल रहे थे। डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी स्वदेशी और आत्मनिर्भर भारत बनाने के लिए संकल्पित हैं। डॉ. यादव ने विद्यार्थियों को स्वयं पर विश्वास रखने और उन्नति के लिए निरंतर प्रयत्नशील और संघर्षशील बने रहने के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में शासकीय स्कूलों की स्थिति में निरंतर सुधार हो रहा है। राज्य सरकार बच्चों के लिए सभी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्हें श्रेष्ठतम शैक्षणिक सुविधाएं और अनुभव देने के उद्देश्य से ही प्रदेश में सांदीपनि विद्यालय की स्थापना हो रही है। कार्यक्रम को खेल एवं सहकारिता मंत्री विश्वास कैलाश सारंग और जनजातीय कार्य मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर महापौर भोपाल श्रीमती मालती राय, जिलाध्यक्ष रवींद्र यति, स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारी तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं एवं उनके अभिभावकगण उपस्थित थे। कार्यक्रम से सभी जिले वर्चुअली जुड़े। डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार ने पिछले 15 साल में 1300 करोड़ रूपए से 5 लाख से अधिक विद्यार्थियों को लैपटॉप वितरित किए। लगभग 3 हजार करोड़ रूपए से 1 करोड़ से अधिक साइकिलें प्रदेश में वितरित की गईं। वहीं, स्कूलों के टॉपर विद्यार्थियों को 250 करोड़ की राशि से अब तक 23 हजार से अधिक विद्यार्थियों को स्कूटी दी जा चुकी है। बदलते दौर में प्रदेश के युवा नौकरी करने वाले नहीं, नौकरी देने वाले बने इसके लिए राज्य सरकार औद्योगीकरण का अभियान चला रही है।

### 10 विद्यार्थियों को प्रतीक स्वरूप भेंट की स्कूटी की चाबी

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यक्रम में प्रतीक स्वरूप विद्यार्थी प्रांजल कुशवाह, कोमल पाठक, मेहंदी हसन, ऋषिका बागोरिया, राज गोंड, हर्षिता, अभिषेक गुप्ता, यासमीन, रोहित अहिरवार और पलक भिलाला को स्कूटी की चाबी भेंट की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यक्रम में समग्र शिक्षा की सेनिटेशन एवं हाईजीन योजना अंतर्गत वर्ष 2025 में कक्षा 7वीं से 12वीं की 20 लाख 37 हजार 439 बालिकाओं को लगभग 61 करोड़ की राशि सिंगल क्लिक से उनके बैंक खातों में अंतरित की।

अकोला सांप्रदायिक हिंसा मामले में सुप्रीम कोर्ट सख्त

## पुलिसकर्मी जाति-धर्म से ऊपर उठकर काम करें

- हिंदू-मुस्लिम अफसरों को मिलाकर एसआईटी बनाए



**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र के अकोला में 2023 में हुई सांप्रदायिक हिंसा की जांच में लापरवाही और निष्क्रियता को लेकर महाराष्ट्र पुलिस पर गंभीर सवाल उठाए हैं। कोर्ट ने इस मामले की निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करने के लिए एक विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित करने का आदेश दिया है। यह फैसला उस याचिका पर आया है, जिसमें मई 2023 के दंगों की जांच में पुलिस की लापरवाही और पक्षपातपूर्ण रवैये की शिकायत की गई थी। याचिकाकर्ताओं ने दोषी पुलिस अधिकारियों के खिलाफ सिविल और आपराधिक कार्रवाई की मांग की थी।

सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र के गृह सचिव को निर्देश दिया है कि वे हिंदू और मुस्लिम दोनों समुदायों के वरिष्ठ और निष्पक्ष अधिकारियों की एक एसआईटी टीम बनाएं। कोर्ट ने साफ कहा कि पुलिस की वर्दी पहनने के बाद हर अधिकारी को धर्म, जाति या किसी भी तरह के पूर्वाग्रह से ऊपर उठकर कर्तव्य निभाना चाहिए। न्यायालय ने जोर देकर कहा कि कानून के मुताबिक हर मामले में निष्पक्षता और जवाबदेही जरूरी है। अकोला में मई 2023 में हुई हिंसा के बाद से इस घटना की जांच को लेकर कई सवाल उठ रहे थे। याचिका में दावा किया गया कि पुलिस ने हिंसा की सही जांच नहीं की और कुछ अधिकारियों ने पक्षपात किया। इस पर कोर्ट ने कड़ी टिप्पणी करते हुए कहा कि ऐसी घटनाओं में पुलिस की भूमिका बेहद संवेदनशील होती है और किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जा सकती। एसआईटी के गठन के आदेश के साथ कोर्ट ने राज्य सरकार से जल्द से जल्द टीम बनाकर जांच शुरू करने को कहा है। साथ ही, जांच की प्रगति पर नियमित रिपोर्ट पेश करने का निर्देश भी दिया गया है।

### राष्ट्रपति संदर्भ पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला सुरक्षित

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रपति और राज्यपाल द्वारा विधेयकों को मंजूरी देने की समय-सीमा निर्धारित करने के विवाद से जुड़े राष्ट्रपति के संदर्भ पर सुनवाई पूरी होने के बाद गुरुवार को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। मुख्य न्यायाधीश बी आर गवई और न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्य कांत, न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति ए एस चंदुरकर की संविधान पीठ ने संबंधित पक्षों की दलीलें 10 दिनों तक सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया। राष्ट्रपति संदर्भ में संविधान के अनुच्छेद 200/201 के तहत राष्ट्रपति और राज्यपाल द्वारा विधेयकों को मंजूरी देने की समय-सीमा से संबंधित प्रश्न उठाए गए थे।

## जिला अस्पताल से कुख्यात कैदी फरार, 4 पुलिसकर्मी निलंबित



**छतरपुर, देशबन्धु।** बुधवार-गुरुवार की दरम्यानी रात जिला अस्पताल के कैदी वार्ड से कुख्यात अपराधी रविन्द्र सिंह परिहार पुलिस को चकमा देकर एक रायफल लेकर फरार हो गया है। इसके बाद पुलिस अलर्ट पर आ गई है। घटना के समय ड्यूटी पर तैनात चारों पुलिसकर्मी सो रहे थे, उन्हें पुलिस अधीक्षक अगम जैन ने निलंबित कर दिया है। ये मामला छतरपुर के ओरछा रोड थाना क्षेत्र के ग्राम देरी का है। इस गांव का कुख्यात हिस्ट्रीशीटर बदमाश रविन्द्र सिंह परिहार कई आपराधिक वारदातों और पुलिस पर हमला करने के मामले में जेल में बंद था। 18 नवंबर 2024 को पुलिस से मुठभेड़ में उसके दाहिने पैर में गोली लगी थी, जिसके घाव के इलाज के लिए उसे कोर्ट के आदेश पर 9 सितंबर को जिला अस्पताल के कैदी वार्ड में भर्ती किया गया था। जहां इलाज के दौरान देर रात रविन्द्र मौका पाकर बड़ी चालाकी से पहले अपने पास छुपाकर रखे एक मोबाइल से किसी से बात की, उसके बाद कैदी वार्ड के गेट पर बाहर से ताला लटकाकर फरार हो गया। जाते-जाते वह अपने साथ पुलिस की एक रायफल भी ले गया है। ये खबर फैलते ही अस्पताल परिसर में अफरा-तफरी मच गई। वहां मौजूद मरीज और स्टाफ दहशत में आ गए। रात में ही छतरपुर के तीनों थानों की पुलिस के साथ पुलिस अधीक्षक अगम जैन जिला अस्पताल पहुंच गए। उस समय कैदी वार्ड में डयूटी पर तैनात चारों पुलिस कर्मचारी सोते मिले। इसे गंभीरता से लेकर पुलिस अधीक्षक अगम जैन ने पुलिस कर्मी पंकज तिवारी, राकेश अहिरवार, शिवम शर्मा और हरिश्चंद्र अहिरवार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। फरार आरोपी पर पुलिस अधीक्षक ने 10 हजार रुपए का इनाम घोषित कर दिया है।

छत्तीसगढ़ में सुरक्षाबलों को बड़ी सफलता

## 1 करोड़ के इनामी समेत 10 नक्सली ढेर

**रायपुर, देशबन्धु।** छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई, जिसमें 10 नक्सलियों को ढेर कर दिया गया है। इस एनकाउंटर में एक करोड़ का इनामी नक्सली सीसी मेंबर बालकृष्णा भी मारा गया है। एसपी निखिल राखेचा ने इसकी पुष्टि की है। रायपुर रेंज के आईजी अमरेश मिश्रा ने बताया कि गरियाबंद में सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ जारी है और रुक-रुक कर गोलीबारी हो रही है। कुछ नक्सलियों के मारे जाने की संभावना है। सूत्रों के मुताबिक मारे गए नक्सलियों में सीसी सदस्य मनोज उर्फ मॉडेम बालकृष्ण को भी ढेर कर दिया गया है, जो संगठन का बड़ा चेहरा माना जाता था। सुरक्षा बलों की इस कार्रवाई को नक्सल विरोधी अभियान में बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। वहीं छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले में 16 नक्सलियों ने सरेंडर कर दिया। इन नक्सलियों ने वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के सामने आत्मसमर्पण किया। नारायणपुर के पुलिस अधीक्षक रॉबिन्सन गुरिया ने बताया कि सभी 16 नक्सली निचले स्तर के कैडर थे और जनताना सरकार, चेतना नाट्य मंडली और माओवादियों की पंचायत मिलिशिया के सदस्यों सहित विभिन्न इकाइयों से जुड़े थे।

कश्मीर से दिल्ली के लिए पार्सल ट्रेन कल से रोजाना चलेगी

## कश्मीर का ताजा सेब अब दिल्ली में मिलेगा

- सेब उत्पादकों को मिलेगी बड़ी राहत

सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू, देशबन्धु।** अब दिल्ली वालों को भी कश्मीर के ताजा सेब खाने को मिलेंगे। रेलवे इसके लिए एक दैनिक पार्सल ट्रेन सेवा शुरू कर रहा है। केंद्रीय रेल मंत्री ने गुरुवार को कहा कि रेलवे कश्मीर घाटी से दिल्ली के लिए सेब ले जाने वाली एक दैनिक पार्सल ट्रेन सेवा शुरू करेगा। यह सेवा 13 सितंबर से शुरू होगी। एक्स पर एक पोस्ट में, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि आज बडगाम से दिल्ली के लिए सेब ले जाने वाली दो पार्सल वैन चलाई गईं। कश्मीर के फल उत्पादकों को एक बड़ी राहत देते हुए, मंत्री ने कहा कि यह सेवा अब शनिवार से रोजाना शुरू की जाएगी। उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया कि जम्मू-श्रीनगर लाइन चालू होने से कश्मीर घाटी में बेहतर कनेक्टिविटी होगी। रेलवे 13 सितंबर 2025 से कश्मीर घाटी के बडगाम से दिल्ली के आदर्श नगर स्टेशन तक एक दैनिक समय-सारिणी वाली पार्सल ट्रेन शुरू कर रहा है। उन्होंने आगे बताया कि बडगाम से दिल्ली के लिए सेब ले जाने वाली दो पार्सल वैन की लोडिंग आज शुरू हो गई। इस बीच,



जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने प्रधानमंत्री मोदी और रेल मंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सेवा सेब उत्पादकों को बड़ी राहत देगी। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि बडगाम से नई दिल्ली के लिए दैनिक पार्सल ट्रेन सेब उत्पादकों को बड़ी राहत देगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी और केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के प्रति मेरी हार्दिक कृतज्ञता। जबकि मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा कि रेल मंत्रालय के अधिकारियों और मेरे सचिवालय के अधिकारियों के बीच जम्मू कश्मीर कृषि उत्पादन विभाग से मिली जानकारी के साथ लगभग एक हफ्ते के गहन समन्वय के बाद, अब हमारे फलों को ट्रेन से पहुंचाया जा रहा है। राष्ट्रीय राजमार्ग की समस्या के कारण, यह उन उत्पादकों के लिए बड़ी राहत का स्रोत बन गया है जिनकी उपज बाजार तक न पहुंच पाने के कारण सड़ने का खतरा था।

## सार-समाचार

### संगीतमय श्रीमद भागवत महापुराण कथा में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव मनाया



**गौरझामर, देशबन्धु।** ग्राम सर्रा पड़रई में चल रही संगीतमय श्रीमद भागवत महापुराण कथा सामूहिक ज्ञान यज्ञ के चौथे दिन भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव मनाया गया। कथा व्यास पं. रामस्वरूप शास्त्री के मुखारविन्द से सुनाई जा रही है। पं. रामस्वरूप शास्त्री ने दशम स्कन्ध के तृतीय अध्याय में कृष्ण जन्म पर कथा कही। उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण के जन्म की कथा को विस्तार से सुनाया और श्रोताओं को भक्ति और अध्यात्म के मार्ग पर चलने के लिये प्रेरित किया। आसपास के ग्रामीणों अंचलों से लोग बड़ी जनसंख्या में पहुंच रहे हैं। संगीतमय कथा को सुनने का बहुत उत्साह देखाई दिया।

### पांच दिन के कठिन तपस्चर्या के उपरांत मुनिश्री निश्कंप सागर की आहारचर्या हुई



**खुरई, देशबन्धु।** मुनिश्री निश्कंपसागर की पांच दिन की कठिन तपस्चर्या के उपरांत आहारचर्या प्रमोद बड़कुल परिवार के यहां संपन्न हुई। मुनिश्री को आहार दान देने वालों का सैलाब उमड़ पड़ा। नगर सहित दूरस्थ अंचल से आये सैकड़ों श्रद्धालुओं ने एक-एक ग्रास आहार देकर अपने जीवन को धन्य किया। मुनिश्री की निर्विघ्न आहारचर्या संपन्न कराने के लिये मुनिश्री निश्काम सागर ने सहयोग प्रदान किया। आहारचर्या संपन्न होने के उपरांत गाजे-बाजों के साथ सैकड़ों श्रद्धालु मुनिश्री को मंदिर में छोड़ने पहुंचे। पणगाहन एवं आहार दान देने का सौभाग्य प्राप्त करने वाले प्रमोद बड़कुल परिवार ने आनंदधाम में बन रहे सहस्त्रकूट जिनालय में एक शिखर बनाने का संकल्प लिया। अशोक शाकाहार ने बताया कि इसके पूर्व भी लगातार दस वर्षों से संपूर्ण बड़कुल परिवार आनंदधाम मंदिर के निर्माण में सहयोग प्रदान कर रहा है।

### खोवा विक्रेताओं का किया निरीक्षण



**दमोह, देशबन्धु।** हटा एसडीएम राकेश सिंह मरकाम के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत खाद्य सुरक्षा जांच दल द्वारा हटा ब्लॉक के ग्राम मडियादो स्थित विभिन्न खोवा विक्रेताओं की निरीक्षण कार्यवाही करते हुये खोवा की जांच की गई। कार्यवाही में मडियादो में पुराना थाना स्थित वृंदावन यादव फुटकर खोवा विक्रेता का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मौके पर संग्रहित खोवा के नमूनें जांच हेतु लिये। नमूनों को जांच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल भेजा गया। 7 किलो दूषित खोवा बाजार मूल्य 1820 रुपये संग्रहित पाये जाने पर मौके पर विनष्टीकरण किया गया। खोवा की गुणवत्ता की जांच मैजिक बॉक्स से की गई। सभी खोवा विक्रेताओं को किसी भी प्रकार की दूषित एवं असुरक्षित खोवा का भंडारण एवं विक्रय नहीं करने के निर्देश दिये।

### वन विभाग एवं पुलिस ने आपे वाहन में पकड़ी चोरी की गई चेनकिक जाली



**बांदरी, देशबन्धु।** वन विभाग बांदरी ने वृक्षारोपण क्षेत्र से चोरी गई तार चेनलिंक जाली को अपे वाहन सहित पकड़कर बांदरी थाने के सुपुर्द कर दी। बांदरी रेंजर लखन सिंह ठाकुर ने बताया कि पिछले दिनों वन परिक्षेत्र बांदरी की वीट चन्द्रापुर अंतर्गत वृक्षारोपण क्षेत्र की चेनलिंक जाली अज्ञात चोरो द्वारा चोरी कर ली गई थी। जिसकी तलाश बांदरी पुलिस की मदद से लगातार जारी थी और जाली पता करने के लिए वनपाल राहुल यादव अपने स्टाफ सहित एवं मुखबिर सक्रिय थे। 9 सितम्बर की शाम को जैसे ही मुखबिर ने सूचना दी कि एक आपे वाहन में चेनलिंक जाली जा रही है तो पुलिस एवं वन स्टाफ ने घेरा बंदी कर रोका आपे क्र. एमपी 15 एलए 4261 में जाली रखी पाई गई। वाहन में मौजूद शाहरूख पिता क्यासुदीन खान एवं रिहान खान पिता बादशाह खान निवासी खुरई ने बताया कि कबाड़े में यह जाली मगरा निवासी सत्यपाल पिता प्रधान लोधी, मगरा के यहां से खरीदी है। बांदरी पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज कर वाहन जप्त कर आरोपियो को हिरासत में लिया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी सुम्मेर सिंह, रेंजर लखन सिंह ठाकुर, प्रधान आरक्षक राजपूत, वनपाल राहुल यादव, अनिरूद्ध तिवारी, सुरेन्द्र सिंह, वनरक्षक अतुल तिवारी, नंदलाल यादव सहित अन्य वन स्टाफ मौजूद रहा।

# खाद टोकन के लिये किसानों ने तहसील का गेट तोड़ा

## सुबह 4 बजे से ही हजारों किसान लगे कतार में, हालात संभालने बुलानी पड़ी पुलिस

**बीना, देशबन्धु।** रवि सीजन की बुवाई के दौरान खाद की किल्लत से किसान परेशान हैं। जिले में 90 टन डीएपी खाद पहुंचने की सूचना पर गुरुवार तड़के से ही तहसील परिसर में किसानों की भीड़ जमा हो गई। एसडीएम ने बुधवार रात सूचना जारी की थी कि गुरुवार सुबह 9 बजे से खाद वितरण के टोकन बांटे जायेंगे। प्रति परिवार अधिकतम 5 बोरी खाद देने का निर्णय लिया गया था। सूचना के बाद पूरे ब्लॉक से किसान तहसील पहुंचे। सुबह 4 बजे से ही हजारों किसान लाइन में लग गये। भीड़ इतनी बढ़ गई कि व्यवस्था बिगड़ गई। प्रबंधन को किसानों को काबू करने के लिये पुलिस बुलानी पड़ी। किसानों के आक्रोश में तहसील का मुख्य



गेट टूट गया। पुलिस को भीड़ नियंत्रित करने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। दोपहर 12 बजे तक टोकन वितरण की व्यवस्था नहीं होने से किसान और नाराज हो गये। किसान नेता इंदर सिंह के हस्तक्षेप के बाद स्थिति सामान्य हुई। तहसील परिसर में 20 अलग-अलग काउंटर बनाकर टोकन वितरण की व्यवस्था की गई। प्रशासन ने बताया कि शुक्रवार से 90 टन डीएपी खाद का वितरण शुरू होगा। टोकन धारक किसानों को प्राथमिकता दी जायेगी। किसानों का कहना है कि हर साल बुवाई के समय खाद की कमी से परेशानी होती है। इससे छोटे किसान सबसे ज्यादा प्रभावित होते हैं। एसडीएम विजय डेहरिया ने आश्वासन दिया कि खाद की खेप लगातार आ रही है और जल्द ही सभी किसानों को पर्याप्त खाद उपलब्ध करा दिया जायेगा।

# अच्छे दामों में उपज बिकवाने का बोल किसानों से धोखाधड़ी

## 80 किसानों के खेत से ले गये गेहूं, पैसे मांगने पहुंचे किसान तो की गाली गलौज



**सागर, देशबन्धु।** रहली थाना क्षेत्र में अच्छे दामों में उपज बिकवाने का झांसा देकर किसानों से धोखाधड़ी की है। आरोपी किसानों के खेत पर पहुंचे और 81 क्विंटल से अधिक गेहूं ले गये। लेकिन बाद में न तो पैसा दे रहे हैं और न ही उपज, ऐसा करीब 80 किसानों के साथ हुआ है। मामले को लेकर किसानों ने रहली थाने में शिकायत की। शिकायत पर रहली पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच में लिया है। पुलिस के अनुसार फरियादी नंदकिशोर पटेल निवासी ग्राम जूना ने थाने में आकर शिकायत की। इसमें बताया कि रुपनारायण चढ़ार, कुंदनलाल चढ़ार, प्रताप चढ़ार निवासी जूना और काशीराम चढ़ार निवासी मूढरा गांव के लोगों से अनाज खरीदी का व्यापार करते थे। 25 मई की शाम वह चार मेरे खेत पर आये। मुझसे मेरे गेहूं अच्छे दामों पर बिकवाने का बोलकर 81 क्विंटल गेहूं ले गये। जिनकी कीमत 2,02,500 रुपये हैं। चारों लोगों ने मुझसे कहा कि 29 मई को आपके पैसे दे देंगे। उक्त दिनांक को मैं अपने अनाज के पैसे लेने के लिये गया तो रूपनारायण चढ़ार ने बाद में देने का बोला। इसके बाद फिर उसके पास गया। लेकिन उन्होंने न तो पैसे दिये और न गेहूं। इसी दौरान गांव में पता चला कि उक्त चारों लोगों ने गांव के उदयभान कुर्मी, आशीष जारोलिया, रामकृपाल कुर्मी, नंदकिशोर कुर्मी समेत कई किसानों के गेहूं ले जाकर पैसे नहीं दिये हैं। उन्हे भरोसे में लेकर कई किसानों से बेईमानी पूर्वक अनाज हड़पा है। पैसे मांगने जाओ तो गाली-गलौज करते हैं। मामले की शिकायत पर पुलिस ने रुपनारायण पिता कुंदलाल चढ़ार, प्रताप पिता कुंदनलाल चढ़ार, काशीराम चढ़ार और कुंदनलाल पिता खुमान चढ़ार के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच में लिया है।

### बिजली विभाग के कर्मचारी को लगा करंट, आधा घंटे तक बिजली रही गुल

**बीना, देशबन्धु।** बुधवार रात को बिजली विभाग के कर्मचारी को करंट लग गया। खुरई रोड पर एक ज्वेलर्स की दुकान के सामने लूज कनेक्शन की शिकायत मिली थी। शिकायत पर बिजली मिस्त्री कृष्णा विश्वकर्मा मौके पर पहुंचे। कृष्णा बिजली के खंभे पर चढ़कर सुधार कार्य पूरा करने के बाद जब वे नीचे उतर रहे थे, तभी एक लूज तार टूटकर दूसरे तार से टकरा गया। इससे तेज स्पार्किंग हुई और कृष्णा इसकी चपेट में आ गये। आसपास के लोग तुरंत मौके पर पहुंचे, उन्होंने कृष्णा को अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद डिस्चार्ज कर दिया, कृष्णा को मामूली चोटें आई। घटना की सूचना मिलते ही सहायक यंत्री बीएस तोमर अस्पताल पहुंचे, घायल कर्मचारी का हाल-चाल जाना। स्पार्किंग के कारण शहर में करीब आधे घंटे तक बिजली आपूर्ति बाधित रही। स्थानीय लोगों ने बताया कि खुरई रोड पर लूज कनेक्शन और टूटे तारों की समस्या आम है।

### इनक्यूबेशन सेंटर एवं वेगास ग्रुप द्वारा उत्कृष्ट स्टार्टअप छात्राओं का सम्मान



**सागर, देशबन्धु।** शास. स्वशासी कन्या स्नातकोत्तर उत्कृष्ट महाविद्यालय के इनक्यूबेशन सेंटर विभाग के तत्वाधान में छात्राओं को उद्यम एवं स्टार्टअप की ओर अग्रसर करने हेतु कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें वूमेन ग्रुप आफ अवेयरनेस सोसायटी वेगास द्वारा छात्राओं को उद्यम एवं उद्यमिता के विषय में प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वेगास ग्रुप की अध्यक्ष पूजा गोयल के द्वारा छात्राओं को स्टार्टअप करने के लिये प्रेरित किया एवं वेगास ग्रुप द्वारा आगामी मेले में छात्राओं को निःशुल्क स्टॉल उपलब्ध कराया जायेगा। जिससे छात्रायें उद्यम एवं स्टार्टअप करने की दिशा में अग्रसर हो सके। विशिष्ट अतिथि जनभागीदारी अध्यक्ष मनीषा विनय मिश्रा ने छात्राओं को उनके स्टार्टअप एवं उद्यम के लिये बधाई दी एवं शासन के द्वारा स्टार्टअप को मिलने वाली सुविधाओं के विषय में बताया। प्राचार्य डॉ. नवीन गिडियन ने छात्राओं को महाविद्यालय मे स्थापित इनक्यूबेशन सेंटर के द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं एवं मेंटरशिप के विषय में उल्लेख किया। महाविद्यालय में स्थापित इनक्यूबेशन सेंटर की नोडल प्रभारी डॉ. प्रतिमा खरे ने कहा कि महाविद्यालय में अलग-अलग स्ट्रीम में छात्रायें स्टार्टअप कर पैसे भी कमा रही हैं और महिला सशक्तिकरण की ओर बढ़ रही है। इनक्यूबेशन सेंटर के स्टार्टअप एक्सपर्ट शुभम दुबे ने बताया कि छात्राओं को स्टार्टअप उद्यम की दिशा में आगे बढ़ाकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है एवं कई प्लेटफार्म में इनक्यूबेशन सेंटर की स्टार्टअप छात्राओं को सम्मानित किया जा चुका है। इन्क्यूबेशन सेंटर की स्टार्टअप छात्राओं का जिन्होंने स्टार्टअप की दिशा में कार्य किया उनको शील्ड प्रदान करके सम्मानित किया गया।

### विवि में हिन्दी पखवाड़ा के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रमों में सहभागिता का आव्हान

**सागर, देशबन्धु।** डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय में राजभाषा के प्रगामी प्रयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कुलपति प्रो. वायएस ठाकुर के मार्गदर्शन से राजभाषा प्रकोष्ठ द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी भाषा पर्व राष्ट्रीय हिन्दी दिवस 14 सितम्बर पर विवि में 14 से 26 सितम्बर तक हिन्दी पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। हिन्दी पखवाड़ा के अंतर्गत विवि के विद्यार्थियों, शोधार्थियों, शिक्षकों, अधिकारियों, कर्मचारियों तथा केन्द्रीय विद्यालय क्र. 4 के छात्र-छात्राओं हेतु विभिन्न प्रतियोगिताओं एवं कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है जिसका विवरण विवि की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है। हिन्दी पखवाड़ा का शुभारंभ अखिल भारतीय स्तर पर 14 सितम्बर को अमित शाह, गृह एवं सहकारिता मंत्री, भारत सरकार की अध्यक्षता में गांधीनगर से किया जा रहा है। उक्त उद्घाटन कार्यक्रम का सीधा प्रसारण गौर समिति कक्ष, प्रशासनिक भवन में भी किया जा रहा है। कार्यक्रम के संयोजक संयुक्त कुलसचिव एवं हिन्दी अधिकारी संतोष सोहगौरा ने बताया कि हिन्दी पखवाड़ा के अंतर्गत भारतीय भाषाओं में अभिव्यक्ति, टिप्पण एवं प्रारूप लेखन प्रतियोगिता, काव्यांजलि का आयोजन किया जायेगा। पखवाड़ा के दौरान विजेता प्रतिभागियों को नगद पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र 26 सितम्बर को आयोजित विश्वविद्यालयीन राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 50 वीं तिमाही बैठक तथा पुरस्कार वितरण एवं समापन समारोह के दौरान प्रदान किये जायेगे।

# शहीद वन कर्मचारियों की याद में किया पौधारोपण



**सागर, देशबन्धु।** मप्र कर्मचारी मंच वन विभाग ने राष्ट्रीय वन शहीद दिवस के अवसर पर वन शहीदों के याद में सिरोजा सिद्ध बाबा क्षेत्र में पौधारोपण किया। जिसमें सहायक वन संरक्षक, एसडीओ, सामाजिक वानिकी ने कहा शहीद परिवार की याद में पौधारोपण कार्यक्रम एक पेड शहीद के नाम अच्छा आयोजन है जिसे हम आज शहीद दिवस पर उनको याद कर अपनी श्रद्धांजली अर्पित करते है। सेवानिवृत्त रेंजर भूपत सिंह मरकाम ने कहा एक पेड शहीद के नाम कार्यक्रम जनचेतना के स्वरूप में याद कर वन शहीद कर्मियों के बलिदानों को याद किया जायेगा। वन परिक्षेत्र अधिकारी लखन सिंह ठाकुर ने राष्ट्रीय वन शहीद दिवस के अवसर पर ने कहा कि शहीद परिवारों को विभाग की ओर से जो भी मदद होगी वह उनको दिलाई जायेगी और एक पेड शहीद के नाम कार्यक्रम को आगे बढाया जायेगा। वन कर्मचारी संघ अध्यक्ष दिलीप सिंह गौड ने कहा कि संगठन शहीद परिवारों के आर्थिक मदद एवं उनको अन्य सहायता भी दिलाने के लिये संघर्ष करेगा और एक पेड वन शहीद के नाम जिले भर में लगाये जायेंगे। कर्मचारी मंच के प्रांतीय महामंत्री राजू शील यादव ने कहा कि आज वन शहीदों को उनकी सहादत के लिये हम यहां एकत्रित हुये है जिसमें राष्ट्रीय वन शहीद के रूप में उनके बलिदानों को याद कर उनको श्रद्धांजली देते है एवं शासन एवं विभाग से मांग करते है कि जिले में एक वन शहीद स्मारक पार्क बनाया जाये। जिसमें वन शहीद की याद में एक पेड वन शहीद के नाम रोपित किया जा सके। मप्र में अब तक 56 वन कर्मी शहीद हुये है, जिनको हम याद कर श्रद्धांजली अर्पित करते है। उक्त अवसर पर महंत नागा बाबा शंकरपुरी, बलराम पाराशर, बर्द्री प्रसाद भारद्वाज, अनिल पाराशर, महेश गोस्वामी, आशा दीक्षित, दीपक मिश्रा, कमल राठौर, प्रीतम सिंह राठौर, संतोष कटारे, नरेन्द्र कटारे, राकेश दुबे, बलराम शाडिल्य, संतोष पचौरी आदि सहित कर्मचारी एवं समाजसेवी शामिल हुये।

### युवा अपने लक्ष्य को प्राप्त करने पूरी ऊर्जा के साथ जुट जाये: विधायक



**सागर, देशबन्धु।** आज के दौर में अवसरों की कमी नहीं है। सही रास्ते पर चलकर इन्हें हासिल करना बड़ी चुनौती है। युवा अपने लिये सर्वश्रेष्ठ विकल्प का चयन करें और लक्ष्य को हासिल करने के लिये पूरी ऊर्जा के साथ जुट जायें। उक्त उद्गार विधायक प्रदीप लारिया ने भारत सरकार के युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय के माय भारत केंद्र द्वारा केंद्र और राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं पर आधारित एक दिवसीय कार्यशाला प्रधानमंत्री एक्सीलेंस महाविद्यालय बड़तूमा सभागार में व्यक्त किये। विधायक कहा कि माई भारत युवा मामले एवं खेल मंत्रालय की एक पहल है जिसका उद्देश्य सामाजिक गतिशीलता, शैक्षिक समानता और व्यावहारिक कौशल के माध्यम से भारतीय युवाओं को सशक्त बनाना है। युवा कल्याण केंद्र और राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है। युवा इन योजनाओं की जानकारी लें और इनका लाभ उठायें। अध्यक्षता प्राचार्य एके जैन ने की, उप निदेशक रोहित यादव ने माय भारत पर अपना विशिष्ट उद्बोधन किया एवं कार्यक्रम का संचालन आरसी प्रजापति ने किया। इस अवसर पर विशेष रूप से वीनू राणा रोटरी क्लब सागर, दिनेश गौर सूचना प्रसारण मंत्रालय, एनएस तोमर सेडमेप, महेश कुमार पाल सेडमेप, वर्षा मेहरा काउंसलर, माय भारत सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्रायें, शिक्षक एवं स्वयंसेवक मौजूद रहे।

# विद्यार्थियों को अब सिर्फ पढ़ाई पर ध्यान देना है, आपकी राह में कोई बाधा नहीं आने दी जायेगी: वीरेंद्र सिंह



**बण्डा, देशबन्धु।** पीएमश्री शासकीय कन्या स्कूल बण्डा में विकासखंड स्तरीय स्कूटी वितरण समारोह बड़े उत्साह के साथ संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि विधायक वीरेंद्र सिंह ने प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को स्कूटी वितरित कर सम्मानित किया। छात्र -छात्राओं ने भोपाल से चल रहे राज्यस्तरीय कार्यक्रम को प्रोजेक्टर के माध्यम से लाइव देखा। विधायक सिंह ने कहा आज सरकार हर प्रतिभावान विद्यार्थी का हाथ थामे हुये है। छात्रवृत्ति, किताबें, साइकिल, स्कूटी से लेकर उच्च शिक्षा का पूरा खर्च सरकार उठा रही है। यदि कोई विद्यार्थी विदेश में पढ़ाई करना चाहता है तो सरकार उसे स्कॉलरशिप भी उपलब्ध करायेगी। अब आपको केवल मन लगाकर पढ़ाई करनी है, आपकी राह में कोई बाधा नहीं आने दी जायेगी। शासन की महत्वाकांक्षी योजना प्रत्येक विद्यालय में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले एक छात्र और एक छात्रा को स्कूटी हेतु राशि दी जाती है। इलेक्ट्रिक स्कूटी के लिये 1.20 लाख और पेट्रोल स्कूटी के लिये 90 हजार सीधे खाते में अंतरित किये जाते हैं। इस बार बण्डा विकासखंड के 11 स्कूलों में से कुल 21 स्कूटी वितरित की गई। शास. कन्या स्कूल की मनोरमा अहिरवार ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूटी हासिल की। शेष विद्यालयों से भी होनहार छात्र-छात्राओं को यह सम्मान मिला। कार्यक्रम में कन्या स्कूल से संतोष चौरसिया, मॉडल से बीडी गोंड, मगरधा से रामकृष्ण रोहित, बिनेका से नरहरि आठिया, बहरोल से सौरभ चौरसिया, बरा से चरण सिंह लोधी सहित बड़ी संख्या में प्राचार्य व छात्र-छात्रायें मौजूद रहे। संचालन देवेंद्र सिंह ठाकुर ने किया और आभार सहा. संचालक सृष्टि जैन ने व्यक्त किया।

### एस.आर. सकवार का निधन

**सागर, देशबन्धु।** एकता कॉलोनी वृंदावन वार्ड निवासी भारतीय स्टेट बैंक के सेवानिवृत्त बैंक मैनेजर एसआर सकवार का हृदय गति रुक जाने से 75 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। वह प्रतिवर्ष की भांति राधा स्वामी सत्संग में व्यास अमृतसर गये हुये थे जहां उनका आकस्मिक देहावसान हो गया परिजन उनकी पार्थिव देह लेने रवाना हो गये हैं उनके पुत्र मनोज एवं सिद्धार्थ ने बताया कि अंतिम संस्कार शनिवार 13 सितंबर को गोपालगंज मुक्तिधाम में किया जायेगा। एकता कॉलोनी विकास समिति ने श्री सकवार की निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की है।



### विमानोत्सव महोत्सव का आयोजन आज

**खुरई, दशेबन्धु।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी पंचमी पर विमानोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। मुनिश्री निश्कंपसागर एवं निश्कामसागर के सानिध्य एवं मार्गदर्शन में आयोजित विमानोत्सव को भव्य बनाने के लिये विगत कई दिनों से तैयारियां प्रारंभ हो चुकी थी। अशोक शाकाहार ने बताया आज आयोजित होने वाले इस विमानोत्सव का मार्ग एवं आयोजन स्थल परिवर्तित किया गया है। विमान प्राचीन मंदिर से दोपहर 1 बजे प्रस्थान करेंगे, जो आदिनाथ बड़कुल के मंदिर से मुख्य मार्ग होते हुये अतिशयकारी नवीन जैन मंदिर पहुंचेगें। वहां से प्रस्थान कर टैगोर वार्ड होते हुये मुख्य कार्यक्रम स्थल शहनाई गार्डन पहुंचेंगे। वहां पर मुनि संघ के सानिध्य में विधि-विधानपूर्वक श्रीजी का अभिषेक एवं विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन संपन्न होगा।

### त्योहारों पर खुरई में चलेगा विशेष सफाई अभियान

**खुरई, देशबन्धु।** आगामी नवरात्रि पर्व को ध्यान में रखते हुये पूर्व मंत्री एवं विधायक भूपेंद्र सिंह ने खुरई नगर पालिका को विशेष सफाई अभियान चलाने के निर्देश दिये है। सीएमओ राजेश मेहतेले ने बताया कि विधायक भूपेंद्र सिंह ने नगर के मंदिरों एवं सभी देव स्थानों में साफ सफाई के साथ ही कीटनाशक दवाओं का छिड़काव करने के निर्देश दिये है। इसके अलावा सागर नाका, बस स्टैंड, परसा चौराहा, जनपद चौराहा, बिहारी मंदिर, महाकाली टीन शेड सहित प्रमुख स्थलों पर स्वच्छ वातावरण सुनिश्चित किया जायेगा। सीएमओ ने कहा कि यह कार्य विधायक श्री सिंह के विशेष निर्देशानुसार किया जा रहा है ताकि नगरवासी आगामी पर्व सुरक्षित, स्वच्छ और शांतिपूर्ण वातावरण में मना सकें। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि इस बार त्योहारों के समय किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। नगर पालिका का लक्ष्य है कि हर नागरिक को बेहतर सुविधा और स्वच्छ वातावरण मिले। त्यौहारों के दौरान हजारों लोग बाहर निकलते हैं, ऐसे में जिम्मेदारी और अधिक बढ़ जाती है। इस बार त्योहारों पर खुरई और भी सुंदर एवं स्वच्छ नजर आयेगी।

# सभी नगरीय निकाय उपभोक्ता प्रभार शुल्क के लंबित बिलों के भुगतान हेतु कार्यवाही करें: निगमायुक्त



**सागर, देशबन्धु।** निगमायुक्त राजकुमार खत्री ने जिले की नगर पालिका मकरोनिया, खुरई, रहली, गढ़ाकोटा, बीना, देवरी, बंडा, राहतगढ़, शाहगढ़ एवं नगर परिषद शाहपुर के मुख्य नपा अधिकारियों के साथ एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन योजना की समीक्षा बैठक ली। बैठक में निगमायुक्त ने कहा कि एसीएस, नगरीय प्रशासन एवं आवास विभाग भोपाल द्वारा सागर एमएसडब्ल्यू साल्यूशन प्रायवेट लिमिटेड सागर के कार्य की समीक्षा एवं भुगतान के संबंध में बैठक रखी गई थी। बैठक में दिये गये निर्देशानुसार सागर एमएसडब्ल्यू साल्यूशन प्रायवेट लिमिटेड सागर के कार्य की समीक्षा के संबंध में एक समिति का गठन किया गया है जिसके सदस्य सभी नगर पालिकाओं के मुख्य नपा अधिकारी बनाये गये हैं। बैठक में अमावनी में एकत्रित कचरा का निष्पादन, घर-घर से एकत्रित किये जाने वाले कचरे से संबंधित उपभोक्ता प्रभार के बिल जारी किये जाने, सागर एमएसडब्ल्यू की लंबित टिपिंग फीस के भुगतान एवं अनुबंध अनुसार नवीन कचरा कलेक्शन की गाड़ियों, घर-घर से गीला एवं सूखा कचरा अलग-अलग एकत्रित करने, सागर एमएसडब्ल्यू प्लांट मसवासी में एकत्रित कचरे का प्रसंस्करण किये जाने, सागर एवं अन्य निकायों में सागर एमएसडब्ल्यू द्वारा मृत जानवरों के संग्रहण एवं निष्पादन कार्य एवं एमएस डब्ल्यु के ट्रांसफर स्टेशन के संबंध में चर्चा कर किये जा रहे कार्यों की बिंदुवार समीक्षा की। निगमायुक्त ने कहा कि सभी सीएमओ लंबित भुगतान हेतु कार्यवाही करें, बिल वितरण का कार्य समय पर किया जाये। इसमें जो भी समस्या आ रही है उसका शीघ्र निराकरण करें जिससे उपभोक्ताओं से राशि जमा कराई जा सके। सभी नगर पालिकाओं के सीएमओ मसवासी ग्रंथ स्थित कचरा प्रसंस्करण इकाई का दौरा कर जानकारी लें। एमएसडब्ल्यू द्वारा कचरा के साथ सी एंड डी वेस्ट की तुलाई करवा रहा है इस पर सख्ती से रोक लगायें तथा सभी सीएमओ अपनी-अपनी निकायों के कचरा बिल के संबंध में कार्यवाही प्रारंभ करें। भोपाल में एसीएस द्वारा कार्य की समीक्षा की जायेगी अगर किसी निकाय द्वारा इस कार्य में गलती की गई तो संबंधित सीएमओ के विरुद्ध कार्यवाही की जा सकती है। उन्होंने रेमकी के मैनेजर अमित दुबे को निर्देश दिये कि सभी निकायों के सीएमओ को अनुबंध की शर्तों की जानकारी उपलब्ध करायें। स्वच्छता अधिकारी राजेश सिंह राजपूत एवं सहा. स्वच्छता अधिकारी आनंद मंगल गुरु, लेखापाल अभिषेक तिवारी ने वसूली एवं एमएसडब्लू की लंबित राशि की जानकारी दी एवं ब्रजेश तिवारी, राजस्व अधिकारी ने रैमकी कम्पनी द्वारा वितरण उपभोक्ता प्रभार बिल एवं वसूली की जानकारी दी।

## सार समाचार

### अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत, बेटी घायल

**छतरपुर, देशबन्धु।** शहर के सिविल लाइन थाना क्षेत्र में श्राद्ध के निमंत्रण बांटने घर से निकले एक युवक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के वक्त मृतक की बेटी भी उसके साथ थी, जो कि घायल हुई है।

सिविल लाइन थाना क्षेत्र के ग्राम मौराहा निवासी रामरतन पटेल ने बताया कि उसके परिवार का 36 वर्षीय गिरिजा प्रसाद पटेल श्राद्ध समारोह के निमंत्रण के लिए देवेंद्रनगर अपने रिश्तेदार के घर गया था। उसके साथ उसकी 4 वर्षीय पुत्री भी थी। निमंत्रण देकर घर वापिस लौटते वक्त फोरलेन के घूरा ओवरब्रिज के समीप अज्ञात वाहन ने उसकी बाईक को टक्कर मार दी। दुर्घटना में गिरिजा प्रसाद की मौके पर मौत हो गई, जबकि उसकी पुत्री को मामूली चोटें आईं। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा है। टक्कर मारने वाले वाहन की पहचान के लिए पुलिस घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही है।

### 7 अज्ञात सहित 12 आरोपियों पर 64 हजार का इनाम घोषित

**छतरपुर, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक अगम जैन ने जिले के अंतर्गत 7 अज्ञात सहित 12 फरार आरोपियों पर 64 हजार रुपए का इनाम घोषित किया है। आरोपी अमिता यादव निवासी झारी जिला नवरंगपुर उड़ीसा पर थाना सिविल लाईन छतरपुर में 5 हजार रुपए, रवि रैकवार निवासी ग्राम बसारी पर थाना सटई में 3 हजार रुपए, गीता सिंह उम्र 45 साल, निधि सिंह उम्र 24 सिंह निवासी पठापुर रोड पर थाना कोतवाली में 3 हजार रुपए, लज्जावती राजपूत ग्राम मिडका लवकुशनगर पर थाना कोतवाली में 3 हजार रुपए एवं थाना ओरछा रोड में पंजीबद्ध अपराध में 2 अज्ञात आरोपियों पर 10-10 हजार रुपए, थाना नौगांव में 1 अज्ञात आरोपी पर 5 हजार रुपए, थाना बक्सवाहा में 1 अज्ञात आरोपी पर 5 हजार रुपए, थाना अलीपुरा में 1 अज्ञात आरोपी पर 5 हजार रुपए, थाना गुलगंज में 1 अज्ञात आरोपी पर 5 हजार रुपए, थाना राजनगर में 1 अज्ञात आरोपी पर 10 हजार रुपए का नगद पुरस्कार घोषित किया है।

### जीएसटी टीम ने मारा छापा, लाखों का माल व ट्रक जप्त

**छतरपुर, देशबन्धु।** जिले की फोर लाइन पर सोमवार को जीएसटी विभाग ने फिल्मी अंदाज़ में कार्रवाई कर गुरुकृपा ट्रांसपोर्ट के ट्रक को पकड़ लिया। विभाग की टीम ने तेज रफ्तार में पीछा कर ट्रक नंबर एमपी07 एचबी 6372 को रोका और उसमें भरे लाखों रुपए के माल को जप्त कर लिया। कार्रवाई का नेतृत्व राज्यकर अधिकारी वीरेंद्र कुमार निगम ने किया। टीम ने ट्रक को पकड़ने के बाद उसे ओरछा रोड थाना परिसर में खड़ा करवाया, जहां से अब ट्रक में मिले माल और दस्तावेज जांचे जा रहे हैं। विभागीय सूत्रों के मुताबिक, जप्त किए गए माल का मूल्य लाखों रुपए में आंका जा रहा है। जांच पूरी होने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। वीरेंद्र कुमार निगम, राज्यकर अधिकारी ने बताया हमारी टीम ने सूचना के आधार पर ट्रक पकड़ा है। माल और दस्तावेजों की जांच की जा रही है, आगे नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

### सकुशल भारत लौटे नेपाल में फंसे छतरपुर के परिवार

**छतरपुर, देशबन्धु।** नेपाल घूमने गए छतरपुर के 4 परिवार अचानक भड़की हिंसा के कारण भारत वापिस नहीं लौट पा रहे थे। बीते रोज जब इन परिवारों ने एक वीडियो जारी कर अपनी पीड़ा बताई और सरकार से मदद की गुहार लगाई तो तुरंत प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मामले को संज्ञान में लेकर प्रयास किए। परिणामस्वरूप महज 24 घंटे के भीतर सभी परिवारों सकुशल भारत लौट आए हैं।

जानकारी के अनुसार गल्ला मंडी छतरपुर के रहने वाले व्यापारी पप्पू मातेले, ट्रांसपोर्ट कारोबारी निर्देश अग्रवाल, गुड्डू अग्रवाल तथा एक कुशवाहा परिवार नेपाल घूमने गए थे। बुधवार को इन परिवारों ने काठमांडू के एक होटल से वीडियो जारी किया था। परिवारों ने बताया कि होटल के बाहर लगातार हिंसा और आगजनी की घटनाएं हो रही हैं, जिसके कारण डर और दहशत का माहौल है। निर्देश अग्रवाल ने आगजनी और तोड़फोड़ का वीडियो भेजकर छतरपुर प्रशासन और केंद्र सरकार से मदद की अपील की। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने संज्ञान में लेकर भारत सरकार के अधिकारियों से समन्वय किया और परिवारों की सकुशल भारत वापसी के लिए प्रयास किये। वहीं छतरपुर विधायक ललिता यादव ने भी परिवारों से बात कर हर संभव मदद का भरोसा दिया। परिणाम स्वरूप 24 घंटे बाद गुरुवार को नेपाल हिंसा में फंसे निर्देश अग्रवाल ने एक बार फिर वीडियो जारी किया और बताया कि सभी परिवार सुरक्षित नेपाल से निकल चुके हैं। मदद के लिए उन्होंने भारत सरकार, मध्यप्रदेश सरकार और छतरपुर विधायक का आभार भी जताया।

### कुख्यात अपराधी के फरार होने से देरी गांव में फैली दहशत, पुलिस की बढ़ी मुश्किलें

# पुलिस ने नहीं सुनीं फरियाद, तो बदला लेने रविन्द्र ने रखा आपराधिक दुनिया में कदम



**छतरपुर, देशबन्धु।** जिला अस्पताल में पुलिस की निगरानी में इलाज करा रहा कुख्यात अपराधी रविन्द्र सिंह परिहार डयूटी पर तैनात चारों पुलिस कर्मियों को चकमा देकर फरार हो जाने से पुलिस की मुश्किलें बढ़ गई हैं। वह अपने साथ पुलिस की एक रायफल भी लेकर भागा है। उसके फरार होने से देरी गांव में दहशत और आतंक साफ देखा जा रहा है, वहां चप्पे चप्पे पर पुलिस का पहरा लगा दिया गया है।

छतरपुर में हत्या की कोशिश करने के मामले में ट्रायल का सामना कर रहा कैदी रविन्द्र सिंह परिहार बुधवार-गुरुवार की दरमियानी रात जिला अस्पताल से भाग निकला है। वह भागते वक्त सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मी की रायफल भी अपने साथ ले गया। सूत्रों की मानें तो कैदी वार्ड में तैनात चारों पुलिसकर्मी जब सो रहे थे। तभी रविंद्र ने एक गार्ड की जेब से चाबी निकालकर ताला खोला। फिर एक पुलिसकर्मी की रायफल लेकर फरार हो गया। ये वही रविन्द्र है जो कुछ समय पहले देरी गांव का एक सीधा सादा युवक था। जिसे वर्ष 2020 में गांव के कुछ लोगों ने बेहरमी से पीटा था। पिटाई से उसके



हाथ-पैर और सिर में गंभीर चोटें आई थीं। उसने अपनी पिटाई की रिपोर्ट शहर के ओरछा रोड थाने में दर्ज कराई थी। शिकायत के बावजूद पुलिस ने कोई कार्यवाही नहीं की।

रविंद्र ने एसपी ऑफिस जाकर भी शिकायती आवेदन दिया था, फिर भी पुलिस ने कोई एक्शन नहीं लिया। नतीजतन रविन्द्र ने अपराध की दुनिया में कदम रखा और अपने साथ मारपीट करने वालों से बदला लेना शुरु कर दिया। पुलिस की फाइल में रविंद्र के खिलाफ मारपीट, हत्या का प्रयास, अवैध हथियार रखने और वसूली के 13 अपराध दर्ज होने से वह हिस्ट्रीशीटर बदमाशों में शुमार हो गया है।

#### हर बार पुलिस को चकमा देता रहा है रविन्द्र

एक के बाद एक वारदातों को अंजाम देने से रविन्द्र इतना शातिर हो गया कि पुलिस उसे जब भी पकड़ने का प्रयास करती, तब-तब वह पुलिस को चकमा देकर फरार हो जाता था। पिछली बार पुलिस जब उसे पकडने के लिए देरी गांव पहुंची, तो वह पुलिस पर फायरिंग करके भाग निकला। पुलिस ने उस पर 30 हजार का इनाम घोषित करके घेराबंदी तेज कर दी थी। 18 नवंबर 2024 को मातगुवां थाना क्षेत्र में एक वेयर हाउस के पास पुलिस ने उसे घेरकर पकड़ लिया था। थाने लाते वक्त रविंद्र ने पेशाब करने के बहाने मातगुवां थाना के पास पुलिस की गाड़ी रुकवाई और एसआई की पिस्टल छीनकर पुलिस पर गोली चला दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने दाहिने पैर में गोली मारकर रविंद्र को गिरफ्तार कर लिया। बाद में कोर्ट से उसे जेल भेज दिया गया था। रविंद्र के वकील ने पैर में घाव होने की बात कहते हुए कोर्ट में उसका इलाज कराने की अपील की। जिस पर कोर्ट ने उसे अस्पताल में दिखाने के निर्देश दिए थे। कोर्ट के आदेश पर 9 सितंबर को उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया था। इसी बीच मौका पाकर वह बड़ी चालाकी से अस्पताल से भाग निकला है। अब उसे पकड़ने के लिए पुलिस की 5 टीमें लगी हुई हैं।

#### रविन्द्र के भागने से गांव में दहशत

देरी गांव में रहने वाली गुड्डी सिंह चंदेल ने बताया. मेरा बेटा वीरु सिंह चंदेल और रविंद्र दोनों अच्छे दोस्त थे। किसी बात पर दोनों में लड़ाई हो गई। रविंद्र ने वीरु को जान से मारने की धमकी दी। वह फोन पर धमकाता रहता था, घर के पास ही घूमता रहता था। कई बार उसने घर के बाहर फायरिंग भी की। गांव में उसकी इतनी दहशत है कि लोग उसे घर में छिपा लेते हैं। पूछने पर भी पुलिस को उसकी जानकारी नहीं देते। जिला अस्पताल से उसके भागने के बाद अब हम लोगों की जान का खतरा बढ़ गया है। इसी तरह पूरे गांव में रविन्द्र की दहशत और आतंक इस कदर है कि लोग सहमे हुए हैं, कोई भी इस बारे में मुंह तक खोलने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहा है।

#### इनका कहना है

जिला अस्पताल में इलाज करा रहा बदमाश रविन्द्र सिंह फरार हो गया है। वहां डयूटी पर तैनात चार पुलिस कर्मचारियों में राकेश अहिरवार, हरिश्चंद्र अहिरवार, पंकज तिवारी और शिवम शर्मा को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। रविन्द्र पर 10 हजार रुपए का इनाम घोषित किया है। पुलिस की 5 टीमें अलग-अलग इलाकों में उसकी घेराबंदी करके पकडने में लगी हैं।

**अगम जैन,** पुलिस अधीक्षक, छतरपुर

## बडा हादसा : सोयाबीन के तेल से भरा टेंकर ट्रांसफार्मर से टकराया



**छतरपुर, देशबन्धु।** शहर में सागर-कानपुर नेशनल हाईवे पर शांति नगर कॉलोनी के सामने रविवार को देर रात एक बडा हादसा हो गया है।

दरअसल सोयाबीन के तेल से भरा एक टेंकर क्रमांक आरजे 14 जीपी 7335 सडक किनारे लगे एक ट्रांसफार्मर से टकरा गया। जिससे बिजली के तार, ट्रांसफार्मर जमींदोज हो जाने से बिजली गुल हो गई। मगर रात होने से इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई है।

घटनास्थल के पास किराना दुकान संचालक अनुरूद्ध पाठक ने बताया रविवावर की रात जोरदार आवाज के साथ पूरे इलाके की बिजली बंद हो गई। जब देखा तो पता चला कि एक टेंकर सड़क किनारे लगे ट्रांसफार्मर में घुसा हुआ था, उससे चिंगारियां निकल रही थीं। टेंकर चालक को नींद की झपकी आने से यह हादसा हो गया। टेंकर अनियंत्रित होने के बाद ब्रेक लगाने के बाद भी टेंकर 50 फीट तक फिसलता हुआ बिजली के खंभे और बोर्ड को तोड़ते हुए ट्रांसफार्मर में जा घुसा। जिससे बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। पुलिस ने क्रेन की मदद से टेंकर को सडक से हटाया गया है।

### सिद्धनमुहाल में बदमाशों ने युवती पर किया हमला, लोगों में दहशत

**लवकुशनगर, देशबन्धु।** नगर के सिद्धनमुहाल में 8 से 10 बदमाशों की सक्रियता देखी गई है। इन बदमाशों ने एक युवती पर हमला करके उसे घायल कर दिया है। चीख पुकार सुनकर लोग जब तक वहां पहुंचे तब तक बदमाश भाग चुके थे। इस घटना से लोगों में दहशत देखी जा रही है।



सिद्धन मुहल्ला निवासी पप्पू अहिरवार की बेटी ने बताया कि वह रात में बाथरुम जाने के लिए निकली तभी पीछे से किसी आदमी ने पकड़कर हाथों पर प्रहार करके घायल कर दिया, जिससे हाथ बुरी तरह से घायल हुए हैं। बदमाश हाफ पेन्ट पहने था, चेहरे पर मास्क लगाए था जिससे वह पहचान में नहीं आया। राजबहादुर पाल ने बताया रात में तीन लोग पथराव कर रहे थे। एक घर में घुसकर किसी पर हमला भी किया था। लोगो ने बताया कि जब जोर जोर से आवाजें सुनीं तो भागते बदमाशों का पीछा भी किया, वे पहाड़ी पर चढ़कर गायब हो गए। पुलिस को इस बारे में सूचना दे दी गई है। बता दें कि पिछले कई दिनों से इस मोहल्ले में रात के समय ड्रोन उड़ते देखे जा रहे हैं, साथ ही अज्ञात लोगों की सक्रियता से लोग दहशत में हैं। हाल ही में आधा सैकड़ा लोगों ने थाने जाकर इस बारे में पूरी जानकारी दी और लिखित शिकायत भी दर्ज कराई थी।

## मंदिर कमेटी के सचिव पर लाखों की वित्तीय गड़बड़ी का आरोप, जांच की मांग

**छतरपुर, देशबन्धु।** सिटी कोतवाली क्षेत्र के मोटे के महावीर मंदिर की समिति में बड़ा घोटाला सामने आया है। मंदिर समिति के पदाधिकारियों ने आरोप लगाया है कि समिति के सचिव नंद शर्मा ने मंदिर कार्यालय का ताला तोड़कर महत्वपूर्ण दस्तावेज सहित वित्तीय गडबडी करके खुद का ताला डाल दिया है। इसकी जांच की मांग की गई है।

समिति पदाधिकारियों ने बताया मंदिर में वित्तीय अनियमितताओं के बारे में 4 सितंबर 2025 को एसडीएम व तहसीलदार से शिकायत की गई थी। इसके बाद प्रशासन ने मंदिर समिति के कार्यालय को सील कर दिया था। बावजूद इसके 10 सितंबर की शाम आनंद शर्मा ने ताला तोड़कर दस्तावेज़ और राशि निकाल ली है। पदाधिकारियों का कहना है इस मामले में जांच व कार्यवाही की जाए। समिति के उपाध्यक्ष भवानी प्रसाद त्रिपाठी ने बताया आनंद शर्मा कई वर्षों से मंदिर की चाबी अपने पास रखकर बिना समिति की सहमति के तिजोरी खोलते रहे हैं। उनके मुताबिक वर्ष 2023 से अब तक बैंक खाते से लगभग 10ण्81 लाख की राशि निकाली जा चुकी है। उन्होंने आरोप लगाया कि आनंद शर्मा 20 वर्षों से मंदिर की आय पर एकतरफा नियंत्रण बनाए हैं।

समिति अध्यक्ष एवं सदस्यों ने इस घोटाले की जानकारी मिलने के बाद 4 सितंबर को आनंद शर्मा को समिति से बाहर कर दिया था। फिर भी 10 सितंबर को आनंद ने मंदिर में पहुंचकर ताला तोड़ा और रुपए व दस्तावेज निकाल लिए। मंदिर समिति ने चेतावनी दी है कि यदि समय पर प्रशासनिक हस्तक्षेप नहीं हुआ, तो विवाद बढ जाएगा। जिससे मंदिर की धार्मिक और व्यवस्थागत गतिविधियां प्रभावित होंगी।

#### इनका कहना है

इस संबंध में प्राप्त शिकायतों के आधार पर बिंदुवार जांच जारी है। तथ्यों की पुष्टि के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

**अखिल राठौर,** एसडीएम छतरपुर

## पत्रकार बीमा का प्रीमियम घटाने श्रमजीवी पत्रकार संघ ने सौंपा ज्ञापन



**छतरपुर, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रांताध्यक्ष शलभ भदौरिया के आदेश पर संघ की छतरपुर जिला इकाई ने पत्रकार स्वास्थ्य और दुर्घटना बीमा के बढ़ाए प्रीमियम और उस पर लगाए 18 प्रतिशत जीएसटी को शून्य करने, पत्रकार बीमा की अंतिम तिथि बढ़ाकर 30 सितंबर करने और 5 लाख रुपए तक की निःशुल्क पत्रकार बीमा योजना लागू करने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा है।

ज्ञापन सौंपते समय संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष रामकिशोर अग्रवाल, संभाग अध्यक्ष सुरेन्द्र अग्रवाल, जिला इकाई के अध्यक्ष श्याम खरे, संभागीय उपाध्यक्ष भरत चौरसिया, जिला महासचिव संजय सक्सेना आनंद शर्मा, संजू, बाबा, कल्पना यादव, विकास गंगेले आदि श्रमजीवी साथी उपस्थित थे। कलेक्टर पार्थ जैसवाल की अनुपस्थिति में सहायक कलेक्टर आशीष पाटिल और अपर कलेक्टर मिलिंद नागदेवे को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में बताया गया कि हाल ही में मध्यप्रदेश सरकार के जनसंपर्क विभाग ने पत्रकार कल्याण बीमा का विज्ञापन जारी किया है। उसमें इस बार फिर बीमा की प्रीमियम राशि काफी बढ़ा दी गई है।

इतना ही नहीं प्रीमियम पर 18 प्रतिशत जीएसटी भी लगा दिया है। कई हमारे साथी ऐसे हैं उनको उनके संस्थान के प्रबंधकों की ओर से कोई आर्थिक सहयोग नहीं मिलता है। वे प्रीमियम राशि जमा नहीं कर सकते हैं।

### बस से टकराया ट्रक, बचे यात्री मगर चालक

**छतरपुर, देशबन्धु।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र में सागर-कानपुर हाईवे पर गुरुवार को एक तेज रफ्तार ट्रक और यात्री बस से टकरा गया। गनीमत रही कि हादसे में बस चालक के अलावा अन्य किसी यात्री को चोटें नहीं आई। घायल चालक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को कब्जे में लेकर जांच शुरु की है। जानकारी के मुताबिक यात्री बस क्रमांक एमपी 09 एफए 2173 छतरपुर से बिजावर जा रही थी, तभी सागर-कानपुर हाईवे पर ढड़ारी गांव के पास सामने से तेज रफ्तार में आ रहा ट्रक क्रमांक एमपी 33 एच 1860 अनियंत्रित होकर बस से टकरा गया। दुर्घटना में बस बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुई है, साथ ही बस चालक के पैर में चोट आई है। घटना के वक्त बस में करीब करीब दो दर्जन यात्री सवार थे, जो पूरी तरह सुरक्षित बच गए।

## पीएम आवास योजना में 2 परिवारों से 2 लाख वसूले



**छतरपुर, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के तहत पात्र हितग्राहियों को पक्का मकान बनाने के लिए वित्तीय सहायता दी जाती है। योजना में गुमराह करके गलत तरीके से दो बार राशि लेने वाले 2 परिवारों से अधिकारियों ने मौके पर जाकर 2 लाख रुपए की वसूली की है।

एसडीएम अखिल राठौर ने बताया जिन हितग्राहियों ने राशि का दुरुपयोग किया है, या मकान अधूरा छोड़ दिया है, या जिसमें पति पत्नी दोनों ने पैसा लिया है। मौके पर उनसे वसूली की जा रही है, यह कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी। सीएमओ माधुरी शर्मा ने बताया कि गुरुवार को प्रशासनिक टीम ने मौके पर जाकर कार्रवाई करते हुए दो परिवारों से 2 लाख रुपए की वसूली की है। जिनमें संजय सिंह यादव से 1 लाख 50 हजार रुपए तथा दिलीप सक्सेना से 50 हजार रुपए की राशि वसूली गई है।

इस कार्रवाई के दौरान इंजीनियर मोहम्मद आमिर सहित नगर पालिका व राजस्व के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। उन्होंने बताया शासन को 72 लाख रुपए की वसूली करके राशि वापस की जानी है। इसमें कई प्रकरण ऐसे हैं जिसमें पति पत्नी दोनों ने पैसा लिया है।

जबकि परिवार में एक व्यक्ति को ही पैसा दिया जाना था, तो गलत तरीके से जो राशि शासन से ली गई है उसको वापस किया जा रहा है। साथ ही जिन लोगों ने मकान का कार्य पूर्ण नहीं किया है उनको भी मौके पर समझाइश दी जा रही है। और कहा कि जब तक वसूली नहीं हो जाती यह कार्रवाई लगातार चलती रहेगी।

## विनीता गुप्ता की काव्य कृति गूंज उठे स्वर का विमोचन



**छतरपुर, देशबन्धु।** शासकीय बीएड कॉलेज में व्याख्याता रहीं विनीता गुप्ता की प्रथम काव्य कृति गूंज उठे स्वर का एक समारोह में विमोचन किया गया है।

वरिष्ठ कवियत्री मालती श्रीवास्तव की अध्यक्षता एवं महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय में हिंदी विभाग की वरिष्ठ आचार्यप्रो गायत्री बाजपेई के मुख्य आतिथ्य में विमोचन किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त की पौत्रवधु डॉ अंजलि गुप्त डायरेक्टर आरएमएसजी पीजी कॉलेज चिरगांव, बिलासपुर की प्राचार्य नीरजा श्रीवास्तव थीं।

वरिष्ठ साहित्यकार शोभा शर्मा, कवि राघवेंद्र उदेनिया ने गहनता से पुस्तक की समीक्षा की। मालती श्रीवास्तव ने काव्य रचना प्रस्तुत की।

हम फाउंडेशन के प्रवीण गुप्ता, पत्रकार अंकुर यादव, रमेश चंद्र चौरसिया, अवनींद्र खरे अंशुमान, शंकर शरण खरे, सुरेंद्र शर्मा सुमन, संध्या श्रीवास्तव सांझ, पुष्पा पाठक, स्मिता जैन, प्रभा विधु, कु आदिति अग्रवाल, अजय मोहन तिवारी, जितेंद्र यादव जीत, राजेश गुप्ता राज, सुरेश बाबू खरे, लखनलाल शर्मा, शिव सहाय राजपूत, पन्ना डाइट से सेवानिवृत सुमन लता ने उद्बोधन दिया। सेवानिवृत बैंक अधिकारी वीरेंद्र श्रीवास्तव, अमरनाथ व्यास ब्लॉक कोऑर्डिनेटर शिक्षा विभाग, आरपी सिंह सहायक मत्स्य उद्योग अधिकारी, केशव सिंह जीवन बीमा निगम, अनिल कुमार चौरसिया असिस्टेंट डायरेक्टर मछली विभाग ने कार्यक्रम में उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम का संचालन प्रमोद सारस्वत ने किया। समारोह में कमलेश कुमार गुप्ता एवं आनंद का सहयोग रहा। कार्यक्रम में सूर्यांश चतुर्वेदी, शंकर, शुभम भूपेंद्र आदि ने अहम भूमिका निभाई।

## बागेश्वर धाम में नई व्यवस्था से बड़ी श्रद्धालुओं की सुविधा



*छतरपुर, देशबन्धु। सिद्ध पीठ बागेश्वर धाम आने वाले हजारों श्रद्धालुओं महाराज से न मिल पाने की शिकायत अब दूर ही गई है। दरअसल पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने धाम की व्यवस्था में कुछ बदलाव किए हैं। जिससे महाराज की लोगों से सीधी मुलाकात हो सकेगी।*

*गुरुवार को मंदिर में लगातार 6 घंटे से अधिक समय तक बैठकर धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री ने सभी दर्शनार्थियों को अभिमंत्रित भभूत, नारियल एवं प्रसाद भेंट किया। बागेश्वर धाम में नई व्यवस्था के मुताबिक जब भी महाराज धाम में होंगे उन दिनों सोमवार, बुधवार और शुक्रवार को दिव्य दरबार लगाया जाएगा।*

*मंगलवार को पुरानी पेशी का दरबार, गुरुवार को मंदिर में बैठकर धाम आने वाले सभी भक्तों को महाराज श्री अपने हाथों से भभूत वितरित करेंगे। यहां आने वाले लोगों की पीड़ा सुनकर उसके निवारण के उपाय भी बताएंगे। शनिवार को प्रेतराज दरबार लगेगा जिसमें नेगेटिव एनर्जी से ग्रसित लोगों को आवश्यक उपाय बताए जाएंगे। धाम में चल रहे विभिन्न कार्यों के साथ-साथ पदयात्रा एवं अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं के संबंध में रविवार को महाराज श्री आवश्यक बैठकों में व्यस्त रहेंगे। नियम लागू होने के बाद जैसे ही पहला गुरुवार आया महाराज श्री ने सुबह से बालाजी की पूजा अर्चना की और दोपहर 12 बजे से लोगों को सिद्ध नारियल, प्रसाद एवं भभूत बांटने लगे।*

#### लोगों ने नई जताई खुशी

इस नई व्यवस्था से बागेश्वर धाम आने वाले लोगों में अत्यंत खुशी दिखाई दी। लोगों का कहना है की भीड़ अधिक होने के कारण महाराज श्री लाख कोशिश करने के बाद भी सबसे व्यक्ति गत रूप से भेंट नहीं कर पाते थे लेकिन गुरुवार का दिन और गुरु के दर्शन यह भी अत्यंत सौभाग्य की बात है। नई व्यवस्था से ज्यादा से ज्यादा लोग संतुष्ट होंगे। गुरुवार को गुरु की शरण में बैठे महाराज ने बताया व्यस्तता के कारण वे मंदिर में सेवा, पूजा करने के लिए पर्याप्त समय नहीं दे पाते थे। सद्गुरु भगवान सन्यासी बाबा ने उन्हें प्रेरणा दी कि वह मंदिर से बैठकर यहां आने वाले भक्तों की बात सुने। सन्यासी बाबा के आदेश से महाराज श्री ने गुरुवार का दिन चयन किया। गुरुवार गुरु का दिन होता है इसलिए सद्गुरु भगवान सन्यासी बाबा के आदेश से उनकी शरण में रहकर भक्तों की समस्या सुनकर उनके निदान के उपाय बताएंगे।

सागर, शुक्रवार 12 सितम्बर 2025

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

# लाठीतंत्र में बदलता लोकतंत्र

विपक्ष की तरफ से लगातार मोदी सरकार पर लोकतंत्र को कुचलने और विरोध की आवाज को दबाने के आरोप लगाए जा रहे हैं। इस समय देश के कम से कम पांच राज्यों की घटनाएं इन आरोपों को बल दे रही हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, मॉरिशस के प्रधानमंत्री नवीनचंद्र रामगुलाम के साथ गुरुवार को वाराणसी के दौरो पर थे, लेकिन इससे पहले उत्तरप्रदेश में जगह-जगह कांग्रेस नेताओं को नजरबंद करने की खबरें आईं। उत्तरप्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष अजय राय को भी लखनऊ में नजरबंद कर लिया। जबकि श्री राय ने 11.30 बजे प्रदेश कार्यालय पर प्रेस कान्फ्रेंस बुलाई थी। वह कान्फ्रेंस को संबोधित करने के लिए घर से निकलते इससे पहले ही पुलिस ने दस्तक दी। इसके बाद उन्हें घर से नहीं निकलने दिया गया। इसका वीडियो उन्होंने डाला है।

इधर नजरबंदी का ऐसा ही खेल जम्मू-कश्मीर में हुआ। जब आम आदमी पार्टी के विधायक मेहराज मलिक की गिरफ्तारी पर शांतिपूर्ण प्रदर्शन के लिए आप सांसद संजय सिंह पहुंचे तो उन्हें भी गेस्ट हाउस में ही नजरबंद किया गया। हद तो तब हो गई जब पूर्व मुख्यमंत्री और नेशनल कांफ्रेंस के मुखिया फारुख अब्दुल्ला संजय सिंह से मिलने पहुंचे तो उन्हें भी गेस्ट हाउस के दरवाजे पर ही पुलिस ने रोक दिया। संजय सिंह ने इस अघोषित तानाशाही के खिलाफ जुझारूपन दिखाते हुए बंद दरवाजे की रेलिंग पर चढ़कर फारुख अब्दुल्ला से बात की। इस मौके का वीडियो भी सोशल मीडिया पर है, जिसमें संजय सिंह पुलिस वालों से पूछ रहे हैं कि मैं सांसद हूं और वो पूर्व मुख्यमंत्री हैं, हमें मिलने क्यों नहीं दिया जा रहा। जाहिर है केंद्र शासित जम्मू-कश्मीर की पुलिस के पास इसका कोई जवाब नहीं है। फारुख अब्दुल्ला ने भी कहा है कि इस राज्य में पहले ही कई मुसीबतें आई हुई हैं। पहले पहलगाम आतंकी हमला, फिर बाढ़ और अब इस तरह के अलोकतांत्रिक काम, इन सबसे राज्य के लोगों की तकलीफें बढ़ रही हैं।

गौरतलब है कि आप के विधायक मेहराज मलिक पर आतंकियों का महिमामंडन करने, अफवाहें फैलाने और डोडा के डीसी को अपशब्द कहने, सरकारी अस्पताल के काम में बाधा डालने और महिलाओं के खिलाफ अभद्र भाषा के इस्तेमाल जैसे कई आरोप लगाकर 8 सितंबर को जनसुरक्षा अधिनियम (पीएसए) के तहत गिरफ्तार कर कठुआ जेल भेजा गया है। जिसका जनता व्यापक पैमाने पर विरोध कर रही है। एक निर्वाचित जनप्रतिनिधि को ही लोगों की सुरक्षा के लिए खतरा बता कर गिरफ्तार करने का यह विचित्र उदाहरण है। प्रशासन ने डोडा, भद्रवाह, गंडोह और ठाठरी समेत संवेदनशील इलाकों में भारी संख्या में सुरक्षाकर्मी तैनात कर दिए गए हैं। पुलिस लाउडस्पीकर से ऐलान कर रही है कि लोग घरों में ही रहें। यानी अघोषित कर्फ्यू के हालात हैं, और इसमें विपक्ष को सवाल करने भी नहीं दिया जा रहा।

इधर लद्दाख में भी पर्यावरण कार्यकर्ता सोनम वांगचुक ने बुधवार 10 सितंबर से एक और अनशन शुरू किया है, क्योंकि उनकी मांगों को लेकर केंद्रीय गृह मंत्रालय ने पिछले दो महीने से कोई बैठक नहीं बुलाई है। वांगचुक ने कहा, 'लद्दाख को संविधान की छठी अनुसूची के तहत राज्य का दर्जा और संरक्षण दिए जाने की मांग को लेकर केंद्र सरकार कोई ध्यान नहीं दे रही है, इसलिए वह अपना प्रदर्शन तेज करने को मजबूर हो रहे हैं। पिछले काउंसिल चुनाव में भाजपा ने लद्दाख को छठी अनुसूची का दर्जा देने का वादा किया था। लेकिन ये अब तक पूरा नहीं हुआ है।

वादाखिलाफी पर ऐसा ही गुस्सा असम में भी नजर आ रहा है। अनुसूचित जनजाति (एसटी) का दर्जा दिए जाने से जुड़े वादों को पूरा न करने को लेकर असम के दो प्रमुख जातीय समुदायों – मोरान और कोच राजबोंगशी ने तिनसुकिया और धुबरी जिलों में बड़े पैमाने पर विरोध-प्रदर्शन किए हैं। प्रदर्शनकारियों ने तालाप, काकोपाथर, मार्गेरिटा और तिनसुकिया शहर की सड़कों पर मार्च निकाला और अनुसूचित जनजाति का दर्जा और छठी अनुसूची के तहत स्वायत्तता की मांग की। उनका आरोप है कि ये वादे सबसे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2016 में किए थे, लेकिन कभी पूरे नहीं हुए हैं। प्रदर्शनकारी कह रहे हैं कि अगर 2026 के चुनावों से पहले हमारी मांगों को फिर से नजरअंदाज किया गया तो हम और भी आक्रामक और निरंतर आंदोलन शुरू करने के लिए मजबूर होंगे। 15 सितंबर से राज्यव्यापी आर्थिक नाकेबंदी शुरू करने की चेतावनी भी दी गई है। वहीं ऑल कोच राजबंशी स्टूडेंट्स यूनियन ने धुबरी जिले के अंतर्गत गोलकगंज क्षेत्र में एक बड़े विरोध मार्च का आयोजन किया, जिसमें सीआरपीएफ के सुरक्षा बलों ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए लाठीचार्ज किया तो महिलाओं और छात्र नेताओं सहित 50 से ज्यादा प्रदर्शनकारी घायल हो गए और हालात तनावपूर्ण बने हैं।

वहीं पटना में भी लगातार सरकार के खिलाफ नाराजगी बढ़ रही है। सरकार नए वादे तो कर रही है, लेकिन पुराने फैसलों पर अमल नहीं हो रहा। हाल ही में राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग में संविदाकर्मियों की सेवा समाप्त कर दी गई है। अपनी नौकरी बहाली और बकाया वेतन की मांग को लेकर संविदाकर्मी पिछले एक महीने से गर्दनीबाग धरना स्थल पर आंदोलन कर रहे हैं, लेकिन बुधवार को जब लगभग 9000 भू सर्वेक्षण कर्मियों ने अपनी नौकरी और बकाया वेतन की मांग को लेकर भाजपा कार्यालय का घेराव करने की कोशिश की, तो पुलिस ने उन पर लाठियां चलाईं।

अलग-अलग राज्यों की ये तमाम घटनाएं बता रही हैं कि देश में लोकतंत्र की जगह लाठीतंत्र हावी करने की कोशिश हो रही है। हालांकि मनमानी और दमन की इस लाठी को जितना तेल पिलाया जा रहा है, उतना अधिक जनता में आक्रोश बढ़ रहा है। मीडिया इस आक्रोश को भले न दिखाए, सरकार को इसकी अनदेखी भारी पड़ेगी।

# केंद्र की सत्ता पर संघ का वर्चस्व !

■ जयशंकर गुप्त

देश के नये और पंद्रहवें (अगर पहले उपराष्ट्रपति सर्वपल्ली राधाकृष्णन के दो लगातार कार्यकाल और हमिद अंसारी के भी दो लगातार कार्यकाल को अलग-करके देखें तो सत्रहवें) उपराष्ट्रपति के रूप में महाराष्ट्र के निवर्तमान और झारखंड के पूर्व राज्यपाल सी पी राधाकृष्णन के चुनाव को इसी महीने अपनी स्थापना के सौ वर्ष पूरा कर रहे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की बड़ी उपलब्धि के रूप में देखा जा रहा है। 9 सितंबर को संघ के स्वयंसेवक-प्रचारक रहे राधाकृष्णन के उपराष्ट्रपति सह राज्यसभा के सभापति चुन लिए जाने के बाद केंद्रीय सत्ता पर वर्चस्व कायम करने की संघ की मुराद पूरी सी हो गई लगती है। राष्ट्रपति के रूप में संघ की राष्ट्र सेविका समिति से जुड़ी रही द्रौपदी मुर्मू, लोकसभा के अध्यक्ष ओम बिड़ला भी आरएसएस से जुड़े रहे हैं जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा उनके मंत्रिमंडल के तकरीबन सभी बड़े एवं महत्वपूर्ण मंत्रालयों का जिम्मा मूल रूप से आरएसएस-भाजपा से जुड़े नेताओं के पास ही है। ।

राधाकृष्णन ने विपक्षी गठबंधन, 'इंडिया' के उम्मीदवार सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश जस्टिस बी सुदर्शन रेड्डी को सीधे मुकाबले में 152 मतों से पराजित कर दिया। श्री राधाकृष्णन को 452 एवं श्री रेड्डी को 300 मत मिले। 15 मत तकनीकी कारणों से या कहें, जानबूझकर मतदाता-सांसदों के द्वारा की गई 'गलती' से रद्द हो गए। सरकार और मुख्य विपक्ष से समान दूरी रखने का दावा करने वाले दलों-बीजेडी, अकाली दल और बीआरएस तथा एक दो निर्दलीय सांसदों ने भी अपने ही कारणों से मतदान में शामिल नहीं होने का फैसला किया था। इसके अलावा मुख्य विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' तकरीबन एकजुट ही रहा।

यह चुनाव देश के 14वें उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ (74 वर्ष) के 21 जुलाई को संसद के मानसून सत्र के पहले ही दिन देर शाम को त्यागपत्र के कारण हुआ। ऐसा आजाद भारत के लोकतांत्रिक इतिहास में शायद पहली बार ही हुआ था जब किसी वर्तमान उपराष्ट्रपति ने कार्यकाल बाकी रहते संसद के चालू सत्र में त्यागपत्र दिया। उनका कार्यकाल 10 अगस्त, 2027 तक था। जुलाई, 2025 की शुरुआत में एक कार्यक्रम में उन्होंने अगस्त, 2027 में रिटायर होने की बात भी कही थी। उन्होंने मानसून सत्र के पहले दिन 21 जुलाई को जिस सक्रियता से राज्यसभा की कार्यवाही का संचालन किया, किसी के लिए भी सहज विश्वास कर पाना मुश्किल हो रहा था कि उन्होंने खराब स्वास्थ्य की वजह से इस्तीफा दिया होगा।

श्री धनखड़ के इस्तीफे के तात्कालिक कारण कुछ भी रहे हों, सरकार और उनके बीच परोक्ष रूप से अनबन तो महीनों से चल रही थी। हालांकि, राज्यपाल और उपराष्ट्रपति सह राज्यसभा के सभापति के रूप में भी उनकी भूमिका 'लायल दैन किंग' वाली ही नजर आती थी। प्रधानमंत्री श्री मोदी और उनकी सरकार के पक्ष में चाटुकारिता की हद तक जाकर वह कसीदे पढ़ने में कभी कोताही नहीं करते थे। उन्होंने भाजपा की मातृ-पितृ संस्था राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को खुश करने की गरज से उसके पक्ष में भी कसीदे पढ़ने शुरू कर दिए थे। जब संघ के सरकार्यवाह (महासचिव) दत्तात्रेय होसबोले ने आपातकाल के दौरान संविधान की प्रस्तावना में जोड़े गए समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष जैसे शब्दों को हटाने का अभियान चलाया तो उनके सुर में सुर मिलाते हुए श्री धनखड़ ने भी उनका पुरजोर समर्थन किया था।

राज्यसभा में सभापति के रूप में विपक्ष अक्सर उन पर तटस्थ रहने के बजाय पक्षपाती होने के आरोप लगाता था।

> **भाजपा और आरएसएस के करीबी पत्रकारों की सुनें तो हाल के दिनों में श्री धनखड़ के भीतर कुछ अलग तरह की महत्वाकांक्षाएं जोर मारने लगी थीं। सत्ता के गलियारों में पैठ रखने का दावा करने वाले कुछ संघनिष्ठ पत्रकारों के द्वारा सोशल मीडिया-यू ट्यूब पर श्री धनखड़ के इस्तीफे अथवा उन्हें हटाए जाने का एक अलग ही कारण बताया गया कि कभी श्री मोदी के करीबी रहे एक पूंजीपति के सहयोग से वह प्रधानमंत्री श्री मोदी को सत्ताच्युत करने के षड्यंत्र में शामिल थे।**

सदन में विपक्षी सांसदों के निलंबन से लेकर हल्ला-हंगामे के बीच भी वह कुछ बहुत महत्वपूर्ण (विपक्ष की निगाह में खतरनाक) विधेयक बिना किसी चर्चा के ही पास कराने में सहायक नजर आते थे। यह भी कुछ कारण थे कि आजाद भारत में उपराष्ट्रपति पद के श्रृजन के बाद के 72 वर्षों के इतिहास में श्री धनखड़ पहले ऐसे राज्यसभा के सभापति रहे, जिनके खिलाफ 11 दिसंबर, 2024 को विपक्ष ने अविश्वास (महाभियोग) प्रस्ताव पेश किया था, जो बाद में तकनीकी कारणों से खारिज हो गया था।

लेकिन 'लायल दैन किंग' होने के बावजूद इधर उन्हें अपनी योग्यता, क्षमता, अधिकारों और रणनीतिक कौशल को लेकर गलतफहमी सी हो गई थी। वह भूल गए थे कि वह मूल रूप से आरएसएस और भाजपा के प्रोडक्ट नहीं हैं और उन्हें उनकी योग्यता-अनुभव से अधिक पश्चिम बंगाल में राज्यपाल रहते उनकी 'सेवाओं' के बदले उपराष्ट्रपति बनाकर उन्हें उपकृत किया गया था। राज्यपाल के रूप में उनकी भूमिका अक्सर विवादों में ही रही। उन्होंने ममता बनर्जी और उनकी सरकार को परेशान करने, उस पर सीधे आक्षेप करने में कोई कसर नहीं छोड़ी थी। राज्य में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के लोग उन पर भाजपा के एजेंट के रूप में काम करने के आरोप लगाते थे।

हाल के दिनों में वह खुद को राष्ट्रपति के बाद प्रोटोकॉल में सबसे ऊपर (यहां तक कि प्रधानमंत्री से भी ऊपर नहीं तो बराबर) समझने और उसी के अनुरूप अपने लिए देश-विदेश में प्रोटोकॉल भी चाहने लगे थे। वह चाहते थे कि जिस तरह से सरकारी कार्यालयों में राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री की तस्वीर लगी होती है उसी तरह वहां उपराष्ट्रपति की तस्वीर भी होनी चाहिए। इसी तरह वह राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री की तरह उपराष्ट्रपति के लिए भी उसी तरह की कार और विमान भी चाहते थे। उपराष्ट्रपति होने के नाते वह विदेशी गणमान्य व्यक्तियों-अतिथियों से मिलना चाहते थे। यह सब नहीं हो पाने के कारण वह नाराज से थे। किसानों के मुद्दों को लेकर भी उनके विचार सरकार से मेल नहीं खा रहे थे। श्री धनखड़ के इस्तीफे के पीछे एक वजह राज्यसभा में उनकी ओर से जस्टिस यशवंत वर्मा के मामले में विपक्ष के महाभियोग प्रस्ताव को मंजूरी देना भी माना गया क्योंकि मोदी सरकार जस्टिस वर्मा के मामले को अपने ढंग से डील करना और यह दिखाना चाहती थी कि वह विपक्ष के साथ मिलकर जस्टिस वर्मा के विरुद्ध संयुक्त रूप से महाभियोग का प्रस्ताव ला रही है। लोकसभा में इस प्रस्ताव पर एनडीए और विपक्ष दोनों तरफ के सांसदों के हस्ताक्षर थे। वहीं, राज्यसभा में जस्टिस वर्मा पर जो प्रस्ताव लाया गया, उसमें सिर्फ विपक्ष के सांसदों के हस्ताक्षर थे। श्री धनखड़ ने राज्यसभा में घोषणा की कि महाभियोग के लिए 50 सिग्नेचर चाहिए होते हैं, और उनके पास विपक्ष का प्रस्ताव आ गया है।

भाजपा और आरएसएस के करीबी पत्रकारों की सुनें तो हाल के दिनों में श्री धनखड़ के भीतर कुछ अलग तरह की महत्वाकांक्षाएं जोर मारने लगी थीं। सत्ता के गलियारों में पैठ रखने का दावा करने वाले कुछ संघनिष्ठ पत्रकारों के द्वारा सोशल मीडिया-यू ट्यूब पर श्री धनखड़ के इस्तीफे अथवा उन्हें हटाए जाने का एक अलग ही कारण बताया गया कि कभी श्री मोदी के करीबी रहे एक पूंजीपति के सहयोग से वह प्रधानमंत्री श्री मोदी को सत्ताच्युत करने के षड्यंत्र में शामिल थे। इसी क्रम में उन्होंने आम आदमी पार्टी के नेता, दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से मुलाकात की थी। वह केजरीवाल और उस पूंजीपति के जरिए आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू को साध कर सरकार गिराने या फिर नेतृत्व परिवर्तन के खेल में लगे थे। लेकिन इन संघनिष्ठ पत्रकारों के अनुसार इस बात की भनक प्रधानमंत्री श्री मोदी और उनके करीबी लोगों को लगने के बाद उपराष्ट्रपति पद से श्री धनखड़ की विदाई तय हो गई थी। 21 जुलाई की शाम 7.30 बजे श्री धनखड़ की जयराम रमेश से टेलीफोन पर हुई बातचीत का ब्यौरा मिलने के बाद आनन-फानन में श्री धनखड़ को त्यागपत्र देने या फिर अविश्वास प्रस्ताव का सामना करने के लिए तैयार रहने का फरमान सुना दिया गया। यहां तक कि इस्तीफे का मजमून भी ऊपर से तैयार होकर ही उनके पास आया था जिस पर उन्हें दस्तखत करने थे। कहा जा रहा है कि श्री रमेश ने श्री धनखड़ पर इलाहाबाद हाईकोर्ट के विवादित जज शेखर यादव के खिलाफ भी महाभियोग प्रस्ताव की मंजूरी के लिए दबाव बनाया था जिस पर उन्होंने कहा था कि कल देखेंगे। यह बात मोदी सरकार को कतई मंजूर नहीं थी कि शेखर यादव पर भी महाभियोग प्रस्ताव आए। इसमें कितना सच है, यह तो आने वाले दिनों में ही पता चल सकेगा, या फिर तब, जब श्री धनखड़ इसके बारे में मुंह खोलेंगे। वैसे, 19 अगस्त को उपराष्ट्रपति के चुनाव में भाजपा (राजग) के उम्मीदवार सी पी राधाकृष्णन का राजग के सांसदों से परिचय करवाने के अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी ने यह कहकर कि श्री राधाकृष्णन भले व्यक्ति हैं, खिलाड़ी भी रहे हैं लेकिन यह राजनीति में खेल नहीं करते, परोक्ष रूप से इसी दिशा में संकेत किया था। यह महज संयोग भी हो सकता है कि श्री धनखड़ के त्यागपत्र के बाद से एक पूंजीपति के घर सीबीआई और ईडी के छापे पड़ने लगे और एक के बाद एक कई बैंकों ने उन्हें फ्राड घोषित करना शुरू कर दिया।

बहरहाल, अब देखने की बात यह होगी कि संघनिष्ठ श्री राधाकृष्णन उपराष्ट्रपति सह राज्यसभा के सभापति के रूप में सदन में और उसके बाहर भी 'लायल दैन किंग' वाली श्री धनखड़ की पक्षपाती भूमिका और कार्यशैली को ही अपनाएंगे या फिर सदन में संविधान, नियम-कानून और समभाव-समदृष्टि के हिसाब से काम करेंगे। इसके कुछ संकेत तो अगले शीतकालीन सत्र में ही देखने के मिल जाएंगे।

# नेपाल में पुरानी व्यवस्था के विरुद्ध जेनरेशन जेड की सम्पूर्ण क्रांति

■ नित्य चक्रवर्ती

नेपाल में 8 और 9 सितंबर को हुए दो दिवसीय विद्रोह, जिसके परिणामस्वरूप संसद भवन, सर्वोच्च न्यायालय और वर्तमान एवं पूर्व शक्तिशाली मंत्रियों के सरकारी एवं निजी आवासों पर हुए हमलों और आगजनी के बाद केपीएसओली सरकार को सत्ता से बेदखल होना पड़ा, भारत के इस हिमालयी पड़ोसी देश में जेनरेशन जेड द्वारा स्थापित राजनीतिक व्यवस्था और देश की कार्यपालिका, विधायिका और न्यायपालिका में उसके प्रतीकों के विरुद्ध सम्पूर्ण विद्रोह की अभिव्यक्ति थी।

नेपाल में युवाओं द्वारा किया गया विद्रोह अगस्त 2024 में बांग्लादेश में हुए घटनाक्रम और 2022 में श्रीलंका में हुए छात्र विद्रोह से कई मायनों में भिन्न है। नेपाल में, इसने मात्र दो दिनों में एक व्यापक रूप ले लिया, जिसकी शुरुआत पहले ही दिन पुलिस द्वारा 19 प्रदर्शनकारियों की हत्या से हुई। अब तक मृतकों की संख्या 25 हो चुकी है। इसके अलावा, छात्रों का गुस्सा हिंसक हो गया और उन्होंने तीनों कम्युनिस्ट पार्टियों और नेपाली कांग्रेस समेत सभी स्थापित राजनीतिक दलों के कार्यालयों को आग के हवाले कर दिया। गौरतलब है कि नेपाल में, काठमांडू और दो-तीन अन्य शहरों में, स्कूली छात्रों, खासकर लड़कियों, ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, जिनमें से कई कुलीन परिवारों से ताल्लुक रखती थीं।

इस तरह, नेपाल में यह विद्रोह इंस्टाग्राम और फेसबुक पीढ़ी का विद्रोह है, जिनकी मानसिकता कम्युनिस्टों समेत सत्ताधारी अभिजात वर्ग से बिल्कुल अलग है। नेपाल की दोनों कम्युनिस्ट पार्टियों के पास एक मज़बूत छात्र संगठन है, लेकिन हालिया विद्रोह में वे पूरी तरह से बेअसर हो गए क्योंकि जेनरेशन जेड ने 26 सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर आधिकारिक प्रतिबंध के खिलाफ एकजुट होकर विद्रोह कर दिया। दरअसल, यह प्रतिबंध ही विद्रोह का मुख्य कारण था क्योंकि नेपाल में जेनरेशन जेडअपने सोशल मीडिया जीवन में पूरी तरह से उलझी हुई है और परिवार या सरकार के बड़ों द्वारा किसी भी तरह का हस्तक्षेप बर्दाश्त करने के मूड में नहीं है।

> **नेपाल में उथल-पुथल अभी भी जारी है। नेपाली सेना प्रमुख और देश के राष्ट्रपति छात्र आंदोलनकारियों के साथ तनाव कम करने और बातचीत करने की कोशिश कर रहे हैं। प्रदर्शनकारियों के पास कोई तैयार कार्यक्रम नहीं है। वे केवल भ्रष्टाचार और राजनीतिक दलों के खिलाफ लड़ाई की बात कर रहे हैं। अगले कुछ दिन बताएंगे कि नेपाल में राजनीति का अगला रुख क्या होगा।**

भ्रष्टाचार और बेरोज़गारी का मुद्दा बाद में तब सुर्खियों में आया जब आंदोलन में शामिल लोगों की हत्या ने इस विद्रोह को सरकार और समग्र राजनीतिक व्यवस्था के विरुद्ध एक आंदोलन में बदलकर एक बिल्कुल नया आयाम दे दिया। इसीलिए दूसरे दिन 9 सितंबर को कई वरिष्ठ नागरिक इसमें शामिल हुए और जेनरेशन जेडआंदोलन ने एक राष्ट्रीय आंदोलन का रूप ले लिया। नेपाल की 2.96 करोड़ की आबादी में से 1.17 करोड़ 35 वर्ष से कम आयु के हैं और 15-24 आयु वर्ग के 57.6 लाख लोग हैं। यह समूह इंस्टाग्राम और फेसबुक के साथ पला-बढ़ा है और नेपाल में सितंबर के विद्रोह के मुख्य प्रेरक हैं।

यदि हम पिछले दस वर्षों में नेपाल की उथल-पुथल भरी राजनीति और अर्थव्यवस्था पर नज़र डालें, तो पाएंगे कि नेपाल ने अपने आर्थिक विकास के मामले में बहुत बुरा प्रदर्शन नहीं किया है। 2025 में इसकी विकास दर 6 प्रतिशत के स्तर पर रही है। हालांकि पाँच में से एक युवा बेरोज़गार है, लेकिन बेरोज़गारी का यह मुद्दा कभी बड़ा नहीं हुआ। नेपाली युवा हमेशा बाहर नौकरी की तलाश में रहते हैं। औसतन हर साल 4 लाख नेपाली बाहर नौकरी के लिए जाते हैं। इसी तरह, नेपाल को बाहर से भारी मात्रा में धन मिलता है और पर्यटन से होने वाली आय के साथ, यह देश के आर्थिक विकास में सहायक होता है।

विश्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार, नेपाल के राजकोषीय संकेतक बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। यह सिंगापुर के समान वाहनों पर सबसे अधिक शुल्क देने वाला देश बना हुआ है, और दक्षिण एशिया में इसका कर-सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) अनुपात सबसे अधिक है। सामाजिक संकेतकों में नाटकीय रूप से सुधार हुआ है, जीवन प्रत्याशा 1990 के 54.77 वर्ष से बढ़कर 2024 में लगभग 72 वर्ष हो गई है। प्राथमिक विद्यालयों में नामांकन लगभग 100 प्रतिशत है, और साक्षरता दर 2000 के 59 प्रतिशत से बढ़कर 2024 में 76 प्रतिशत हो गई है। नेपाल जीवन स्तर सर्वेक्षण 2022/23 के अनुसार, गरीबी 2011 के 25.16 प्रतिशत से घटकर 2023 में 20.27 प्रतिशत हो गई है। उल्लेखनीय रूप से, 81 प्रतिशत नेपाली अपने घरों में रहते हैं, और पांच में से चार नेपाली परिवारों में कम से कम कोई न कोई विदेश में काम करता है या रहता है। 1991 और 2021 के बीच जनसंख्या में 1 करोड़ की वृद्धि हुई है – तीन दशकों में 50 प्रतिशत की वृद्धि।

लेकिन नेपाल में स्थापित राजनीतिक दलों के पिछले दस वर्षों के शासन में देश के राजनीतिक प्रबंधन की तीखी आलोचना हुई है। इस अवधि में, सत्ता तीन/चार राजनीतिक नेताओं तक सीमित रही और उनके परिवार और दोस्त फलते-फूलते रहे, जिससे चौतरफा भ्रष्टाचार का आभास होता रहा। स्कूली छात्रों के बीच, नेपोकिड्स की चर्चा आम हो गई। स्कूली छात्रों द्वारा सितंबर में किया गया आंदोलन भी नेपोकिड्स, यानी शासक परिवारों के बच्चों के प्रति उनके आक्रोश की एक तरह से अभिव्यक्ति थी।

तीन जाने-माने राजनीतिक नेता – के पी शर्मा ओली, पुष्प कमल दहल 'प्रचंड' और शेर बहादुर देउबा – म्यूजिकल चेयर का खेल खेल रहे हैं। नेपाल की कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीएन) (एकीकृत मार्क्सवादी-लेनिनवादी) के ओली कम्युनिस्ट पार्टियों को विभाजित और एकजुट करते हुए सत्ता में बने रहने में सफल रहे हैं। वे 72 वर्ष की आयु में तीसरी बार प्रधानमंत्री बने हैं। उन्होंने अपनी पार्टी के भीतर अपने दो प्रमुख विरोधियों को अलग-थलग करने और एक नई पार्टी बनाने के लिए प्रेरित करके उन्हें किनारे कर दिया। वह उन लोगों को निष्कासित करना जारी रखते हैं जो उनसे टकराते हैं।

दहल 'प्रचंड' एक हिंसक विद्रोह का नेतृत्व करते हुए प्रमुखता से उभरे। वह 2008 में पहली बार प्रधानमंत्री बने और संविधान सभा में सीपीएन (माओवादी केंद्र) के लिए सबसे ज़्यादा सीटें जीतीं। उसके बाद वह दो बार प्रधानमंत्री बने। 70 वर्षीय दहल विभिन्न गठबंधनों का हिस्सा रहे हैं और उन पर वंशवादी तरीके से अपने परिवार की भागीदारी को बढ़ाने का आरोप है। वह एक बड़े जोड़-तोड़ करने वाले व्यक्ति हैं और शीर्ष पर बने रहने में कामयाब रहते हैं।

तीनों में सबसे बुजुर्ग देउबा 79 वर्ष के हैं। वह पांच बार प्रधानमंत्री बन चुके हैं। एक चतुर राजनेता होने के नाते, वह अपने परिवार के हितों की रक्षा करना जानते हैं। उन्होंने नेपाली कांग्रेस से अलग होकर अपना गुट बनाया और फिर 2016 से पार्टी का नेतृत्व करने के लिए फिर से एकजुट हो गए। उन्होंने अपने प्रतिद्वंद्वी रामचंद्र पौडेल को राष्ट्रपति पद के लिए प्रेरित किया और विभिन्न पारिवारिक गुटों को आपस में लड़ाकर कोइराला परिवार को दूर रखा। उन्हें कोई राजनीतिक संकोच नहीं है। सर्वोच्च पद पाने के लिए वे किसी से भी गठबंधन कर सकते हैं।

नेपाल में उथल-पुथल अभी भी जारी है। नेपाली सेना प्रमुख और देश के राष्ट्रपति छात्र आंदोलनकारियों के साथ तनाव कम करने और बातचीत करने की कोशिश कर रहे हैं। प्रदर्शनकारियों के पास कोई तैयार कार्यक्रम नहीं है। वे केवल भ्रष्टाचार और राजनीतिक दलों के खिलाफ लड़ाई की बात कर रहे हैं। अगले कुछ दिन बताएंगे कि नेपाल में राजनीति का अगला रुख क्या होगा। बहुत कुछ सेना प्रमुख और राष्ट्रपति की बातचीत करने की क्षमता पर निर्भर करेगा। प्रमुख राजनेताओं ने छात्रों और जनता का विश्वास खो दिया है।

## आपके पत्र

### शिक्षक सम्मान:सच्चे समर्पण की पहचान और पारदर्शिता की आवश्यकता

शिक्षक सम्मान, जो हमेशा से समाज में एक उच्च स्थान प्राप्त है, आजकल कुछ बदलावों का सामना कर रहा है। शिक्षा के प्रति कुछ शिक्षकों का जूनून और उनका समर्पण वाकई शिक्षा की नींव को मजबूत करता है। लेकिन पिछले कुछ वर्षों में एक नया ट्रेंड देखने को मिला है 'गैर सरकारी संगठन' द्वारा शिक्षकों को सम्मानित करने की प्रक्रिया। जहां एक ओर यह कदम सराहनीय है, वहीं दूसरी ओर इसमें पक्षपात और व्यक्तिगत पसंद-नापसंद का भी असर देखा जा रहा है। विद्यालयों या महाविद्यालयों के प्रिंसिपल द्वारा नाम लेने के दौरान अक्सर यह देखा गया है कि कुछ मेहनती शिक्षकों को नजरअंदाज कर दिया जाता है, जिससे उनका मनोबल गिरता है।

आजकल 'गैर सरकारी संगठन' और अन्य संस्थाएं शिक्षक सम्मान समारोहों का आयोजन करती हैं, लेकिन इन आयोजनों में पारदर्शिता की कमी साफ़ तौर पर महसूस होती है। शिक्षक का चयन कई बार पक्षपात या व्यक्तिगत निर्णयों के आधार पर किया जाता है। यह उन शिक्षकों के लिए निराशाजनक होता है, जो वर्षों से अपनी मेहनत और समर्पण से शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता को बढ़ावा दे रहे होते हैं, लेकिन उन्हें उचित सम्मान नहीं मिलता। ऐसे में उनका मनोबल प्रभावित हो सकता है, और यह उनके कार्यों की गुणवत्ता पर भी असर डाल सकता है।

शिक्षक-सम्मान देने वाली संस्थाओं और सरकार को इस प्रक्रिया को और अधिक पारदर्शी बनाना चाहिए। जब पुरस्कार दिए जाते हैं, तो यह जरूरी है कि प्रत्येक स्तर पर पात्रता की जांच की जाए, और यह जांच सिर्फ स्कूल या महाविद्यालय के प्रिंसिपल तक सीमित न हो। इसमें विद्यार्थियों, अभिभावकों और आसपास के निवासियों का भी योगदान होना चाहिए, क्योंकि वे ही उस शिक्षक के वास्तविक प्रभाव को समझते हैं। यह परख पूरे वर्ष भर चलनी चाहिए, ताकि चयन प्रक्रिया में कोई भी भेदभाव न हो और सभी को समान अवसर मिले।

आज के समाज में पुरस्कार और सम्मान एक प्रतिष्ठा के प्रतीक माने जाते हैं। राज्य शिक्षक पुरस्कार हो या महामहिम राष्ट्रपति द्वारा प्रदत्त राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार, इन पुरस्कारों का चयन एक निश्चित प्रक्रिया से होता है। शिक्षक को पुरस्कार प्राप्ति के लिए स्वयं आवेदन करना पड़ता है, जिसमें ऑनलाइन आवेदन, तस्वीरें, विडियो, विभागीय आख्या, पुलिस वेरिफिकेशन और इंटरव्यू जैसी प्रक्रियाएं शामिल होती हैं। इसके बावजूद, बहुत से पुरस्कार इस रूप में प्रचारित होते हैं जैसे यह केवल कार्य के कारण मिले हैं, जबकि असल में इसे प्राप्त करने के लिए कुछ शिक्षक अपनी व्यक्तिगत पहुंच और प्रभाव का सहारा लेते हैं।

यहां पर एक महत्वपूर्ण सवाल यह उठता है कि क्या सच में हमें पुरस्कार के लिए आवेदन करना चाहिए? मेरी विचारधारा से यह मेल नहीं खाता कि मैं स्वयं पुरस्कार मांगूं। पुरस्कार प्राप्त करना एक सम्मान की बात है, लेकिन क्या उसे प्राप्त करने के लिए स्वयं आगे आना सही है? एक शिक्षक का असली उद्देश्य अपनी शिक्षा और छात्रों के विकास में योगदान करना होता है, न कि अपनी नौकरी या वेतन बढ़ाने के लिए पुरस्कार प्राप्त करना।

जब हम पुरस्कारों को केवल व्यक्तिगत फायदे के रूप में देखते हैं, तो यह सवाल उठता है कि इस पुरस्कार से स्कूल, बच्चों, समाज और समुदाय को क्या फायदा होता है? क्या इसका कोई वास्तविक प्रभाव समाज में दिखता है, या यह सिर्फ एक सम्मान और पहचान का प्रतीक बनकर रह जाता है? अक्सर हम यह नहीं देख पाते कि पुरस्कार मिलने से स्कूल के बुनियादी ढांचे, विद्यार्थियों की शिक्षा, या समग्र समाज के भले के लिए कुछ ठोस बदलाव आया हो।

**डॉ. प्रियंका सौरभ**



## ललित सुरजन की कलम से

### मीडिया चौराहे पर

*'कुछ समय पहले जब रहील खुर्शीद को 'ट्विटर' का भारत प्रभारी नियुक्त किया गया तो उनको हटाने के लिए भी एक मुहिम चल पड़ी क्योंकि खुर्शीद पूर्व में श्री मोदी की आलोचना कर चुके हैं। 'फोर्ब्स इंडिया' के एक संपादक इंद्रजीत गुप्ता को भी किसी ऐसे ही आधार पर पद त्याग के लिए मजबूर होना पड़ा। आर.पी. गोयनका समूह द्वारा संचालित 'ओपन' पत्रिका से जुझारू पत्रकार हरतोष सिंह बल को इसलिए हटना पड़ा कि वे भी नरेन्द्र मोदी की नीतियों का विरोध कर रहे थे। उनके आलोचक भूल गए कि श्री बल ने कांग्रेस और राहुल गांधी की भी उसी निष्पक्षता के साथ आलोचना की थी। इस बीच दिल्ली के युवा पत्रकार शिवम विज का एक लेख इंटरनेट पर आया है जिसमें उनका आरोप है कि मुकेश अंबानी के टीवी-18 समूह ने अपने दो जाने माने पत्रकारों निखिल वागले व सागरिका घोष को चेतावनी दी है कि वे निजी तौर पर भी श्री मोदी की आलोचना करना बंद करें।'*

**(देशबन्धु में 13 फरवरी 2014 को प्रकाशित)**

**https://lalitsurjan.blogspot.com/2014/02/blog-post_12.html**

## पावन प्रसंग

### संतुलित मस्तिष्क के लिये आवश्यक है आवेगों पर नियन्त्रण

व्यवस्थित एवं समुन्नत शील जीवन का निर्माण संतुलित मस्तिष्क से ही संभव है। संतुलित मस्तिष्क आवेगों पर नियन्त्रण कर के प्राप्त किया जा सकता है। व्यक्ति स्वभावत: अपराधी नहीं होता किन्तु आवेग उसे अपराध में झोंक देते हैं। आवेग एक मानसिक आंधी है, वह मानव के मस्तिष्क को असंतुलित ही नहीं कर देती कई वार तो उसे विचार शून्य तक बना देती है। आवेग की आंधी में मस्तिष्क का अस्तित्व ही विलुप्त सा हो जाता है अनेक दुष्कर्म व्यक्ति के द्वारा उसी अवस्था में होते हैं। मस्तिष्क व्यक्ति के जीवन और चरित्र को संतुलित करता है। वही जब असंतुलित हो जाता है तो उस समय मानव क्या कर बैठे कुछ भी नहीं कहा जा सकता।

अपने आवेगों को नियन्त्रित करना सबसे बड़ी साधना है, सबसे बड़ा तप है। आवेगों का जन्म बाह्य परिस्थितियो से जुड़ कर होता है। अत: बहुत उचित होगा कि हम अपने बाह्य वातावरण को इतना सुलझा हुआ रखें कि आवेग पैदा होने जैसा कुछ हो ही नहीं किन्तु इतना सब कुछ कर लेने पर भी इतना तो होगा ही कि सारे व्यक्ति जो अपने से जुड़े है वे अपनी तरह ही सोचेंगे, यह अवश्यक नहीं। अत: परिस्थितियों में प्रतिकूलता तो बनी ही रहने वाली है। परिस्थिति की प्रतिकूलताओं को सहर्ष स्वीकार कर अपने आवेगों को दबाए रखना और मस्तिष्क के संतुलन को सुरक्षित रखना सच्चा और अच्छा जीवन जीने की कला है।

पड़ोसी देश ने कारगिल आदि प्रदेशों में भारत को महा युद्ध के लिये उकसाने में कोई कमी नहीं रखी किन्तु भारतीय सेना और संचालकों ने आवेगों से बचकर अपने संतुलन को बनाये रखा और देश को व्यापक युद्ध से बचा लिया जिसकी सारे विश्व में प्रशंसा हुई है। शक्ति शाली होकर भी संतुलित रहना एक महान कार्य है। भारत निश्चित ही अपनी महानता के अनुरुप सहन शीलता और विवेक पूर्वक आगे बढ़ा । धैर्य और संतुलन ने उसे सफलता के शिखर पर समारुढ़ कर दिया । आज विश्व में चारों तरफ आवेग पूर्ण वातावरण व्याप्त हो रहा है। व्यक्ति असंतुलित जी रहा है। किसका कब क्या हो जाए और कब कौन क्या कर बैठे कुछ कहा नहीं जा सकता ऐसे विषम वातावरण में धर्म ही है जो समता और संतुलन की दिशा प्रदान करता है।

पर चालित है आज का मानव

कहने को आज व्यक्ति स्वतन्त्र है, यदि बहुत गहरे अर्थों में देखा जाए तो मानव में स्वतन्त्रता का कहीं कोई अंश आपको नहीं मिलेगा। विचार और व्यवहार दोनों स्तर पर आज भी व्यक्ति बहुत कुछ परतन्त्र है।

जहां तक भाव जगत का प्रश्न है व्यक्ति वहां आवेगों के अधीन चलता है। राग-द्वेष ईर्ष्या, छल और लालच के आग्रह बहुत गहरे है, इनके आवेग मानव की भावनाओं को इतना अधिक प्रभावित कर देते है, कि उसकी इन से हट कर कोई स्वतन्त्र सोच ही नहीं रह पाती। नशे की तरह ये आवेग मानव की चेतना पर छाये रहते हैं। कभी-कभी जब इनका दुष्परिणाम मानव पर प्रकट होता है, और वह जब इनसे किसी संकट पूर्ण स्थिति में फस जाता है, तब उसे समझ में आता है, कि मैंनें जो सोचा वह कितना गलत था। किन्तु जब तक यह समझ पैदा होती तब तक तो वह अपना सब कुछ श्रेष्ठ गंवा बैठता हैं, फिर तो पश्चाताप ही शेष रह जाता है। सत्य और उपयोग का सोच तो गलत सोचने के समय ही आना चाहिये जिससे सोचने की गलत दिशा को समाप्त किया जा सके ।

विचार यदि तथ्य और परिणाम परक न बने तो समझना चाहिये कि हम किसी आवेग में सोच रहे है आवेग में सोचना वैचारिक परतन्त्रता है। परचालित प्रक्रिया है। आवेग और आग्रह स्वतन्त्र चिन्तन के शत्रु है वे विचारों को अपना बन्धक बना लेते हैं।

व्यक्ति भौतिक स्तर परभी जितने व्यवहार या कार्य करता है, वे भी स्वचालित नहीं है। व्यक्ति अपने प्रत्येक व्यवहार को किसी अन्य के साथ तोलता है। उसने ऐसा किया तो मैं भी वैसा ही करूंगा। इस भाव से आप जो कुछ करते हैं, उसके प्रत्यक्ष में कारक आप स्वयं होते हैं, किन्तु परोक्षत उसका कारक तो कोई और होता है। भाई पड़ोसी सहपाठी कोई भी हो सकता है। उसे आदर्श मानकर अपने कार्य किये जाते हैं, यह परतन्त्रता नहीं तो और क्या है ? आज दहेज, साज सज्जा प्रदर्शन जो भी बढ़े हैं, उनकी कारक यह परचालित प्रक्रिया ही है। एक दूसरे को देखकर व्यक्ति अपने में एक प्रतिद्विन्द्विता का भाव पैदा करता है। यही तो उसका पर चालित होना है। आपको कोई पड़ोसी या अन्य चलाए क्या यह अच्छी बात है ?

**-कांतिलाल मांडोत**

## सार-समाचार

### उप पुलिस महानिरीक्षक शशीन्द्र सिंह चौहान ने कार्यभार ग्रहण किया



**सागर, देशबन्धु।** गुरुवार को शासन से स्थानांतरण आदेश के अनुसार 2010 बैच के भारतीय पुलिस सेवा आईपीएस अधिकारी एवं उप पुलिस महानिरीक्षक शशीन्द्र सिंह चौहान ने सागर रेंज में अपनी ड्यूटी ज्वाइन की। वे 32वीं वाहिनी विशेष सशस्त्र बल उज्जैन में उप पुलिस महानिरीक्षक सेनानी के पद से स्थानांतरित होकर सागर आये हैं। कार्यभार ग्रहण करने पर पुलिस अधीक्षक विकाश कुमार शाहवाल एवं अति. पुलिस अधीक्षक लोकेश कुमार सिंहा सहित वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने उनका पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। श्री चौहान पूर्व में भी सागर पुलिस प्रशिक्षण शाला में सेवायें दे चुके हैं तथा सागर जिले से भलीभांति परिचित हैं। उनके पुन: सागर में पदस्थापना से जिले की पुलिस व्यवस्था और सुदृढ़ एवं प्रभावी होने की उम्मीद है।

### गुमशुदा बच्चों को सकुशल परिजनों तक पहुंचाया



**सागर, देशबन्धु।** ग्राम बिजोरा निवासी हरिनाथ यादव ने थाना प्रभारी देवरी गजेंद्र सिंह बुंदेला को सूचना दी कि गांव में दो छोटे-छोटे बच्चे आयु लगभग 7 और 8 वर्ष घूमते हुये मिले हैं, जो अपने घर जाना चाहते हैं किंतु सही नाम पता नहीं बता पा रहे हैं। थाना प्रभारी ने तत्काल सक्रियता दिखाते हुए कंट्रोल रूम को सूचना देकर बच्चों की जानकारी एवं तस्वीरें सोशल मीडिया माध्यमों से प्रसारित करवाई। बच्चों को थाने बुलाकर बड़े स्नेह पूर्वक पूछताछ की गई, जिस पर आंशिक जानकारी मिली कि वे नरयावली थाना क्षेत्र के निवासी हैं। इस आधार पर थाना प्रभारी ने नरयावली थाना से संपर्क कर वहां के सरपंच का नंबर प्राप्त किया और बच्चों की फोटो व जानकारी साझा की। कुछ ही देर में सरपंच द्वारा बच्चों का सही पता बताया गया। तत्पश्चात बच्चों के माता-पिता देवरी थाना पहुंचे, जहां थाना प्रभारी गजेंद्र सिंह बुंदेला एवं उनकी टीम ने दोनों मासूम बच्चों को सकुशल उनके परिजनों को सौंप दिया। इस त्वरित एवं मानवीय कार्यवाही में कंट्रोल रूम सागर से उप निरीक्षक राजकुमार सिंह चौहान, उप निरीक्षक भागचंद उइके, धर्मेंद्र, इमरान, विश्वप्रताप, विष्णु यादव का योगदान रहा।

### मंदिर कमेटी ने राजेश जैन को किया सम्मानित

**बीना, देशबन्धु।** जैन धर्म एवं समाज के लिए समर्पित बीना के वरिष्ठ पत्रकार राजेश जैन को श्री सुपार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर मध्य क्षेत्र कमेटी के द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जैन पत्रकार महासंघ द्वारा जिला संयोजक नियुक्त किये जाने पर उन्हें बधाइयां भी प्रेषित की। मंदिर के सभागृह में आयोजित कार्यक्रम में मध्य क्षेत्र दिगंबर जैन मंदिर के अध्यक्ष दीपक जैन, मंत्री मनीष जैन पड़रिया, राकेश नायक, राजीव सराफ, पारस जैन, राजा जैन आदि सहित समिति सदस्यों ने राजेश जैन को सम्मानित किया।

# मप्र पंचायत सचिव संगठन ने 5 सूत्रीय मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन



**सागर, देशबन्धु।** गुरवार को मंत्री गोविंद सिंह राजपूत के निज निवास पर आयोजित जनसुनवाई में मप्र पंचायत सचिव संगठन के पदाधिकारियों ने अपनी पांच सूत्रीय मांगों को लेकर मंत्री गोविंद सिंह राजपूत के लिये ज्ञापन सौंपा। मंत्री राजपूत ने कहा कि पंचायत सचिव ग्रामीण विकास की रीढ़ हैं। केंद्र एवं राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को अंतिम छोर तक पहुंचाने में उनकी भूमिका अतुलनीय है। मंत्री राजपूत ने ज्ञापन सौंपने आये पंचायत सचिव संगठन के पदाधिकारियों की समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुना एवं पंचायत सचिव संगठन के पदाधिकारियों को आस्वत किया कि उनकी सभी जायज मांगों एवं समस्याओं का शासन स्तर पर उचित निराकरण किया जायेगा। मप्र पंचायत सचिव संगठन के जिलाध्यक्ष जगन्नाथ प्रसाद गौर ने मंत्री राजपूत से कहा कि मप्र पंचायत सचिव केंद्र एवं राज्य सरकार की सभी योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाते हैं एवं अपना कार्य पूरी ईमानदारी एवं निष्ठा से करते हैं। लेकिन शासन-प्रशासन के द्वारा सचिवों को मिलने वाली योजनाओं का लाभ समय पर नहीं मिल रहा है। संगठन के सदस्यों ने बताया कि शासन द्वारा साल 2023 में पंचायत सचिवों के लिये, आयुष्मान कार्ड योजना का लाभ देने के आदेश जारी किये गये थे। बावजूद इसके दो वर्ष बीत जाने के बाद भी सचिवों के लिये आयुष्मान कार्ड जैसी आवश्यक एवं महत्वपूर्ण योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। सदस्यों ने मांग करते हुये कहा कि पंचायत सचिवों के लिये अन्य शासकीय कर्मचारियों को प्रदान किये जाने वाले समयमान वेतनमान का लाभ पंचायत सचिवों के लिये भी प्रदान किया जाये एवं वेतन संशोधन करवाये जाने का आग्रह किया। इस अवसर पर संभाग अध्यक्ष राकेश कुमार दुबे, राहतगढ़ ब्लॉक अध्यक्ष कृष्णकांत देवलिया, जैसीनगर ब्लॉक अध्यक्ष रामकृष्ण कुर्मी, मनोज मिश्रा, विजय यादव, प्रदीप अहिरवार, बहादुर शाह राजपूत सहित बड़ी संख्या में संगठन के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

### दीनदयाल रसोई का किया निरीक्षण



**सागर, देशबन्धु।** एसडीएम अदिति यादव, तहसीलदार संदीप तिवारी एवं मकरोनिया नपा सीएमओ पवन शर्मा ने मकरोनिया स्थित दीनदयाल रसोई का निरीक्षण किया। उन्होंने रसोई में बन रहे भोजन की गुणवत्ता की जांच की और परिसर एवं व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। अधिकारियों ने दीनदयाल रसोई में भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता और सुरक्षा मानकों का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि भोजन में उपयोग होने वाले सामग्री की गुणवत्ता सुनिश्चित की जाये और भोजन बनाने वाले कर्मचारियों की साफ सफाई का विशेष ध्यान रखा जाये। दीनदयाल रसोई में भोजन प्राप्त करने वाले लाभार्थियों से भी चर्चा की और उनकी प्रतिक्रिया जानी। उन्होंने लाभार्थियों को आश्वस्त किया कि उनकी सुविधा और भोजन की गुणवत्ता के लिये आवश्यक कदम उठाये जायेंगे।

## जैन स्कूल में संस्थापक वर्णी महाराज की जन्म जयंती मनाई



**सागर, देशबन्धु।** जैन उच्चतर माध्य. विद्यालय और जैन पब्लिक स्कूल सीबीएसई के संस्थापक क्षुल्लक गणेश प्रसाद जी वर्णी की 152 वी जन्म जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एम कुमार संयुक्त संचालक लोक शिक्षण, विशिष्ट अतिथि अरविंद जैन जिला शिक्षा अधिकारी और अध्यक्षता राजीव चौधरी कार्याध्यक्ष ने की। इस अवसर पर सचिव डॉ. केके सराफ ने वर्णी जी द्वारा स्थापित जैन हाई स्कूल की प्रगति और अतीत से अवगत कराया। संयुक्त संचालक ने शिक्षा के क्षेत्र मे जैन स्कूल द्वारा किये जा रहे कार्यो की सराहना की। जिला शिक्षा अधिकारी ने बीते वर्षो मे प्रबंध समिति द्वारा किये गये कार्यो को शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण बताया। इस अवसर पर विमल जैन सह सचिव, अशोक फुसकेले, डॉ. अरूण सिंघई, संतोष रांधेलीय, सिद्धार्थ जैन, ऋषभ समैया, प्रदीप रांधेलीय, अरविंद जैन, डॉ. रश्मि जैन, उपस्थित रही। अध्यक्ष राजीव चौधरी ने दोनो स्कूलो की उत्तरोत्तर प्रगति और वर्णी जी के जीवन वृतांत से अवगत कराया। कार्यक्रम में प्राचार्य आरके यादव, पवन जैन, अनूप दुबे, वैशाली अग्रवाल, नितिन तिवारी एवं दोनो स्कूलो के शिक्षक शिक्षिकाये उपस्थित रही। जैन पब्लिक स्कूल के कक्षा 12 वीं के छात्र पार्थ गुप्ता को नीट परीक्षा में सफलता प्राप्त होने पर स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर गत वर्ष के मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत और दोनो विद्यालयो के शिक्षक शिक्षिकाओं को सम्मानित किया गया। आभार प्रदर्शन जैन पब्लिक स्कूल के प्राचार्य रजनीश जैन द्वारा किया गया।

### मौसी का मकान कब्जाने के लगे आरोपो को बताया बेबुनियाद, एसडीओपी कार्यालय में दिया आवेदन

**खुरई, देशबन्धु।** रविवार को मालथौन थाना के बमनौरा निवासी शंकर चढ़ार पर कुछ लोगों और उसकी मौसी ने धोखाधड़ी कर मकान को कब्जाने के आरोप लगाये थे जिसकी शिकायत थाना पुलिस को की थी। जिस पर शंकर चढ़ार ने खुरई एसडीओपी कार्यालय पहुंचकर आवेदन दिया है जिसमें उस पर लगे आरोपों को बेबुनियाद बताते हुये उल्लेख किया है कि फरियादी कमलाबाई उनकी रिश्ते में मौसी लगती हैं उनके पति मोहन लाल चढार का 4 वर्ष पहले देहांत हो गया था। मौसा-मौसी के यहां कोई संतान नहीं है, मौसी अकेली मालथौन में रहती थी। तीन वर्ष पहले मौसी कमलाबाई ने मुझे कहा था कि मेरी देखरेख के लिये कोई नहीं है इसलिये मेरी देखरेख के लिये तुम मालथौन आ जाओ तो मैं मौसी के घर रहने लगा। मौसी के कहने पर मैं मालथौन में उनके घर के एक कमरे में रहने लगा उनकी देखरेख एवं सेवा करने लगा। एक साल पहले अपने घर को रजिस्टर्ड वसियत मेरे नाम कर दी थी। मार्च महीने में मेरा एक्सीडेंट हो गया था जिससे मैं मालथौन नहीं रह पाया मौसी की देखरेख करने में असमर्थ रहा। इसी दौरान मौसी अपनी छोटी बहिन के लड़के रघुवर के पास जाकर रहने लगी। इसी बीच लोगों ने बरगलाकर शंकर के खिलाफ बदनाम करने यह साजिश रची कि उसने धोखे से मकान की वसीयत करा ली है जबकि शंकर का कहना है कि कमला बाई ने खुद मकान की वसीयत को उसके नाम किया था जिसके वीडियो भी शंकर के पास है जिसमें वो नगर पालिका से शंकर के नाम घर के कागजात करने का जिक्र कर रही हैं। आवेदन में शंकर ने राजेश चढार निवासी धौरई रतिराम चढार निवासी मालथौन, रघुवर चढार, सुनील चढार बननौरा पर वसियत वापिस करने का दबाव बनाने और उसकी मौसी को बहलाफुसला कर उसके खिलाफ बहलाने के आरोप लगाये हैं, साथ ही खुद पर लगे आरोपों को वेबुनियाद बताते हुये उक्त लोगों पर सोशल मीडिया, व्हाट्स एप ग्रुप पर बदनाम करने के आरोप लगाते हुये न्याय की मांग की हैं।

### रानी दुर्गावती अभ्यारण के विस्थापितों के साथ हुई बैठक



**सागर, देशबन्धु।** देवरी में रानी दुर्गावती नौरादेही अभ्यारण्य के विस्थापित परिवारों की समस्या निवारण के लिये विस्थापितों के साथ बैठक आयोजित की गई जिसमें उनकी समस्याओं को सुना एवं दूर किया। एसडीएम मुनव्वर खान ने बताया कि कलेक्टर के द्वारा निर्देश दिये गये की विस्थापित होने वाली सभी विस्थापितों को समय पर भू-अर्जन की राशि मिल सके एवं विस्थापित स्थल पर सभी मूलभूत सुविधायें प्राप्त हो सके इसके लिये सभी आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित की जावे इसी परिपेक्ष में देवरी में सभी विस्थापितों की बैठक की गई एवं उनके सुझाव लिये एवं आवश्यक करवाई की। बैठक में अन्य विभाग के भू अर्जन प्रकरणों पर विभागवार समीक्षा की गई।

## गांव गांव अवैध शराब विक्रय के खिलाफ ग्रामीण हो रहे मुखर, बेचने वालों में हड़कंप



**मालथौन, देशबन्धु।** इन दिनों ग्रामीण क्षेत्र में जागरूक नागरिकों द्वारा अवैध शराब विक्रय को लेकर अभियान चलाया जा रहा है, गांव में अवैध रूप से शराब नहीं बिक्री नही होगी। जिसको लेकर ग्रामीण जन गांव में बैठक कर शराबबंदी का प्रस्ताव पास कर रहे हैं। इस शराब बंदी के अभियान से तथा कथित गांवों के कारोबारियों में हड़कंप मच गया हैं वह चिंतित हैं। अब वह खुलेआम हड़काने लगे हैं। मालथौन ब्लॉक की ग्राम पंचायत रजुआ में ग्राम सभा कर शराब बंदी का ऐलान से कथित दबंग कारोबारी द्वारा खुलेआम तौर पर धमकाने का मामला सामने आया हैं। जिसको लेकर ग्रामीणों द्वारा बांदरी थाना पुलिस को ज्ञापन सौंपकर कार्यवाही की मांग की हैं। जिसमें उल्लेख किया है कि ग्राम पंचायत रजौवा के दोनो ग्रामों में ग्राम सभा में सर्व सहमति से यह प्रस्ताव पास किया गया है कि ग्राम की सीमा में किसी भी जगह शराब की बिक्री न की जाये। ग्रामसभा में उपस्थित सभी ग्राम वासियों एवं अन्य ग्रामों के वरिष्ठ नागरिकों के सामने आंचल ढाबा के संचालक ग्राम गाडौला जागीर निवासी द्वारा धमकी देकर सभी के सामने कहा गया कि मेरी शराब बंद नही होगी मैं शराब बेचना बंद नहीं करूंगा एवं यह बात पर ग्राम वासियों को बंदूक का रोब दिखाता है और डर का माहौल बनाने का प्रयास करता है। यह आपराधिक किस्म का व्यक्ति है इनके ढाबा से भारी मात्रा में अवैध शराब का कारोबार किया जाता है। ढाबा के आसपास ग्राम की कृषि भूमि होने की वजह से महिलायें वहां से निकलती हैं तो शराब पीने वाले व्यक्ति उन पर अभद्र टिप्पणी गलत बर्ताव करते हैं। जब ग्राम वासियों द्वारा यह आवाज उठाई गई तो वह लोगों को धमकी देकर चला गया। ढाबा पर शराब बंद नहीं होगी जबकि पुलिस के कर्मचारी उस जगह उपस्थित थे। पुलिस अधिकारी से निवेदन है की जो उसके पास बंदूक है बंदूक के लाइसेंस की जांच की जाये एवं शराब की बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाये। उक्त व्यक्ति पर कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जाये। ज्ञापन सौंपने वालों में अनेक लोग मौजूद रहे।

### आटो चालक ने की ईमानदारी की मिसाल पेश



**सागर, देशबन्धु।** कटरा से सरकारी बस स्टेण्ड पर उतरी सवारी अरूण पाराशर का कल आटो में पर्स, मोबाइल व जरूरी कागजात छूट गये थे। पर्स में 7200 रूपये, एटीएम, आधार कार्ड आदि थे जिसे आटो चालक जयराम रजक ने आटो रिक्शा यूनियन अध्यक्ष पप्पू तिवारी के साथ गोपालगंज थाने पहुंचकर अरूण पाराशर को पुलिस की मौजूदगी में लौटाकर ईमानदारी की मिसाल पेश की। आटो चालक जयराम रजक के परिवार का भरण पोषण किराये के आटो को चलाने से ही होता है। पप्पू तिवारी ने बताया कि एक दिन पहले आटो मे छूटे नगद रूपये, जरूरी कागजात, मोबाइल जैसे ही जयराम रजक ने अपने आटो में देखे तो वो सवारी को ढूंढने लगा लेकिन 3 घंटे तक तलाशी करने पर भी जब सवारी नहीं मिली तो मुझे बताया कि मेरे आटो में किसी के पैसे, मोबाइल छूट गये हैं तो वह मेरे साथ गोपालगंज थाने पहुंचा। फिर पता चला कि जिसका मोबाइल, पैसे एवं कागजात आटो में छूटे हैं वो सदर के 17 मुहाल में रहते हैं उनका नाम अरूण पाराशर है। गोपालगंज पुलिस थाने में पुलिस की मौजूदगी में अरूण पाराशर का सामान वापिस कर आटो चालक ने ईमानदारी की मिसाल पेश की। पप्पू तिवारी ने बताया कि इसके पूर्व भी कई आटो चालक आटो में छूटा बहुमूल्य सामान सवारी को वापिस कर ईमानदारी की मिसाल पेश कर चुके हैं।

### मोतीनगर चौराहे पर निधि वन का स्वरूप मां देवी पंडाल में दिया जा रहा



**सागर, देशबन्धु।** श्री दुर्गा अवतार महोत्सव समिति की बैठक मोती नगर चौराहा के पास आयोजित की गई, जिसमें सर्व सहमति से इस वर्ष का अध्यक्ष सूरज घोषी को चुना गया। समिति प्रवक्ता अंकित सनकत ने बताया कि समिति इस वर्ष नवरात्रि दुर्गा महोत्सव का 61 वां वर्ष मनाने जा रही है, जो कि बड़े ही हर्ष और उल्हास के साथ मनाया जायेगा। इस वर्ष की झांकी में मथुरा वृन्दावन का निधिवन का स्वरूप मां देवी पंडाल में दिया जा रहा है, साथ ही अष्ट गोपीयो के द्वारा महारास की लीला झांकी में भक्तों को दर्शन में दिखाई जायेगी। इस वर्ष मां दुर्गा का स्वरूप चारभुजा धारी, शेर पर सवार मां दुर्गा की प्रतिमा भक्तों को झांकी पंडाल में दर्शन को मिलेगी।


**CHANGE OF NAME**

I, HARISH CHANDRA GARJOLA FATHER OF ARMY NO - 4574151P RANK HAV NAME GOPAL DATT GARJOLA PRESENTLY RESIDING AT CHHOTI HALDWANI, KALADHUNGI, KALADHUNGI, KALADHUNGI BANDOBASTI, NAINITAL, UTTARAKHAND, 263140 HAVE CHANGED MY NAME FROM HARISH CHANDRA GARJOLA (OLD NAME) TO HARISH CHANDRA (NEW NAME) . VIDE AFFIDAVIT DATED 11/09/2025 EXECUTED BEFORE DISTRICT COURT SAGAR M.P

**CHANGE OF NAME**

I , NO - JC 573759Y RANK NB SUB NAME MOHINDER SINGH SERVING IN 4 MAHAR BORDER'S C/O 99 APO HOME ADDRESS VILL - DARSHANI, DARSHANI, BAGESHWAR, UTTARAKHAND, 263641 HAVE CHANGED MY DAUGHTER NAME FROM SHEILI TO SHAILI IN MY ALL DOCUMENTS VIDE AFFIDAVIT DATED 11/09/2025 EXECUTED BEFORE DISTRICT COURT SAGAR M.P

**न्यायालय नजूल तहसीलदार पन्ना जिला पन्ना (म.प्र.)**

रा.प्र.क्रं./.../अ-6/वर्ष 2025-26 पन्ना, दिनांक 08.09.2025

**सार्वजनिक उद्घोषणा**

आवेदक **राकेश गुप्ता पिता मथुरा गुप्ता** निवासी गांधी वार्ड नं. 12 मोहल्ला बेनीसागर पन्ना तहसील व जिला पन्ना म.प्र. द्वारा नजूल सर्वे शीट क्रमांक एन.ई. 1/1 डी मोहल्ला बेनीसागर पन्ना के भूखण्ड क्रमांक 237 जिसका कुल क्षेत्रफल 65.33 वर्गमीटर जो कौशल्या जोजे लालमन केशरवानी सा. देह के नाम नजूल जॉच रजिस्टर में दर्ज अभिलेख है, जो खसरा नं. 1923 का अंश भाग है। आवेदक द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय पत्र के माध्यम से विक्रेता श्रीमती सुमित्रा बाई पति स्व. श्री कल्हैयालाल गुप्ता निवासी विछीया चौक रीवा से क्रेता राकेश कुमार पिता श्री मथुरा प्रसाद गुप्ता निवासी गांधी वार्ड नं 12 बेनीसागर पन्ना द्वारा म.प्र. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109 एवं 110 के तहत नामांतरण किये जाने हेतु नजूल अधिकारी पन्ना के न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। जो नियमानुसार कार्यवाही एवं जॉच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। उक्त आवेदन की विषयवस्तु से संबंधित यदि किसी आम /खास जनों को कोई आपत्ति हो तो वह दिनांक **25/09/2025** तक न्यायालयीन समय पर इस न्यायालय में अधोहस्ताक्षरी के समक्ष स्वयं उपस्थित होकर / अधिवक्ता या अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से आपत्ति आवेदन प्रस्तुत कर सकता है, बाद म्याद आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 08.09.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

**( शाकम्भरी प्रसाद द्विवेदी )**
**नजूल तहसीलदार जिला-पन्ना ( म.प्र. )**

**न्यायालय विवाह अधिकारी एवं अपर कलेक्टर पन्ना जिला पन्ना म.प्र.**

आदेशिका क्र./1131/ 2025 पन्ना, दिनांक- 02.09.2025

**सार्वजनिक उद्घोषणा**

नोटिस दाता-अंकित पाठक उम्र 23 वर्ष पुत्र श्री रामभजन पाठक
निवासी-ग्राम बमुरी पोस्ट बमुरी तहसील देवेन्द्रनगर जिला पन्ना म.प्र.

**एवं**

अंतिमा देवी कुशवाहा उम्र 21 वर्ष पुत्री श्री प्रेमलाल कुशवाहा
निवासी-ग्राम डडिया टोला पोस्ट बरहना
तहसील रघुराजनगर जिला सतना म.प्र.

इस नोटिस के द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त नोटिस दाताओं ने विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा 05 के तहत् परस्पर विशेष विवाह करने हेतु सूचना पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

उपरोक्त विवाह के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह स्वयं या अपने वैध प्रतिनिधि द्वारा लिखित रूप में इस उद्घोषणा जारी होने के दिनांक से 30 दिन के अंदर इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकता है, समयावधि के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर विधि के सम्यक अनुक्रम में सुनवाई नहीं की जाएगी।

उद्घोषणा के साथ द्वितीय अनुसूची ''आशयित विवाह की सूचना'' संलग्न कर भेजी जा रही है। उद्घोषणा का विधिवत् प्रकाशन कराया जाए एवं बाद तामील इस न्यायालय को भेजी जाए।

उद्घोषणा आज दिनांक 25 अगस्त 2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी की गई।

संलग्न-आशयित विवाह की सूचना।
प्रकरण में सुनवाई तिथि-**25 सितम्बर 2025**

**( नीलाम्बर मिश्र )**
**अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारीपन्ना, जिला -पन्ना ( म.प्र. )**

**CHANGE OF NAME**

I, KUMARI SUNANDA GORAI IS LEGALLY WEDDED SPOUSE OF ARMY NO - 4574294P RANK HAV NAME KALYAN GORAI SERVING IN 11 MAHAR REGT HOME ADDRESS AT VILL - KANTRIA, KSHIRGRAM, BARDDHAMAN, WEST BENGAL, 713143 HAVE CHANGED MY NAME FROM KUMARI SUNANDA GORAI TO SUNANDA GORAI IN MY ALL DOCUMENTS VIDE AFFIDAVIT DATED 11/09/2025 EXECUTED BEFORE DISTRICT COURT SAGAR M.P

**CHANGE OF NAME**

I ,JIWANTI DEVI MOTHER OF ARMY NO - 4574151P RANK HAV NAME GOPAL DATT GARJOLA PRESENTLY RESIDING AT CHHOTI HALDWANI , KALADHUNGI, KALADHUNGI, KALADHUNGI BANDOBASTI, NAINITAL, UTTARAKHAND, 263140 HAVE CHANGED MY NAME FROM JIWANTI DEVI (OLD NAME) TO JEEWANTI DEVI (NEW NAME) . VIDE AFFIDAVIT DATED 11/09/2025 EXECUTED BEFORE DISTRICT COURT SAGAR M.P

**In The Court Of Ist Additional Motor Accident Claims Tribunal, District Court, Raisen**

Presiding Officer: श्रीमती सविता ओगले
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु
(MACC/0000007/2024)

कमलाबाई..........................................................वादी

Vs

हुकुम सिंह यादव.................................................... प्रतिवादी

Process Id-/2025
पेशी दिनांक : **16.09.2025**

प्रेषिती-
(1) हुकुम सिह यादव पिता मुलायम सिंह यादव
पता- निवासी मेनपानी थाना व जिला सागर म.प्र.
(2) राजू पटैल पिता भगवान सिह
पता निवासी बरोदा थाना व तह. व जिला सागर म.प्र.

यह कि प्रार्थी कमलाबाई ने आपके विरूद्ध मोटर दुर्घटना दावा के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात / हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें।

यह आज तारीख 04 September 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है

सील

**न्यायाधीश**
**प्रथम जिला न्यायाधीश**
**बेगमगंज, जिला रायसेन ( म.प्र. )**

कृपया ध्यान दें:-1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

**न्यायालय विवाह अधिकारी एवं अपर कलेक्टर पन्ना जिला पन्ना म.प्र.**

आदेशिका क्र./1128/ 2025 पन्ना, दिनांक- 02.09.2025

**सार्वजनिक उद्घोषणा**

नोटिस दाता-अतुल पाठक उम्र 21 वर्ष पुत्र श्री राम भजन पाठक
निवासी-ग्राम बमुरी पोस्ट बमुरी तहसील देवेन्द्रनगर जिला पन्ना म.प्र.

**एवं**

देवाशी सोनी उम्र 19 वर्ष पुत्री श्री प्रकाश बाबू सोनी
निवासी-वार्ड नं. 10 सतना रोड देवेन्द्रनगर,
तहसील देवेन्द्रनगर जिला पन्ना म.प्र.

इस नोटिस के द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त नोटिस दाताओं ने विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा 05 के तहत् परस्पर विशेष विवाह करने हेतु सूचना पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

उपरोक्त विवाह के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह स्वयं या अपने वैध प्रतिनिधि द्वारा लिखित रूप में इस उद्घोषणा जारी होने के दिनांक से 30 दिन के अंदर इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकता है, समयावधि के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर विधि के सम्यक अनुक्रम में सुनवाई नहीं की जाएगी।

उद्घोषणा के साथ द्वितीय अनुसूची ''आशयित विवाह की सूचना'' संलग्न कर भेजी जा रही है। उद्घोषणा का विधिवत् प्रकाशन कराया जाए एवं बाद तामील इस न्यायालय को भेजी जाए।

उद्घोषणा आज दिनांक 25 अगस्त 2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी की गई।

संलग्न-आशयित विवाह की सूचना।
प्रकरण में सुनवाई तिथि-**25 सितम्बर 2025**

**( नीलाम्बर मिश्र )**
**अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी पन्ना, जिला-पन्ना ( म.प्र. )**

**न्यायालय विवाह अधिकारी एवं अपर कलेक्टर पन्ना जिला पन्ना म.प्र.**

आदेशिका क्र./1115/ 2025 पन्ना, दिनांक- 07.08.2025

**सार्वजनिक उद्घोषणा**

नोटिस दाता-केशव प्रसाद शर्मा उम्र 36 वर्ष पुत्र श्री ओमकार शर्मा
निवासी-ग्राम व पोस्ट बडवारा तहसील देवेन्द्रनगर जिला पन्ना म.प्र.

**एवं**

सोनम दहायत उम्र 20 वर्ष पुत्री श्री मध्धू दहायत
निवासी-ग्राम हरदुआ पोस्ट हरदुआ तहसील अमानगंज जिला पन्ना म.प्र.

इस नोटिस के द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त नोटिस दाताओं ने विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा 05 के तहत् परस्पर विशेष विवाह करने हेतु सूचना पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

उपरोक्त विवाह के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह स्वयं या अपने वैध प्रतिनिधि द्वारा लिखित रूप में इस उद्घोषणा जारी होने के दिनांक से 30 दिन के अंदर इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकता है, समयावधि के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर विधि के सम्यक अनुक्रम में सुनवाई नहीं की जाएगी।

उद्घोषणा के साथ द्वितीय अनुसूची ''आशयित विवाह की सूचना'' संलग्न कर भेजी जा रही है। उद्घोषणा का विधिवत् प्रकाशन कराया जाए एवं बाद तामील इस न्यायालय को भेजी जाए।

उद्घोषणा आज दिनांक 28 जुलाई 2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी की गई।

संलग्न-आशयित विवाह की सूचना।
प्रकरण में सुनवाई तिथि-**28 अगस्त 2025**

**( नीलाम्बर मिश्र )**
**अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी पन्ना, जिला-पन्ना ( म.प्र. )**

**CHANGE OF NAME**

I , PACHAPOLE SWAPNIL DNYANESHWAR WIFE OF ARMY NO - 4585477L RANK NK NAME PACHAPOLE SWAPNIL DNYANESHWAR PRESENTLY RESIDING AT HANUMAN NAGAR, PACHPOR PLOT , AKOT , PO - AKOT , DIST - AKOLA , STATE - MAHARASHTRA, PIN - 444101 HAVE CHANGED MY NAME FROM PACHAPOLE ANITA SWAPNIL (OLD NAME ) TO ANITA SWAPNIL PACHAPOLE (NEW NAME). VIDE AFFIDAVIT DATED 11/09/2025 EXECUTED BEFORE DISTRICT COURT SAGAR M.P

**CHANGE OF NAME**

I , SMT SUNATI IS LEGALLY WEDDED SPOUSE OF NO - JC573907Y RANK NB SUB NAME DHIMAN MONDAL UNIT 1 MAHAR PRESENTLY SERVING IN TRAINING BN MRC C/O 56 APO HOME ADDRESS VTC - PALASHIPARA , PO - PALASHIPARA, DIST - NADIA , STATE - WEST BENGAL, PIN - 741155 HAVE CHANGED MY NAME FROM SMT SUNATI TO SUNATI MONDAL IN MY ALL DOCUMENTS VIDE AFFIDAVIT DATED 11/09/2025 EXECUTED BEFORE DISTRICT COURT SAGAR M.P

## सार समाचार

### बाजार गए दलित के साथ मारपीट, आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज

**दिगौड़ा, देशबन्धु।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम रानीगंज तिगैला पर बुधवार की शाम को हाट बाजार लगा हुआ था। बाजार में दलित व्यक्ति सब्जी खरीद रहा था, इसी दौरान उसका दो लोगों से विवाद हो गया। विवाद में पीड़ित के साथ दो लोगों ने जातिसूचक शब्दों से गाली गलौज कर लाठी डंडे से मारपीट कर दी। पीड़ित की रिपोर्ट पर पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मारपीट व एससीएसटी की धाराओं में मामला दर्ज कर विवेचना में लिया।

दिगौड़ा पुलिस ने बताया है कि थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम रानीगंज के हाट बाजार में बुधवार को पीड़ित व्यक्ति सुनील अहिरवार पिता रामबगस अहिरवार निवासी बराना खास सब्जी खरीदने के लिए गया था। बाजार से सब्जी खरीदने के दौरान पीड़ित सुनील का रानीगंज गांव के दिनेश कुशवाहा व छोटू कुशवाहा से विवाद हो गया। इस विवाद में दिनेश व छोटू कुशवाहा ने पीड़ित सुनील के साथ जातिसूचक शब्दों से गाली गलौज की और लाठी डंडे से मारपीट कर दी। इस घटना में पीड़ित को चोट आ गई। पीड़ित की रिपोर्ट पर पुलिस ने दोनों आरोपियों पर मामला दर्ज किया।

### मतस्य बीज उत्पादन कार्य में उदासीनता बरतने पर छतरपुर, निवाड़ी, टीकमगढ़, पन्ना, दमोह के मतस्य अधिकारियों को नोटिस जारी करने के निर्देश

# सभी शासकीय तालाबों में मछली पालन सुनिश्चित कराएं : कमिश्नर

**सागर संभाग में मछली का उत्पादन बढ़ाएं- संभागायुक्त**



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** कमिश्नर सागर संभाग श्री अनिल सुचारी ने सागर संभाग में मछली का उत्पादन बढाने के निर्देश सागर संभाग के सभी मतस्यपालन अधिकारियों को दिए है। कमिश्नर ने कहा कि शासन द्वारा मतस्य पालन को प्रोत्साहित करने, मतस्य पालन के माध्यम से मछुआ परिवारों को रोजगार मुहैया कराने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री मतस्य सम्पदा योजना, मुख्यमंत्री मछुआ समृद्धि योजना एवं अन्य योजनाएं संचालित की जा रही है। कमिश्नर ने निर्देश दिए कि मतस्य पालन के लिए संचालित योजनाओं का सागर संभाग में परिणाम मूलक क्रियान्वयन सुनिश्चित कराएं। उन्होंने कहा है कि सागर संभाग में मतस्यपालन की गतिविधियों से मछुआ परिवारों को रोजगार मिलना ही चाहिए।

कमिश्नर सागर संभाग श्री अनिल सुचारी ने उक्त निर्देश मंगलवार को मतस्य पालन विभाग की संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक में दिए। बैठक में कमिश्नर ने निर्देश दिए कि सागर संभाग के सभी शासकीय तालाबों में मछली पालन का कार्य प्राथमिकता से कराया जाना सुनिश्चित करें। कमिश्नर ने निर्देश दिए है कि सागर संभाग का कोई भी शासकीय तालाब मछली पालन की गतिविधियों वंचित न रहे इसकी व्यवस्था सुनिश्चित करे। बैठक में चालु मानसून सीजन में मतस्य बीज उत्पादन की जिलेवार समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान संभाग के सागर जिले को छोड़कर संभाग के सभी जिलों में मतस्य बीज हेचरी होने के बावजूद मतस्य बीज उत्पादन कार्य में अपेक्षित प्रगति नहीं होने पर तथा लक्ष्य के विरुद्ध कम उत्पादन होने पर कमिश्नर ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए सहायक संचालक मतस्योद्योग, टीकमगढ़, छतरपुर, निवाड़ी, पन्ना एवं दमोह को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं।

बैठक में कमिश्नर ने मछुआ परिवारों को मछुआ क्रेडिट कार्ड वितरण योजना की जिलेवार समीक्षा की। समीक्षा के दौरान सागर संभाग के सभी जिलों में मछुआ परिवारों को क्रेडिट कार्ड वितरण में अपेक्षित कार्य नहीं होने पर कमिश्नर द्वारा कड़ी नाराजगी व्यक्त की गई। बैठक में कमिश्नर ने निवाडी, छतरपुर, टीकमगढ़, पन्ना जिले में मछुआ क्रेडिट कार्ड वितरण कार्य में अपेक्षित प्रगति नहीं होने पर कमिश्नर ने संबंधित जिले के कलेक्टरों से दूरभाष पर चर्चा की तथा मछुआ परिवारों को प्राथमिकता के साथ मछुआ क्रेडिट कार्ड उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। बैठक में कमिश्नर द्वारा प्रधानमंत्री मतस्य संपदा योजना की प्रगति की जिलेवार समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान कमिश्नर ने निर्देश दिए कि प्रधानमंत्री मतस्य संपदा योजना का क्रियान्वयन सागर संभाग में प्रभावीतौर से कराएं।

समीक्षा के दौरान कमिश्नर को अवगत कराया गया कि टीकमगढ़ और पन्ना जिले में प्रधानमंत्री मतस्य संपदा योजना का क्रियान्वयन ठीक से नहीं किया गया है। टीकमगढ़ जिले में प्रधानमंत्री मतस्य संपदा योजना की राशि समर्पित कर दी गई है। जिस पर कमिश्नर ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की तथा सहायक संचालक मतस्योद्योग टीकमगढ़ को नोटिस जारी कर उनके विरुद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। कमिश्नर द्वारा बैठक में मुख्यमंत्री मछुआ समृद्धि योजना की भी समीक्षा की गई। बैठक में संयुक्त आयुक्त विकास श्री राकेश शुक्ला, संयुक्त संचालक मतस्योद्योग सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## कलेक्टर की अध्यक्षता में डीएलसीसी की बैठक हुई




**टीकमगढ़, देशबन्धु।** कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में डीएलसीसी की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में एलडीएम अग्रणी बैंक टीकमगढ़ कैलाश नारायण आर्य के द्वारा जिले के विभिन्न बैंकों के सीडी रेश्यो की शाखा बार प्रगति प्रस्तुत की गई, साथ ही इसे बढ़ाने हेतु विशेष रूप से चर्चा की गई।

बैठक में जिले में संचालित विभिन्न शासकीय योजनाओं के अंतर्गत लंबित प्रकरणों की विभागवार एवं बैंकवार समीक्षा की गई, वित्तीय समावेशन संतृप्ति अभियान के अंतर्गत- री-केवाईसी, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री जन धन योजना की प्रगति की समीक्षा की गई।

बैठक में सभी बैंकों को निर्देशित किया गया कि री-केवाईसी की पेंडिंग लिस्ट कैम्प दिनांक से 5 दिवस पूर्व ग्राम पंचायत परिसर में चस्पा करने के साथ सभी सरपंच एवं सचिव के साथ सभी बैंक के कियोस्क ऑपरेटर को लिस्ट साझा करें। कलेक्टर श्री श्रोत्रिय द्वारा पीएमएफबीवाई एवं पशु केसीसी के ऋण प्रकरणों को अधिक से अधिक स्वीकृत करने हेतु कहा गया।

इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ नवीत कुमार धुर्वे, आरबीआई भोपाल से एलडीओ धीरज गुप्ता, नाबार्ड से डीडीएम मिर्जा फैसल बैग, एमपीजीबी आरओ से क्षेत्रीय प्रबंधक आर.के. विश्वकर्मा, क्रेछिट मैनेजर हिमांशु द्विवेदी, एसबीआई एएमसीसी छतरपुर से मुख्य प्रबंधक फूलसिंह राजपूत, एसबीआई आरबीओ छतरपुर से क्रेडिट मैनेजर मयंक त्यागी, भारतीय स्टेट बैंक मुख्य शाखा से धीरेन्द्र चौरसिया, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया से मुख्य प्रबंधक हर्ष खरे सहित सभी बैंक शाखा प्रबंधक एवं शासकीय विभाग प्रमुख उपस्थित रहे।

### कांग्रेस महासचिव ने उच्च स्तरीय जांच की मांग

## जतारा निवासी युवक की मौत मामले में मऊरानीपुर में प्रदर्शन



**टीकमगढ़, देशबन्धु ।** जिले के जतारा निवासी 28 साल के शिवम चौबे की संदिग्ध मौत के मामले में गुरुवार को कांग्रेस प्रदेश महासचिव किरण अहिरवार ने उत्तर प्रदेश के मऊरानीपुर में प्रदर्शन किया। शिवम का शव 31 अगस्त को मऊरानीपुर थाना क्षेत्र के कुरेचा बांध में मिला था। शिवम उर्फ आनंद चौबे 29 अगस्त को संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हुआ था। मछुआरों ने उसका शव पानी में तैरता देखा। परिजन का आरोप है कि पुलिस ने उन्हें पोस्टमॉर्टम से पहले शव तक नहीं देखने दिया। पंचनामा की कार्रवाई भी नहीं की गई।

किरण अहिरवार ने जिला उप अधिकारी को उत्तर प्रदेश के राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। उन्होंने मामले की उच्च स्तरीय जांच और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की । प्रभु दयाल चौबे के इकलौते बेटे की मौत से परिवार बेसहारा हो गया है। ज्ञापन सौंपने के दौरान पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य सहित विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## ओरछा के सर्वांगीण विकास के लिए सिंधिया सक्रिय, मुख्यमंत्री को भेजा हेलीपैड निर्माण का प्रस्ताव

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** एक ओर जहां केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार अयोध्या में प्रभु श्रीराम की जन्मभूमि का भव्य विकास कर रही है वहीं दूसरी ओर ओरछा जहां श्रीराम राजा के रूप में विराजमान हैं उसके सर्वांगीण विकास की दिशा में भी गंभीर प्रयास किए जा रहे हैं। केंद्रीय मंत्री श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया ने ओरछा के विकास हेतु एक विस्तृत प्रस्ताव मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को पत्र के माध्यम से भेजा है। यह पत्र भाजपा नेता विकास यादव की मांग पर तैयार किया गया है जिसमें धार्मिक सांस्कृतिक और आधारभूत संरचना से जुड़े कई महत्वपूर्ण सुझाव और माँगें शामिल की गई हैं।

**प्रमुख मांगें और प्रस्ताव**

श्री लक्ष्मी मंदिर में मूर्तियों की स्थापना ओरछा के मूर्तिविहीन श्री लक्ष्मी मंदिर में श्री लक्ष्मीनारायण की प्राण प्रतिष्ठा का प्रस्ताव। जहाँगीर महल का नाम परिवर्तन जहाँगीर



महल का नाम बदलकर उस महारानी के नाम पर रखने की मांग जिन्होंने श्रीराम को ओरछा लाने का कार्य किया था। भव्य प्रतिमा की स्थापना श्रीरामराजा मंदिर के बाहर महारानी कुँवर गणेश की श्रीरामलला को गोद में लिए हुए प्रतिमा स्थापित करने का प्रस्ताव। रेलवे स्टेशन का नामकरण और प्रतिमा स्थापना ओरछा रेलवे स्टेशन का नाम बदलकर महाराज मधुकरशाह ओरछा रेलवे स्टेशन करने तथा उनकी आदमकद प्रतिमा लगाने का सुझाव। ऐतिहासिक धरोहरों का जीर्णोद्धार ओरछा नगर से जुड़े सभी ऐतिहासिक भवनों का जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण।

निर्धारित रंग योजना लागू करने का प्रस्ताव जयपुर की तर्ज पर ओरछा में सभी शासकीय-अशासकीय भवनों दुकानों आदि के लिए निर्धारित रंग की अनिवार्यता लागू करने की मांग। हवाई पट्टी और हेलीकॉप्टर सेवा ओरछा में हवाई पट्टी का निर्माण और प्रधानमंत्री हेलीकॉप्टर सेवा पी एम श्री शुरू करने का प्रस्ताव। मंत्री परिषद् की बैठक की मांग महारानी कुँवर गणेश की पावन स्मृति में मध्यप्रदेश मंत्री परिषद की बैठक ओरछा में आयोजित करने की सिफारिश

**पूर्व में स्वीकृत हो चुके हैं कई कार्य**

केंद्रीय मंत्री सिंधिया पूर्व में ओरछा रेलवे स्टेशन पर एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव सीमित ऊंचाई वाले रेलवे अंडरब्रिज ओरछा तिराहे से श्रीरामराजा मंदिर तक सड़क निर्माण और जेरोन-बासवान सड़क जैसे कई विकास कार्यों को स्वीकृति दिलवा चुके हैं। यह प्रस्ताव ओरछा को धार्मिक और सांस्कृतिक पर्यटन के एक प्रमुख केंद्र के रूप में विकसित करने की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है।

### परिजनों को था अपहरण का अंदेशा

## खाना खाकर टहलने के लिए गया व्यक्ति हुआ गायब, पुलिस ने 12 घंटे में किया दस्तयाब

**दिगौड़ा, देशबन्धु ।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम धामना से बीती रात को एक व्यक्ति अपने परिजनों को बिना बताए कहीं चला गया था। परिजनों ने उसको तलाश किया लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली। दूसरे दिन लापता व्यक्ति परिजनों के साथ पुलिस थाने में पहुंच गया। पुलिस ने लापता व्यक्ति को 12 घंटे में दस्तयाब कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

दिगौड़ा पुलिस ने बताया है कि थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम धामना से बीती बुधवार की रात को भागचंद कुशवाहा पिता गुंदी कुशवाहा 30 साल लापता हो गया था। फरियादी गुंदी कुशवाहा ने पुलिस को बताया कि बीती रात करीब 9 बजे उनका पुत्र भागचंद घर से खाना खाकर बाहर टहलने के लिए चला गया था। जब वह देर रात 12 बजे तक घर नहीं पहुंचा तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू कर दी लेकिन कोई पता नहीं चल सका। लापता व्यक्ति भागचंद का मोबाइल फोन भी बंद था, जिससे उसके परिजनों को अपहरण की आशंका हो रही थी। देर रात को ही परिजन पुलिस थाने में पहुंचे और उन्होंने घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी।

आज लापता व्यक्ति भागचंद कुशवाहा अपने परिजनों के साथ पुलिस थाने में पहुंचा। उसने पुलिस को बताया कि जब वह रात को टहलने के लिए गया था, तब उसके मोबाइल पर फोन आया था कि उसका रिश्तेदार ग्वालियर अस्पताल में भर्ती है। ऐसे में वह अपने परिजनों को बिना बताए ग्वालियर चला गया और मोबाइल की बैटरी डिस्चार्ज होने से उसका मोबाइल फोन भी बंद हो गया। आज जब वह ग्वालियर से लौटकर आया तो परिजन उसको लेकर पुलिस थाने में पहुंच गए। पुलिस ने लापता व्यक्ति को दस्तयाब कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

## पुरानी रंजिश पर 2 पक्षों में चले लाठी डंडे, 4 लोग घायल, 6 पर मामला दर्ज

**दिगौड़ा, देशबन्धु ।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पनियारा खेरा में मंगलवार की रात को गांव के दो पक्षों में पुरानी बुराई पर जमकर विवाद हो गया। इस विवाद में दोनों पक्ष के लोगों ने एक दूसरे के साथ लाठी डंडे से मारपीट कर दी। मारपीट की इस घटना में 4 लोग घायल हो गए। दोनों पक्ष के पीड़ितों की रिपोर्ट पर पुलिस ने दोनों पक्ष के 6 आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

दिगौड़ा पुलिस ने बताया है कि थाना क्षेत्र के ग्राम पनियारा खेरा में मंगलवार की रात को पुरानी बुराई पर दो पक्षों में विवाद हो गया। इस विवाद में एक पक्ष के पीड़ित ब्रजेन्द्र यादव व उनके चाचा जालम यादव के साथ गांव के सूरज यादव, संदीप यादव व संजू यादव ने लाठी डंडे से मारपीट कर दी। इस घटना में दोनों पीड़ितों को चोट आ गई।

वहीं दूसरे पक्ष की पीड़ित महिला नीमा यादव पत्नी सुकराम यादव व उनके देवर सूरज यादव के साथ गांव के ब्रजेन्द्र यादव, रहीश यादव व जालम यादव ने लाठी डंडे से मारपीट कर दी। इस घटना में पीड़ितों को चोट आ गई। पीड़ितों की रिपोर्ट पर पुलिस ने दोनों पक्षों के 6 आरोपियों के खिलाफ मारपीट करने के आरोप में मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### आचार्य विद्यासागर योजना में अपेक्षित कार्य नहीं होने पर कमिश्नर ने जताई नाराजगी, कहा

## पशु चिकित्सा विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का शतप्रतिशत लक्ष्य हासिल करें

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** कमिश्नर सागर संभाग अनिल सुचारी सागर संभाग में पशु उपचार और पशु टीकाकरण के कार्यों की सतत रूप से मॉनीटरिंग करने के निर्देश संयुक्त संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं सागर संभाग को दिए हैं। कमिश्नर ने कहा है कि सागर संभाग में पशु उपचार और पशु टीकाकरण का कार्य किया जा रहा है इस कार्य की सतत रूप से मॉनीटरिंग करें और आवश्यक होने पर पशु उपचार कार्य और टीकाकरण कार्य का सत्यापन भी कराएं। कमिश्नर ने निर्देश दिए है कि सागर संभाग में पशुओं को होने वाले संक्रामक रोगों की भी सतत मॉनीटरिंग की जाए तथा पशुपालकों को सहजता से सेवाएं मुहैया कराई जाएं। कमिश्नर द्वारा सागर संभाग में बकरी पालन योजना, आचार्य विद्यासागर योजना, चरीचरा योजना के क्रियान्वयन में अपेक्षित प्रगति नहीं होने पर नाराजगी व्यक्त की गई तथा निर्देशित किया गया कि इन सभी योजनाओं के समूचित प्रकरण तैयार कर समय पर बैंकों कों प्रेषित करें।

कमिश्नर ने उक्त निर्देश मंगलवार को पशु चिकित्सा सेवा विभाग की संभाग स्तरीय बैठक में पशु चिकित्सा विभाग के अधिकारियों को दिए। बैठक में सागर संभाग में चलित पशु चिकित्सा इकाईयों की गतिविधियों की जिलेवार समीक्षा करते हुए कमिश्नर ने निर्देश दिए कि सागर संभाग में चलित पशु चिकित्सा इकाईयों के माध्यम से पशु पालकों को पारदर्शी ढंग से सेवाएं मुहैया कराना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि चलित पशु चिकित्सा सेवाओं को और अधिक कारगर और पारदर्शी बनाया जाए। बैठक में कमिश्नर ने डॉ भीमराव अम्बेडकर कामधेनू योजना, मुख्यमंत्री डेयरी विकास योजना, डेयरी प्लस योजना की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि उक्त सभी योजनाओं के समुचित प्रकरण तैयार कर बैकों को प्रेषित कराएं तथा बैकों के माध्यम से पशुपालकों को ऋण उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए। बैठक में कमिश्नर द्वारा स्वावलंबी गौशाला योजना की भी समीक्षा की गई। बैठक में संयुक्त संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं सागर संभाग डॉ कल्पना तिवारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## युवक ने नदी में छलांग लगाई, एसडीआरएफ की टीम कर रही तलाश

**टीकमगढ़, देशबन्धु ।** जिले की बड़ागांव धसान नगर परिषद में 26 वर्षीय युवक के धसान नदी में डूबने का मामला सामने आया है। युवक अपने परिवार के साथ एक रिश्तेदार के यहां शुद्धता कार्यक्रम में शामिल होने आया था। यह घटना आज सुबह करीब 10 बजे की है। मृतक की पहचान दयाराम आदिवासी के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि दयाराम ने अचानक धसान नदी के पुल से छलांग लगा दी।जैसे ही लोगों ने उसे डूबते हुए देखा, उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी। थाना प्रभारी नरेंद्र वर्मा अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। इसके बाद एसडीआरएफ (स्ष्ठक्रस्न) की टीम को बुलाया गया, जो दोपहर तक भी युवक को नहीं खोज पाई है। एसडीआरएफ की टीम लगातार युवक की तलाश कर रही है। यह घटना बड़ागांव थाना क्षेत्र में हुई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## पलेरा की छात्रा रागिनी यादव को स्कूटी मिली

**पलेरा, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश सरकार की मुख्यमंत्री स्कूटी योजना के अंतर्गत मॉडल हाई सेकेंडरी स्कूल, पलेरा की मेधावी छात्रा रागिनी यादव को एक स्कूटी प्रदान की गई। यह योजना बेटियों को उच्च शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से शुरू की गई है।वार्ड नंबर 7 निवासी रागिनी यादव, जो संतोष यादव की बेटी हैं, ने अपनी मेहनत और लगन से यह स्कूटी प्राप्त की। इस अवसर पर मॉडल हाई सेकेंडरी स्कूल में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें स्थानीय पार्षद मुकेश यादव और स्कूल के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।




पार्षद मुकेश यादव ने रागिनी की उपलब्धि की सराहना करते हुए कहा कि यह योजना छात्राओं के लिए बेहद लाभदायक है, क्योंकि इससे उन्हें स्कूल आने-जाने में सुविधा होगी और वे बिना किसी परेशानी के अपनी पढ़ाई जारी रख सकेंगी। उन्होंने रागिनी के उज्ज्वल भविष्य की कामना भी की।स्कूल के स्टाफ ने भी रागिनी को बधाई दी और अन्य छात्राओं को उनसे प्रेरणा लेने के लिए प्रोत्साहित किया। इस योजना के माध्यम से, सरकार शिक्षा के क्षेत्र में लैंगिक समानता को बढ़ावा देने और ग्रामीण क्षेत्रों की छात्राओं को सशक्त बनाने का प्रयास कर रही है। रागिनी यादव को मिली यह स्कूटी न केवल उनकी मेहनत का सम्मान है, बल्कि यह अन्य छात्राओं के लिए भी एक प्रेरणा है।

# किसान संघ ने प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री व एसडीएम के नाम सौंपे ज्ञापन

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** भारतीय किसान संघ किसानों के लिए कार्य करने वाला राष्ट्रवादी व राष्ट्रव्यापी संगठन है, जो किसानों की समस्याओं को लेकर शासन प्रशासन से मुखर होता है। इसी तारतम्य में भारतीय किसान संघ जिला टीकमगढ़ ने आज त्रिस्तरीय ज्ञापन तहसील जतारा में नायब तहसीलदार निशांत चौरसिया को सौंपे गए। यह ज्ञापन प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री व स्थानीय समस्याओं के लिए अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) संजय दुबे के नाम दिए गए।

दिए गए ज्ञापन में मांग की गई की कृषि कार्यो में लगने वाले सभी यंत्रों, रासायनिक दवाइयों तथा बीज पर जीएसटी की दर न्यूनतम हो। सभी फसलों की समर्थन मूल्य पर खरीदी की जाए। किसानों को के.सी.सी. लोन पांच लाख तक दिया जाए। सैटेलाइट सर्वे बंद कराया जाए। सम्मान निधि में महंगाई दर के अनुसार वृद्धि की जाए। खाद की पर्याप्त व्यवस्था की जाए।






सरकार द्वारा गाय के गोबर की खरीद की जाए, जिससे गौवंश का संरक्षण हो सके। जले हुए ट्रांसफार्मर बदलने के लिए एंबुलेंस सेवा शुरु की जाए व ट्रांसफार्मर 24 घंटे में बदले जाए। जिले भर में स्मार्ट मीटर के कारण बड़े हुए बिल की जांच की जाए व दोषियों पर कार्यवाही हो। प्रत्येक माह जिले में भारतीय किसान संघ के साथ विभागीय बैठक हो। सभी पशुओं की टैगिंग की जाए व जिन पशुपालकों के पशु सड़कों पर पाए जाए तो उन चालानी कार्यवाही हो।

तहसील जतारा में ज्ञापन देने के दौरान भारतीय किसान संघ महाकौशल प्रांत संगठन मंत्री तुलाराम, प्रांत महामंत्री प्रहलाद सिंह पटेल, संभाग अध्यक्ष रहीश सिंह, जिलाध्यक्ष शिव मोहन गिरि, जिला मंत्री राजेंद्र श्रीवास्तव, तहसील अध्यक्ष जानकी अहिरवार, तहसील मंत्री रामस्वरूप यादव, तहसील उपाध्यक्ष गोकुल अहिरवार, तहसील उपाध्यक्ष बिहारी लाल कोरी, प्रचार-प्रसार प्रमुख रामलाल घोष, जैविक खेती प्रमुख राधाचरण घोष सहित कई किसान व मातृशक्ति मौजूद रही।

## पूर्व विधायक ने विद्यार्थियों को प्रदान की स्कूटी की चाबी



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुंडेश्वर में गुरुवार के दिन मुख्यमंत्री स्कूटी योजना अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में टीकमगढ़ विधानसभा के पूर्व विधायक राकेश गिरी भाजपा नेता पिंटू मिश्रा टिंकू जैन मौजूद रहे।

मुख्य अतिथि पूर्व विधायक राकेश गिरी ने सर्व प्रथम सरस्वती जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम प्रारंभ किया। इसके बाद विद्यालय की प्राचार्य द्वारा अतिथियों का फूल मालाओं से स्वागत सम्मान किया गया। साथ ही पूर्व विधायक राकेश गिरी ने मुख्यमंत्री स्कूटी योजना के अंतर्गत 12वीं क्लास में प्रथम स्थान प्राप्त किए छात्रा आसमा अहिरवार एवं छात्र विशाल अहिरवार को प्रमाण पत्र वितरित किया। साथ ही स्कूटी प्रदान की। इस दौरान पूर्व विधायक राकेश गिरी ने छात्र-छात्राओं को स्कूटी प्रदान करते हुए उन्हें शुभकामनाएं बधाई दी साथ ही उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए छात्र-छात्राओं को संबोधित किया और कहा कि इसी तरह आप सभी शिक्षा प्राप्त करें साथ ही शिक्षा के साथ-साथ संस्कार भी अपने गुरु जनों से प्राप्त करें।

## सार समाचार

### विद्युत विभाग के कनिष्ठ अभियंता पर रिश्वतखोरी और द्वेषपूर्ण कार्रवाई का आरोप, युवक ने दी आत्मदाह की चेतावनी

**दमोह/हटा देशबन्धु।** दमोह जिले के हटा ब्लॉक से एक बेहद ही चौंकाने वाला मामला सामने आया है। जहां एक पत्रकार ने हिनौता विद्युत वितरण केंद्र के कनिष्ठ अभियंता प्रदीप पटेल पर द्वेषपूर्ण कार्रवाई के आरोप लगाए हैं। पत्रकार शरद गर्ग का कहना है कि उनके नाम न तो कोई भूमि है और न ही विद्युत कनेक्शन,



इसके बावजूद उन पर विद्युत अधिनियम के तहत झूठा प्रकरण दर्ज कर नोटिस भेजा गया। आरोप है कि रिश्वत न देने पर यह कार्रवाई की गई, जबकि परिवार के नाम से लिया गया पुराना कनेक्शन वे पहले ही कटवा चुके हैं। पत्रकार ने बताया कि विभागीय अनियमितताओं की खबरें प्रकाशित करने के बाद से ही अभियंता उनके प्रति पक्षपातपूर्ण रवैया अपना रहे हैं। उन्होंने एसडीएम हटा से मामले की निष्पक्ष जाँच कर प्रकरण रद्द करने की माँग की है। साथ ही चेतावनी दी है कि शीघ्र कार्रवाई न होने पर वे 13 सितंबर को न्यायालय परिसर में आत्मदाह करेंगे। जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी कनिष्ठ अभियंता प्रदीप पटेल सहित विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों एवं शासन प्रशासन की होगी।

### विद्यार्थियों के आधार नामांकन एवं अपडेशन के लिए लगेंगे 2 दिवसीय आधार शिविर

**पन्ना, देशबन्धु।** राज्य शिक्षा केन्द्र के निर्देशानुसार विद्यार्थियों के लिए आधार अब विद्यालय के द्वार अभियान अंतर्गत स्कूल में आधार नामांकन और अपडेशन के लिए शिविर लगाए जाएंगे। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं जिला ई-गवर्नेंस सोसायटी के सीईओ उमराव सिंह मरावी द्वारा विद्यालयों में आधार कैम्प के लिए सुरवाईजर की ड्यूटी निर्धारित की गई है। सभी आधार सुपरवाईजर को संबंधित संकुल प्राचार्य से समन्वय स्थापित कर कैम्प स्थल पर निर्धारित समय के पूर्व उपस्थित होकर आधार मशीन इंस्टालेशन कार्य पूर्ण करने तथा निर्धारित गाइडलाइन अनुसार आधार शुल्क सूची चस्पा करने के लिए निर्देशित किया गया है। शिविर का समय सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक निर्धारित है। अजयगढ़ विकासखंड के शासकीय उ.मा. विद्यालय बीरा में 15 एवं 16 सितम्बर, शासकीय उत्कृष्ट उ.मा. विद्यालय अजयगढ़ में 17 एवं 18 सितम्बर, शासकीय उ.मा. विद्यालय हरदी में 15 एवं 16 सितम्बर और शासकीय उ.मा. विद्यालय खोरा में 17 एवं 18 सितम्बर को आधार कैम्प लगाया जाएगा। इसी तरह गुनौर विकासखंड अंतर्गत शासकीय उ.मा. विद्यालय सलेहा में 15 एवं 16 सितम्बर, शासकीय उत्कृष्ट उ.मा. विद्यालय गुनौर में 17 एवं 18 सितम्बर, शासकीय उ.मा. विद्यालय अमानगंज में 15 एवं 16 सितम्बर और शासकीय उ.मा. विद्यालय महेबा में 17 एवं 18 सितम्बर को शिविर का आयोजन होगा। इस क्रम में पवई विकासखंड में 15 एवं 16 सितम्बर को शासकीय उ.मा. विद्यालय मोहन्द्रा एवं शासकीय उत्कृष्ट उ.मा. विद्यालय पवई में व 17 एवं 18 सितम्बर को शासकीय उ.मा. विद्यालय सिमरिया एवं शासकीय उ.मा. विद्यालय कृष्णगढ़ में शिविर लगेगा। इसी तरह शाहनगर विकासखंड में 15 एवं 16 सितम्बर को शासकीय उ.मा. विद्यालय बिसानी, शासकीय उत्कृष्ट उ.मा. विद्यालय शाहनगर एवं शासकीय उ.मा. विद्यालय रैपुरा में तथा 19 एवं 20 सितम्बर को शासकीय उ.मा. विद्यालय हरदुआ खमरिया में आधार कैम्प का आयोजन किया जाएगा, जबकि पन्ना विकासखंड अंतर्गत 15 एवं 16 सितम्बर को शासकीय उ.मा. विद्यालय बृजपुर, शासकीय उत्कृष्ट उ.मा. विद्यालय पन्ना और शासकीय उ.मा. विद्यालय देवेन्द्रनगर में एवं 17 व 18 सितम्बर को शासकीय आर.पी. उ.मा. विद्यालय क्रमांक 2 पन्ना में शिविर लगाया जाएगा।

### जिले में अब तक 1438.2 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**रायसेन, देशबन्धु।** जिले में 01 जून 2025 से 11 सितंबर 2025 तक 1438.2 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है जो कि गत वर्ष इसी अवधि में हुई औसत वर्षा से 266.5 मिलीमीटर अधिक है। जिले की वर्षा ऋतु में सामान्य औसत वर्षा 1197.1 मिलीमीटर है। अधीक्षक भू-अभिलेख द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 01 जून 2025 से 11 सितंबर 2025 तक जिले के वर्षामापी केन्द्र रायसेन में 1224 मिलीमीटर, गैरतगंज में 1325.4, बेगमगंज में 1455.6, सिलवानी में 1494.2, गौहरगंज में 1390.7, बरेली में 1506.2, उदयपुरा में 1986.7, बाड़ी में 1291, सुल्तानपुर में 1299.5 तथा वर्षामापी केन्द्र देवरी में 1408.9 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

मुख्यमंत्री ने भोपाल में आयोजित समारोह में दी स्कूटी

# दमोह जिले में 160 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को स्कूटी मिली

**दमोह देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा 7832 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को स्कूटी वितरण एवं सेनिटेशन एवं हाइजीन हेतु 20 लाख से अधिक बालिकाओं को 61 करोड़ से अधिक की राशि का अंतरण भोपाल स्थित कुशाभाऊ ठाकरे सभागार से किया गया। जिला स्तरीय कार्यक्रम महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दमोह में विधायक दमोह जयंत कुमार मलैया, जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटेल और भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे की गरिमामय मौजूदगी में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित और माल्यार्पण कर किया गया। इस दौरान विधायक दमोह श्री जयंत मलैया ने प्रतीकात्मक स्वरूप मेधावी छात्राओं को स्कूटी का वितरण किया।

इस दौरान विधायक जयंत मलैया ने छात्राओं को स्कूटी की चाबियाँ सौंपीं। विधायक जयंत मलैया ने अपने संबोधन में कहा प्रदेश सरकार मेधावी छात्रों को स्कूटी प्रदान कर रही है, ताकि वे शिक्षा के क्षेत्र में और अधिक प्रगति कर सकें। स्कूटी मिलने से अब उन्हें विद्यालय आने-जाने में किसी प्रकार की परेशानी नहीं होगी। यह योजना केवल सुविधा नहीं, बल्कि छात्रों के आत्मविश्वास और सशक्तिकरण का प्रतीक है। उन्होंने यह




भी कहा कि यह पहल शिक्षा के क्षेत्र में छात्राओं की भागीदारी को और बढ़ाएगी, जिससे वे समाज में अपनी पहचान मजबूत कर सकेंगी।

जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटेल ने उपस्थित छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए प्रेरणादायक विचार व्यक्त किए। उन्होंने छात्रों को आगे की शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल होने के लिए शुभकामनाएँ दीं, साथ ही जीवन मूल्यों और संस्कारों को साथ लेकर चलने की अपील की। उन्होंने कहा आप सभी आगे कॉलेजों में जाएंगे और बहुत से छात्र-छात्राएँ आईआईटी, जेईई, पीएमटी जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करेंगे। आप कुछ भी करें, लेकिन अपने संस्कारों को कभी न भूलें। माता-पिता और शिक्षकों ने जो शिक्षा दी है, उसे अपने जीवन में बनाए रखें। उन्होंने यह भी कहा कि जब हम बाहर जाते हैं, तो देखते हैं कि कुछ बच्चे पढ़ाई के अलावा अन्य राहों पर भी भटक जाते हैं, तो बहुत दुख होता है। सोचते हैं कि इनके माता-पिता ने कितनी कठिनाइयों से पढ़ाया होगा। हर माता-पिता की आर्थिक स्थिति एक जैसी नहीं होती, लेकिन हर किसी का एक सपना ज़रूर होता है कि उसका बच्चा ऊँचाइयों तक पहुँचे और नाम रोशन करे। जिला पंचायत अध्यक्ष ने छात्रों से अपील की कि वे जिस भी क्षेत्र या करियर का चुनाव करें, वहाँ संस्कार, अनुशासन और कड़ी मेहनत को अपने साथ रखें। उन्होंने कहा कि यही मूल्य उन्हें जीवन में सच्ची सफलता दिलाएंगे।

स्कूटी पाने वाली छात्रा आकांक्षा सेन ने कहा मैं उत्कृष्ट विद्यालय की छात्रा हूँ और मैंनें 12वी कक्षा में 94.4 प्रतिशत प्राप्त किये है जिसके लिए मुझे मेरी पसंद की स्कूटी एक्टिवा सरकार द्वारा प्राप्त हुई हैं। छात्रा कहती हैं पहले उन्हें घर से स्कूल जाने और स्कूल से घर आने में परेशानी होती थी लेकिन स्कूटी मिलने के बाद परेशानी दूर होगी। इसके लिए मैं छात्र-छात्राओ की और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी का धन्यवाद करती हूँ।

इसी प्रकार स्कूटी प्राप्त करने वाले छात्र बिहारी काक्षी ने कहा वे शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला हथना के छात्र हैं। उन्होंने 12वी कामर्स संकाय से उत्तीर्ण की हैं जिसमें 92.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किये हैं। आज सरकार द्वारा मेधावी छात्र-छात्राओं को स्कूटी वितरित की जा रही हैं जिससे स्कूल से घर आने जाने में सुविधा होगी। स्कूटी देने के लिए मुख्यमंत्री डाँ मोहन यादव जी का बहुत धन्यवाद।

दमोह जिले में 160 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को स्कूटी का वितरण किया गया। जिले में 94 विद्यार्थियों ने ई-स्कूटी तथा 66 विद्यार्थियों ने पसंद की मोटराइज्ड स्कूटी के लिए उनके खाते में क्रमशः 01 लाख 20 हजार रुपए तथा 90 हजार रुपए स्कूटी क्रय हेतु प्रत्येक बच्चे को प्रदान किए गए हैं। कुल 82 छात्राओं तथा 78 छात्रों को स्कूटी प्रदान की गई। कार्यक्रम का संचालन डाँ आलोक सोनवलकर और एपीसी मोहन राय ने किया।

### पन्ना जिले के 113 विद्यार्थियों को मिली स्कूटी

**पन्ना, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरूवार को भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय सभागार में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में माध्यमिक शिक्षा मंडल की कक्षा 12वीं में प्रथम स्थान पाने वाले विद्यार्थियों को पेट्रोल एवं ई-स्कूटी के लिए क्रमशः 90 हजार एवं एक लाख 20 हजार रूपए की राशि अंतरित की। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के लिए यह अभिनव योजना वर्ष 2022 से संचालित की जा रही है। इस अवसर पर पन्ना जिले के 113 मेधावी विद्यार्थियों को भी इस योजना का लाभ प्राप्त हुआ है। शैक्षणिक सत्र 2024-25 में शासकीय स्कूल में अध्ययनरत प्रत्येक संस्था के कक्षा 12वीं में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को स्कूटी मिली।

इस अवसर पर पन्ना विधायक एवं पूर्व मंत्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह शासकीय सांदीपनि मॉडल उ.मा. विद्यालय पन्ना में आयोजित निःशुल्क स्कूटी वितरण कार्यक्रम के मुख्य समारोह में शामिल हुए और पांच विद्यार्थियों को स्कूटी प्रदान की, जबकि शेष विद्यार्थियों को शाला स्तर पर स्कूटी क्रय के लिए स्वीकृति प्रमाण पत्र वितरित किया गया। इस दौरान राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी दिखाया गया। विधायक श्री सिंह ने योजना से लाभांवित विद्यार्थियों को बधाई दी और उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि सभी विद्यार्थी लक्ष्य निर्धारित कर लगन एवं परिश्रम के साथ अध्ययन करें और बेहतर भविष्य की राह प्रशस्त करें। उन्होंने स्कूटी चलाते समय स्वयं की सुरक्षा और सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने की नसीहत भी। कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष एवं जिला पंचायत स्थायी शिक्षा समिति के अध्यक्ष संतोष यादव ने भी विद्यार्थियों के परिश्रम की सराहना की। यह कार्यक्रम कलेक्टर सुरेश कुमार के निर्देशन और जिला शिक्षा अधिकारी रविप्रकाश खरे के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस मौके पर सहायक संचालक शिक्षा अमित जैन, एडीपीसी भारती श्रीवास्तव, प्राचार्य जयकरण पटेल सहित कैलाश गुप्ता, शक्ति शर्मा, अमृता खरे, पार्षद अर्जुन कुशवाहा, मनोज गुप्ता, रत्नेश पटेरिया भी उपस्थित रहे। शिक्षक हरिनारायण पाण्डेय ने कार्यक्रम का संचालन किया।

## बटियागढ़ में आयोजित भव्य कार्यक्रम में शामिल हुए राज्यमंत्री

**दमोह देशबन्धु।** प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विकास राज्यमंत्री लखन पटेल का बटियागढ़ के अखाड़ा परिसर में श्री श्री 1008 श्री बजरंग अखाड़ा समिति द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान अखाड़े के कलाकारों द्वारा राज्यमंत्री जी का अभिनंदन किया गया।




इस अवसर पर राज्यमंत्री पटेल ने कहा यह बहुत पुराना अखाड़ा हैं, वे हर वर्ष दशरहा के दिन यहां आते हैं, इतनी छोटी राशि से सभी के चेहरों पर खुशी हैं, खुशी देखकर मन प्रसन्न हुआ, विकास के कार्य करना उनकी पहली प्रथमिकता हैं। उन्होंने कहा बटियागढ़ में 50 लाख रूपये की राशि स्वीकृत की गई जिससे एक भवन बनेगा, जिसमें सार्वजनिक हित के कार्य हो सकेंगें। विकास के कार्य हो जो आमजन के लिए लाभप्रद हो, ऐसा सरकार का प्रयास हैं।

राज्यमंत्री पटेल ने यहां अखाड़ा परिसर में टीन शेड बनवाने की घोषणा की। उन्होंने कहा जहां पर जो भी जरूरत हो, उसको पूर्ण करने का प्रयास किया जायेगा।

इस अवसर पर पं. नरेंद्र व्यास, अरविन्द पटेल, कमल मिश्रा, पहलवान सिंह, कमलेश सिंह, राजेश चोरसिया, साधुराम चोरसिया, डीध्रुव धतुरहा, आनंद त्रिवेदी, रामावतार कुडेरिया, वलवान सिंह, वद्री विश्वकर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक और अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

## पवई थाना क्षेत्र में हुए हत्याकाण्ड के दोनों आरोपी गिरफ्तार, घटना में प्रयुक्त लाठी-डण्डा जप्त

**पन्ना, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू के निर्देशन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वंदना चौहान व अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) पवई श्रीमती भावना दांगी के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी पवई निरीक्षक त्रिवेन्द्र त्रिवेदी के नेतृत्व में थाना स्तर पर गठित पुलिस टीम द्वारा हत्या करने वाले 02 आरोपियों को गिरफ्तार किया जाकर जेल भेजा गया है ।

दिनांक 09/09/25 को फरियादी बद्री आदिवासी पिता औरैया आदिवासी उम्र 45 साल निवासी ग्राम जयपाल नगर द्वारा थाना पवई में रिपोर्ट की गई कि पुरानी बुराई के विवाद से गाँव के ही आशीष आदिवासी ने मेरे चचेरे भाई कमलेश आदिवासी को लाठी डण्डे से मार पीटकर हत्या कर दी है । फरियादी की रिपोर्ट पर थाना पवई में मर्ग जाँच उपरान्त अपराध क्रमांक 396/25 धारा 296, 103 (1) बी एन एस का कायम किया जाकर विवेचना में लिया गया।

मामले में पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा आरोपी की पतारसी एवं गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम को निर्देशित किया गया । गठित पुलिस टीम द्वारा मुखविर तंत्र को सक्रिय करते हुये मामले के अज्ञात आरोपी की पतारसी एवं गिरफ्तारी हेतु लगातार प्रयास किये गये तथा ग्राम जयपाल नगर एवं आसपास के गाँवो में आरोपी के संबंध मे लगातार पूँछताछ कर साक्ष्य संकलन किये गये । मामले में पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना के आधार पर मामले के आरोपी को ग्राम जयपाल नगर से पुलिस अभिरक्षा में लेकर घटना के सम्बंध मे सूझबूझ से पूँछताछ की गई । पूँछताछ पर आरोपी द्वारा अपना नाम पता पुलिस टीम को बताया गया । घटना के संबंध में पूँछताछ किये जाने पर आरोपी द्वारा बताया गया कि पुरानी बुराई पर मैने अपने भाई के साथ मिलकर मृतक को जान से मारने की योजना बनाई थी । घटना दिनांक को मैने अपने भाई सुनील आदिवासी के साथ मिलकर लाठी डण्डो से मारपीट कर मृतक की हत्या कर दी थी । पुलिस टीम द्वारा आरोपी के बताये अनुसार आरोपी एवं उसके भाई को गिरफ्तार किया जाकर आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त लाठी-डण्डा जप्त किये गये हैं ।

**गिरफ्तार आरोपी:** हत्याकांड के आरोपियों में आशीष आदिवासी पिता लखन आदिवासी उम्र 25 साल निवासी ग्राम जयपालनगर थाना पवई। सुनील आदिवासी पिता कमलेश आदिवासी उम्र 20 साल निवासी जयपालनगर थाना पवई।

**सराहनीय योगदान :** उक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी पवई निरीक्षक त्रिवेन्द्र त्रिवेदी, उनि एम एल कोल, प्र.आर. गणेश सिंह, अनिल गर्ग, आर. प्रेम, सुशील एवं राजेश का सराहनीय योगदान रहा पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा उपरोक्त पुलिस टीम को पुरुस्कृत किये जाने की घोषणा की गई है ।

## नवीन हाई स्कूल में स्कूटी वितरण कार्यक्रम संपन्न



**दमोह/हटा देशबन्धु।** शासकीय नवीन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हटा में स्कूटी वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें स्थानीय विद्यालय ने सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र जय मुड़ा को स्कूटी वितरण का प्रमाण पत्र वितरित किया। कार्यक्रम में विद्यालय प्राचार्य उषा गोस्वामी, मनोज सेन, लक्ष्मीकांत डिंमहा, रमेश प्रजापति ,महेंद्र पटेल, प्रवीण नामदेव, रत्ना पांडे सहित समस्त स्टाफकी उपस्थिति रही।

## झाड़ फूक तंत्र मंत्र करने बालों पर होगी कार्रवाई

**दमोह/तेंदूखेड़ा देशबन्धु।** नगर तथा आसपास के ग्रामीणों को अगर बीमारी होने के अलावा गर्भवती महिलाओं और सर्पदंश के शिकार लोगों को अगर झाड़ फूक करने और तंत्र मंत्र करने वालों के यहां पीड़ित की मौत होती है तो उक्त झाड़ फूक और तंत्र मंत्र करने वालों पर पुलिस में एफ आई आर दर्ज करवाकर मामला दर्ज कराया जाएगा यह बात तेंदूखेड़ा एसडीएम सौरभ गंधर्व ने मीडिया से कही चुकी वर्तमान में कई लोग सर्प दंश का शिकार होकर पहले झाड़ फूक करने वालों के यहां जाते है जिससे स्थिति बिगड़ जाती है जब तक सर्प दंश



के शिकार स्वास्थ्य केंद्र पहुंचते है काल के गाल में समा जाते है इसी तरह गर्भवती महिलाएं जो ग्रामीण परिवेश से होती है खासकर दूर दराज के इलाकों से वह दर्द होने पर झाड़ फूक करने वालों के यहां पहुंच जाती है और उक्त लोग जल्दी ठीक होने और नार्मल डिलेवरी का कहकर अस्पताल जाने से रोक देते है और गर्भवती महिलाएं मौत का शिकार हो जाती है अगर उक्त महिलाओं और उनके परिजनों द्वारा जानकारी दी गई तो उक्त लोगों पर मामला दर्ज कराया जाएगा साथ ही ग्रामीणों और महिलाओं को दर्द होने पर और सर्प दंश कर शिकार होने पर सीधे स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर इलाज करवाने की अपील की गई है। जिससे इलाज से स्वास्थ्य होकर अपनी जान से हाथ न धोना पड़े।

## प्रभारी अपर मुख्य सचिव की अध्यक्षता में संभागीय समीक्षा बैठक 16 सितम्बर को

**पन्ना, देशबन्धु।** अपर मुख्य सचिव मध्यप्रदेश शासन एवं प्रभारी अधिकारी सागर संभाग की अध्यक्षता में संभागीय समीक्षा बैठक 16 सितंबर 2025 को दोपहर 12 बजे से कलेक्टर कार्यालय जिला सागर के सभाकक्ष में आयोजित की गई है। कमिश्नर सागर संभाग अनिल सुचारी द्वारा सभी संभागीय अधिकारियों से अपने विभाग से संबंधित संभाग स्तर के विकास कार्यों एवं अन्य योजनाओं की पीपीटी 11 सितम्बर को शाम 4 बजे तक अनिवार्य रूप से कमिश्नर कार्यालय की ई-मेल आईडी पर भेजने के निर्देश दिए गए हैं। कमिश्नर ने निर्देश दिए हैं कि 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर 2025 तक आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत आदि सेवा पर्व की कार्ययोजना लेकर सभी कार्यालय एवं विभाग प्रमुख उपस्थित हों। कमिश्नर ने सागर संभाग के सभी कलेक्टर्स से अपेक्षा की है कि आदि कर्मयोगी अभियान अंतर्गत जिले की समेकित कार्ययोजना लेकर उपस्थित रहें।

## सिमरिया खुर्द में हुआ पौधारोपण कार्यक्रम



**सिलवानी, देशबन्धु।** एक बगिया मां के नाम परियोजना के अंतर्गत गुरुवार को जनपद पंचायत सिलवानी की ग्राम पंचायत सिमरिया खुर्द में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष ठाकुर तरूवर सिंह, जनपद सीईओ नीलम रैकवार, पंचायत सचिव अंकित आचार्य, पंचायत इंस्पेक्टर मुन्ना लाल रघुवंशी सहित अन्य अधिकारी व जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। कार्यक्रम में आम, अमरूद, नींबू सहित विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे गए। इस दौरान एसडीओ सुशील गोयल भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। जनपद अध्यक्ष ठाकुर तरूवर सिंह ने कहा कि लगाए गए पौधे बड़े होकर वृक्ष बनेंगे, जो हमें शुद्ध ऑक्सीजन देंगे। पर्यावरण को हरा-भरा बनाने और आने वाली पीढ़ियों को बेहतर वातावरण देने के लिए पौधारोपण करना बेहद जरूरी है। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष तरूवर सिंह राजपूत भाजपा नेता गोपाल सिंह राजपूत तेज बहादुर राजपूत अनुराग राजपूत जनपद सीईओ नीलम रैकवार अंकित आचार्य दुर्गेश तिवारी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

## सेवा परववाड़ा अभियान के तहत महाविद्यालयों में होंगी विविध गतिविधियां

**पन्ना, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशों के अनुपालन में उच्च शिक्षा विभाग ने 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक संचालित होने वाले सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत समस्त शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों में विभिन्न गतिविधियों के आयोजन के लिए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। जारी आदेश अनुसार सभी महाविद्यालयों में 17 सितम्बर को स्वच्छता रैली तथा शैक्षणिक संस्थानों में स्वच्छता अभियान, 18 सितम्बर को पौधरोपण एवं पर्यावरण जागरूकता के लिए व्याख्यान, 19 सितम्बर को जैविक खेती के संबंध में जागरूकता रैली व किसानों के साथ चर्चा, 20 सितम्बर को सामाजिक कुरूतियों के प्रति जागरूकता व्याख्यान, संवाद और नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन किया जाएगा।

इस क्रम में 21 सितम्बर को राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों द्वारा श्रमदान एवं रैली, 22 सितम्बर को सामाजिक कुरूतियों के प्रति जागरूकता व्याख्यान, संवाद व नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन, 23 सितम्बर को ऊर्जा संरक्षण पर संवाद, 24 सितम्बर को स्थानीय लघु एवं कुटीर उद्योगों के प्रति जागरूकता व्याख्यान, 25 सितम्बर को रक्तदान एवं रक्त परीक्षण शिविर, 26 सितम्बर को रक्त परीक्षण शिविर, 27 सितम्बर को सिकल सेल एनीमिया स्क्रीनिंग शिविर में विद्यार्थियों की सहभागिता, 28 सितम्बर को राष्ट्रीय कैडेट कोर के कैडेट्स द्वारा श्रमदान एवं रैली, 29 सितम्बर को स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग के साथ विद्यार्थियों की सहभागिता, 30 सितम्बर को स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग के साथ विद्यार्थियों की सहभागिता, 1 अक्टूबर को पौधरोपण एवं पर्यावरण जागरूकता के लिए व्याख्यान एवं 2 अक्टूबर को सत्य एवं अहिंसा की शपथ व स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग और उत्पाद पर व्याख्यान एवं जनजागरण रैली का आयोजन किया जाएगा।

लोक अदालत कल आयोजित

# लोक अदालत से पक्षकारों को सुलभ व शीघ्र न्याय प्राप्त होता है : प्रधान जिला न्यायाधीश

**दमोह देशबन्धु।** जिला दमोह एवं तहसील न्यायालय हटा, पथरिया एवं तेंदूखेड़ा में 13 सितंबर 2025 को नेशनल लोक अदालत जागरूकता रथ को प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दमोह सुभाष सोलंकी ने विद्युत व नगरपालिका दमोह के समन्वय से प्रचार-प्रसार वाहन को न्यायालय परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रथ जिले में नेशनल लोक अदालत के लिए आमजनों को जागरूक करेगा। इस अवसर पर प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दमोह सुभाष सोलंकी ने कहा जिले में कुल 04 स्थानों पर लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा हैं जहां पर 24 खंडपीठें काम करेगी। उन्होंने कहा लोक अदालत में लोगों को सस्ता, सुलभ और शीघ्र न्याय दिलाने की मंशा से यह नेशनल लोक अदालत आयोजित की जाती हैं। इसमें तमाम प्रकार के राजीनामा योग्य, चैक बाउंस/चैक अनादरण, मोटर क्लेम, सिविल और अपराधिक प्रकरण जिसमें राजीनामा संभव हैं उनका निराकरण किया जाता हैं, ताकि लोगों में भाईचारा, एकता और दृढ़ता बनी रहे



और उनकी हमेशा के लिए दुश्मनी दोस्ती में बदल जाए। जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दमोह सोलंकी ने अधिवक्ता संघ और न्यायाधीशगण से आग्रह करते हुए कहा आगामी नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों का निराकरण कराया जाये जिससे कि पक्षकारों के बीच विवाद का पारस्परिक सहमति से निराकरण होगा और मुकदमेबाजी व विवाद अंतिम रूप से समाप्त होंगे। ज्ञात हो कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देश पर प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दमोह सुभाष सोलंकी के मार्गदर्शन में जिला दमोह एवं तहसील न्यायालय हटा, पथरिया एवं तेंदूखेड़ा में 13 सितंबर 2025 को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा हैं जिसमें न्यायालय में लंबित राजीनामा योग्य प्रकरणों के साथ ही विद्युत चोरी एवं नगरपालिका के जलकर, सम्पत्ति कर के प्रि-लिटिगेशन प्रकरणों का निराकरण पक्षकारों की आपसी सहमति के आधार पर किया जायेगा। इस दौरान विशेष न्यायाधीश/प्रभारी अधिकारी नेशनल लोक अदालत उदय सिंह मरावी सहित जिला मुख्यालय में पदस्थ समस्त न्यायिक अधिकारीगण, अध्यक्ष जिला अधिवक्ता संघ कमलेश भारद्वाज, उपाध्यक्ष सुरेश कुमार खत्री, मुख्य नगरपालिका अधिकारी, जिला अभियंता, जिला विधिक सहायता अधिकारी, सम्माननीय मीडियाजन एवं न्यालय के कर्मचारीगण मौजूद रहे।

*स्वामी विवेकानंद के शिकागो संदेश की 132वीं वर्षगांठ पर आयोजित युवा संवाद संपन्न*

# युवा संवाद से निकला संदेश, वैश्विक समस्याओं का समाधान सनातन दर्शन के पास




**सागर, देशबन्धु।** युवा संवाद से निकला संदेश, वैश्विक समस्याओं का समाधान सनातन दर्शन के पास है। यह संदेश स्वामी विवेकानंद के शिकागो संदेश की 132 वीं वर्षगांठ पर आयोजित यहां आयोजित युवा संवाद कार्यक्रम में निकलकर आया है। युवा संवाद कार्यक्रम में पधारे युवाओं को समर्थ दादा गुरू, युवा थिंकर्स फोरम के निदेशक आशुतोष सिंह, रानी अवंतीबाई विवि के कुलगुरु विनोद मिश्रा व युवा चिंतक अविराज भूपेन्द्र सिंह ने संबोधित किया। संस्कृति प्रकृति प्रधान है यह जीवंत प्रमाणिकता उस संस्कृति की है, जिसने आज युवा संवाद में वैश्विक चुनौतियां का समाधान और भारत के दृष्टिकोण जैसे विषय को उठाया है। सारी दुनिया के अंदर वैश्विक संकट का कोई समाधान नहीं है। इस संकट काल में भारतीय दर्शन या सनातन दर्शन समाधान लेकर आता है। मैंने देखा कि आज बुंदेलखंड का युवा ऐसे गंभीर विषय पर संवाद कर रहे है। जो अपनी माटी और संस्कृति के निकट है उसके अस्तित्व को कोई चुनौती नहीं दे सकता। यह उद्गार नर्मदा पुत्र समर्थ दादा गुरू ने दिये, दादा गुरू ने कहा कि इस युवा संवाद के वक्ताओं को सुनते युवाओं को भी देख रहे थे। यहां एक चिंतन चल रहा था। यह चिंतन समाज का संदेश हो जाये, एक सार्थकता हो जाये। निश्चित ही इससे जीवन बदलेगा और दुनिया को बदलने की सामर्थ्य भी होगी। ऐसे संवादों से निश्चित ही परिवर्तन आयेगा। हमारा देश जिसे देवधरा भारत कहते है, उसकी तरफ सारी दुनिया देख रही है कि आखिर ऐसी कौन सी शक्तियां है, जो इन भयावह आपदाओं के दौर में भी भयमुक्त जीवन जी रहे हैं, बड़े आनंद के साथ रहते हैं। विनोद मिश्रा ने कहा कि सभी सुख, मन का सुख, बुद्धि का सुख और आत्मा का सुख का अध्यन करके वैश्विक चुनौतियों का समाधान किया जा सकता है। पाश्चात्य दर्शन दूसरे देशों की अर्थव्यवस्था पर कब्जा करना चाहता है। जबकि भारतीय दर्शन विश्व कल्याण की बात करता है आज दुनिया में आतंकवाद, गरीबी, जलवायु, स्वास्थ्य, रोजगार की समस्यायें हैं। ऐसे में वैश्विक समस्याओं के समाधान के लिये हमें मूलभाव के रूप में भारतीय दर्शन, संस्कृति को समझना होगा। युवा संवाद के मुख्य वक्ता आशुतोष ने कहा कि इस्लामिक व पश्चिमी विचार मोनोथिएस्टिक हैं। उनके ईश्वर को जो नहीं मानते उनके अनुसार वे पापी हैं ऐसे में सह अस्तित्व की अवधारणा ही वहां नहीं है। यही आतंकवाद और धर्मांतरण जैसी समस्याओं की जड़ है। भारतीय अवधारणा में हर कोई दिव्य है। यहां सृष्टा और सृष्टि अलग नहीं है। सृष्टा ने ही स्वयं को सृष्टि रूप में प्रकट किया है। इसलिये हम सभी मतों के साथ सहस्तित्व से रह सकते हैं। हम भारतीय हैं यह कहने में उनको कुंठा महसूस होती थी। आज हम भारतीय हैं कहने में गर्व होता है। आज डेमोग्राफिक चेंज सबसे बड़ी चुनौती है। जब हम ही नहीं होंगे तो क्लाइमेट चेंज और अर्थव्यवस्था क्या कर लेगी। विश्व कल्याण का विचार भारत के अलावा विश्व की किसी संस्कृति में नहीं। इसलिये शिकागो में विवेकानंद की बात पर पश्चिम दंग रह गया। इस्लामिक और क्रिश्चियन संस्कृतियों में धर्म परिवर्तन और कब्जा ही विचारधारा है। हमारा दर्शन वेदांत और अद्वैत पर आधारित युद्ध हमारी संस्कृति में सबसे अंतिम विकल्प है। कार्यक्रम के आयोजक युवा चिंतक अविराज भूपेंद्र सिंह ने अपने स्वागत भाषण में कहा कि आतंकवाद, लव जेहाद व मिशनरीज गतिविधियों से धर्म परिवर्तन, टेरिफऔर ट्रेड वार, अवैध ड्रग्स और शराब जैसी समस्यायें हमारे सामने चुनौती के रूप में हैं। लव जेहाद जैसे तरीकों से हुये धर्म परिवर्तन के कारण देश के 200 जिलों की डेमोग्राफी में बदलाव आया है। दीप प्रज्वलन के लिये अतिथि वक्ताओं के साथ पूर्व मंत्री खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह मंच पर आये और शेष पूरे कार्यक्रम में वे श्रोताओं के साथ बैठकर सभी के उद्बोधन सुनते रहे। कार्यक्रम के श्रोताओं में संघ के दायित्ववान स्वयं सेवक सुनील देव, डॉ. गौरीशंकर चौबे, भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम तिवारी, महापौर संगीता तिवारी सहित बड़ी संख्या में जिले का प्रबुद्ध वर्ग, भाजपा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों से आये युवा छात्र-छात्रायें उपस्थित रहे।

## पं. रविशंकर शुक्ल विद्यालय में आयुषी सोनी को विगत सत्र कक्षा 12 वीं में सर्वोच्च अंक अर्जित करने पर स्कूटी प्रदान की



**सागर, देशबन्धु।** गुरुवार को माध्यमिक शिक्षा मंडल की हायर सेकेण्डरी परीक्षा कक्षा 12 वीं में समस्त संकाय को शामिल कर नियमित परीक्षार्थी के रूप में टॉप करने वाली छात्रा आयुषी सोनी को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा प्रदेश में सभी को एक साथ स्कूटी वितरण कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय के प्राचार्य डॉ. महेन्द्र प्रताप तिवारी द्वारा स्कूटी सौंपी गई एवं भोपाल से प्रसारित नि:शुल्क स्कूटी वितरण का सीधा प्रसारण कक्षा 12 वीं में अध्ययनरत छात्राओं एवं शिक्षकों को दिखाया गया। पूर्व में लैपटॉप क्रय हेतु विद्यालय की 161 छात्राओं को 25000/- की दर से कुल राशि चालीस लाख पच्चीस हजार मुख्यमंत्री द्वारा प्रदान की गई है। इस अवसर पर छात्रा के पिता महेन्द्र सोनी उपस्थित थे। वे अपनी पाल्या आयुषी सोनी के साथ पिछले पूरे सत्र में स्कूल लगने के पूर्व एवं छूटने के बाद लेने एवं छोड़ने आते थे एवं छात्रा की पढ़ाई हेतु सजग थे व शिक्षकों के सतत संपर्क में रहे, छात्रा के पिता कृषक हैं, कार्यक्रम की प्रभारी रितु कटारे थी। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. तिवारी ने छात्रा की इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की एवं कहा कि भविष्य में भी हमारी छात्रायें विद्यालय और परिवार का नाम रोशन करेंगी। छात्रा आयुषी सोनी ने इस उपलब्धि का श्रेय विद्यालय के प्राचार्य डॉ. तिवारी द्वारा समय-समय पर दिये गये मार्गदर्शन एवं विषय शिक्षकों, विद्यालय परिवार तथा अपने माता-पिता को दिया। इस अवसर पर छात्राओं सहित विद्यालय का समस्त स्टॉफ उपस्थित रहा।

## वन विभाग बांदरी ने 110 हेक्टेयर भूमि से हटाया अतिक्रमण

**बांदरी, देशबन्धु।** वन विभाग बांदरी ने 110 हेक्टेयर वन भूमि से अतिक्रमण हटाया गया। रेंजर लखन सिंह ठाकुर ने बताया कि मुख्य वन संरक्षक, वनमण्डलाधिकारी उत्तर वनमण्डल, उपवनमण्डल अधिकारी उत्तर सागर के मार्गदर्शन में लगातार अतिक्रमण बेदखली की मुहित चलाकर अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की जा रही है। इसी के चलते परिक्षेत्र बांदरी की वीट चन्द्रापुर के कक्ष क्र. आरएफ 256 सें 30 हेक्ट. भूमि से बारगा हटाकर मवेशियो द्वारा चरवाकर वन भूमि अतिक्रमण से मुक्त की गई। वही दूसरी वीट सागोनी के कक्ष क्र. पीएफ 167 में 35 हेक्ट, पीएफ170 में 25 हेक्ट. भूमि एवं पीएफ 171 से 30 हेक्ट. भूमि से अतिक्रमण हटाकर वन भूमि अतिक्रमण मुक्त की गई और यह मुहिम जारी रहेगी। कार्यवाही में रेंजर लखन सिंह ठाकुर, वनपाल राहुल यादव, अनिरूद्ध तिवारी, सुरेन्द्र सिंह, अतुल तिवारी, नंदलाल यादव, राहुल कुशवाहा, हल्ले प्रसाद यादव सहित वन स्टाफ, वन सुरक्षा श्रमिक एवं समिति सदस्य मौजूद रहे।

## नेशनल लोक अदालत में बकाया संपत्तिकर और जलकर के अधिभार में दी जायेगी छूट

**सागर, देशबन्धु।** कल 13 सितंबर शनिवार को आयोजित की जा रही नेशनल लोक अदालत में नगर निगम के बकाया संपत्तिकर और जलकर, उपभोक्ता प्रभार के करों के अधिभार सरचार्ज में मात्र एक दिन विशेष छूट प्रदान की जा रही है। संपत्ति कर एवं जलकर के बकायादार उपभोक्ता अपने करों की राशि नगर निगम कार्यालय में जमा कर सकते हैं। निगमायुक्त राजकुमार खत्री ने राजस्व अधिकारी बृजेश तिवारी को निर्देश दिये कि संपत्तिकर एवं जलकर की बकाया राशि जमा करने वाले उपभोक्ताओं को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो इसके लिये सभी आवश्यक तैयारियां करें तथा सभी काउंटर्स खोले जायें। संपत्ति कर के ऐसे प्रकरण जिनमे कर तथा अधिभार की राशि रुपये पचास हजार तक बकाया है पर अधिभार में 100 प्रतिशत, जिनमे कर तथा अधिभार की राशि रुपये पचास हजार से अधिक तथा एक लाख तक बकाया है पर अधिभार में 50 प्रतिशत, जिनमें कर तथा अधिभार की राशि रुपये एक लाख से अधिक बकाया है, पर अधिभार में 25 प्रतिशत तक की छूट दी जायेगी। जलकर एवं उपभोक्ता प्रभार के ऐसे प्रकरण जिनमें कर, उपभोक्ता प्रभार तथा अधिभार की राशि दस हजार तक बकाया है पर अधिभार में 100 प्रतिशत, दस हजार से अधिक तथा पचास हजार तक बकाया है पर 75 प्रतिशत तक की छूट, पचास हजार से अधिक बकाया है, पर अधिभार में 50 प्रतिशत की छूट दी जा रही है और यह छूट मात्र एक दिन ही दी जायेगी।

## खाद के लिये किसानो का रात्रि जागरण



**मालथौन, देशबन्धु।** मप्र में खाद को लेकर किसान परेशान है खाद के लिये किसानों को रात्रि जागरण करना पड़ रहा हैं। प्रदेश के सागर जिले के मालथौन में डीएपी खाद लेने के लिये गुरुवार शाम से किसान लाइन में लग गये। जबकि शुक्रवार की सुबह से खाद वितरण होना है। जानकारी के अनुसार डबल लॉक मालथौन में 60 टन खाद आवंटित हुआ है शुक्रवार को डीएपी खाद वितरण होने की खबर से किसानों ने गुरुवार शाम से पुराने कृषि उपज मंडी स्थित गोदाम के आगे डेरा जमा लिया। अंधेरे में किसान ने दरी बिछा कर लाइन लग गये। जहां पर करीब एक सैकड़ा से ज्यादा किसान रात्रि 9.30 बजे तक कतार में लगे हुये थे खबर लिखे जाने तक। किसान नीलेश ने बताया कि खाद के लिये शाम से किसान डबल लॉक के बाहर जमा हो गये हैं।

## संभाग कमिश्नर ने जैसीनगर विकासखंड का किया औचक निरीक्षण



**सागर, देशबन्धु।** संभाग कमिश्नर अनिल सुचारी गुरुवार को अचानक जैसीनगर विकासखंड पहुंचे जहां उन्होंने सर्वप्रथम सांदीपनि विद्यालय के निर्माण अधिनियम भवन का निरीक्षण किया। जहां उन्होंने भवन निर्माण में लगी कोटा स्टोन को देखकर अप्रसन्नता व्यक्त की एवं निर्देश दिये की तत्काल कोटा स्टोन को बदलकर दूसरा लगाया जावे और इसे शीघ्रता से पूर्ण किया जाये, जिससे कि छात्र-छात्राओं को इसका लाभ प्राप्त हो सके। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों से भी भवन का अवलोकन करायें जिससे कि उनके अनुसार भी कुछ उसमें सुधार हो सके। भवन के बालक एवं बालिकाओं के शौचालय शीघ्रता से चालू करें। शौचालय में सभी जगह पानी की व्यवस्था सुनिश्चित की जावे। संपूर्ण भवन में पेयजल व्यवस्था हेतु ऑरो सिस्टम लगे जिससे की शुद्ध शीतल पेयजल विद्यार्थियों को उपलब्ध हो सके। कमिश्नर ने साइबर तहसील के निरीक्षण के दौरान नामांतरण की पेंडिंग प्रकरणों के संबंध में जानकारी ली और निर्देश दिये की सभी पेंडिंग प्रकरणों का निराकरण तत्काल किया जावे एवं जानकारी पोर्टल पर अपलोड करें। एसडीम कार्यालय का भी निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान उन्होंने न्यायालय में लंबित प्रकरणों के संबंध में जानकारी ली एवं निर्देश दिये की सभी प्रकरण की सुनवाई करे। जिससे सभी प्रकरणों का समय सीमा में निराकरण हो सके। कमिश्नर अनुसूचित जाति, जनजाति छात्रावास पहुंचे जहां उन्होंने विद्यार्थियों के लिये भोजन व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था, शौचालय की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को स्वादिष्ट गुणवत्तापूर्ण भोजन मिले इसकी प्रतिदिन मॉनिटरिंग की जावे। छात्रावास में मच्छर रोधी दावों का छिड़काव करें एवं विद्यार्थियों के लिये मच्छरदानी वितरण की जावे। उन्होंने छात्रावास की रंगाई पुताई एवं स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि छात्रावास परिसर एवं शौचालय की प्रतिदिन सफाई की जावे। इस अवसर पर एसडीएम रोहित वर्मा, तहसीलदार हरीश लालवानी सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।


